आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 35, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार



हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

### एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

**मुंबई।** टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।

# अहमदाबाद में विमान क्रैश

## 200से ज्यादा मौतें

### विमान में सवार थे 12 क्रू मेंबर सहित कुल 242 लोग जिसमें 169 भारतीय | अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 | टेकऑफ करने के कुछ देर बाद ही डॉक्टरों के आवासीय परिसर से टकराया विमान

**अहमदाबाद, एजेंसी**

लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में 200 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है।

विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट मेघाणी नगर में शहर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी को मेडे (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला। मृतकों और घायलों का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के तुरंत बाद तेजी से नीचे आया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक बहुमंजिला इमारत बुरी तरह प्रभावित हो गई।

डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। दोनों काफी अनुभवी थे। कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर गिर गया। लंदन के गैटविक जा रही उड़ान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। विमानन सूत्रों ने बताया कि विमान जमीन पर गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट ऊपर चढ़ा था। अहमदाबाद में गुरुवार को हुई विमान दुर्घटना इस शहर में दूसरी हवाई दुर्घटना है। 19 अक्टूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का एक विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 130 लोग मारे गए थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य

### अपार्टमेंट से निकाले छह डॉक्टरों के शव

प्रत्यक्षदर्शी हरेश शाह ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर से टकरा गया। वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जो चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर हैं। उन अपार्टमेंट में रहने वाले कई लोग घायल हुए हैं जबकि छह चिकित्सकों के शव निकाले गए हैं, विमान के साथ इमारतों में भी आग लग गई। परिसर में मौजूद कई वाहन भी आग की चपेट में आ गए।



उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।



अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप एक आवासीय भवन पर गिरा विमान का मलबा।

**787**
बोइंग ड्रीमलाइनर विमान

**1.39**
बजे दोपहर में भरी थी उड़ान

**600**
फीट की ऊंचाई से गिरा

### दुर्घटना की कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालाक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### 600 फीट की ऊंचाई से गिरकर जीवित बचा, पहुंचा अस्पताल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित 242 यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जिंदा बचे शख्स का नाम रमेश विश्वास कुमार बताया जा रहा है।

## प्लेन क्रैश में रामनगरी का मेडिकल छात्र भी घायल

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** गुजरात के प्लेन क्रैश में अयोध्या का मेडिकल छात्र भी घायल हो गया। अक्षत जायसवाल को गंभीर चोटें आई हैं। यह दुखद घटना उस समय हुई, जब अक्षत बीजे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र के रूप में अपने सहपाठियों के साथ मेस में दोपहर का भोजन कर रहे थे। अचानक एक भयावह हादसे में विमान मेस की दीवार को तोड़ता हुआ भीतर घुस गया, जिससे वहां मौजूद कई लोग घायल हो गए। अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्ता ने बताया कि उनका साला अक्षत के हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। अयोध्या के देवकाली भीखपुर निवासी राजेश जायसवाल के इकलौते पुत्र अक्षत के घायल होने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही उनके पिता राजेश जायसवाल और अन्य परिजन तुरंत अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। स्थानीय समुदाय और अक्षत के सहपाठियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है, और लोग इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।.



### बठिंडा विवि में मिला इंफ्लुएंसर का शव

**चंडीगढ़।** पंजाब बठिंडा जिले में आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में एक कार में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी का शव मिला है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कंचन नौ जून से लापता थीं। जिस कार में उनका शव मिला है, वह कार उनकी ही है।

कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के इंस्टाग्राम पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी टीवी नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसके 2.36 लाख 'सब्सक्राइबर' हैं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक 'प्रमोशन इवेंट' के लिए जा रही हैं। भुच्चो उपनगर के स्थानीय निवासियों ने पुलिस को आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने की सूचना दी।

## योगी के हाथों सम्मानित होकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की कोशिशें प्रतिभाओं को निखरने का दे रही हैं मौका

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लोक भवन सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिले, इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

अभिभावकों ने कहा कि योगी का विजन मिशन मोड में उत्तर प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की युवा मेधा और प्रतिभा का सम्मान जिस प्रकार योगी ने सुनिश्चित किया वह पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर सकीं। यही कारण है कि युवाओं के मन में एक निराशा घर कर गई थी जिसे योगी सरकार के प्रयासों ने आशा की किरण देकर निखरने का मौका दिया है। आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा को 99.4 प्रतिशत से उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने सम्मानित होने को गौरवान्वित होने वाला क्षण बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं। वत्सल की मां ने योगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं किए जाते थे, जैसा योगी सरकार में किया जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता उधार के लिए सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। सहारनपुर की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। कहा कि एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।



लोकभवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

- अभिभावकों ने भी सराहा, कहा पहले की अपेक्षा युवा शक्ति को ज्यादा प्रोत्साहन

## एक नजर

### जगद्गुरु स्वामी शांडिल्य महराज के आश्रम में हुई शोक सभा

**प्रयागराज ।** गुजरात में एयर इंडिया विमान क्रैश में मृतक आत्माओं को श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज आश्रम में गुरुवार देर शाम शांति पाठ किया गया। श्रीमद् जगदगुरु रामानुजाचार्य नारायणाचार्य शांडिल्य जी महाराज श्रृंगवेरपुर धाम ने ईश्वर से प्रार्थना किया है कि मृत आत्माओं को नारायण अपने चरणों में स्थान दें और उनके परिवारों को दु:ख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही दु:खद है, यह पूरे भारतवर्ष के लिए दु:खद घटना भी है हम सब लोग इस घटना से द्रवित है। जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य महराज ने कहा कि इस तरह की हृदय विदारक घटनाओं से देश के लोग दु:खी है।

# प्रदेश भर में जारी रहा बिजली संकट

## बिजली की मांग और बढ़ी, अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति : अध्यक्ष

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कहर के बीच प्रदेश में बिजली की मांग और बढ़ गई है। अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज की गई। बिजली की मांग के शीघ्र 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार बन गए हैं। इस बीच, स्थानीय खराबी के कारण राजधानी समेत प्रदेश भर में बिजली संकट जारी रहा। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये कड़े निर्देश दिये।

शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और बिजली बाधित होने की जानकारी संचार माध्यमों से साझा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक फोन जरूर 'रिसीव' करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाये। वरिष्ठ अधिकारी बिजली बाधित होने पर मौके पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए प्रयास तेज किये जाएं। उपभोक्ता सेवा 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी और लू के इस मौसम में सामान्य 'शटडाउन' न लिए जाएं। बिजली कटौती न की जाए। कहीं भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने, तार गिरने व ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पारेषण व वितरण के अधिकारी परस्पर सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, जिससे पारेषण के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाये।

### कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मॉनसून 15 जून तक दस्तक दे सकता है, लेकिन इससे पहले इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। हर दिन तापमान नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अगले 2-3 दिन काफी कठिन हो सकते हैं। यहां तेज गर्मी और लू चलने की पूरी संभावना है। तापमान और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उप्र. में शुक्रवार से मौसम में बदलाव हो सकता है। पूर्वी यूपी के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग का यह भी कहना है कि फिलहाल मॉनसून बंगाल और महाराष्ट्र में है, लेकिन 15 जून तक उत्तर प्रदेश में भी दस्तक देगा, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिन जिलों में लू की चेतावनी दी है, उनमें जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, औरैया, झांसी, मथुरा, ललितपुर और अलीगढ़ जिले शामिल हैं।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से

**अमृव विचार, लखनऊ:** कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से शुरू होगी। पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी। यात्रियों को नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में साहित्य उपलब्ध करायी गई है।

### गड्ढे में पलटी बारातियों की कार, दूल्हे के भाई सहित दो की मौत

**प्रयागराज, अमृत विचार ।** मेजा के जेवनियां गांव से बुधवार रात बारात कोरांव गई थी। बारात लगने के बाद डीजे पर डांस के दौरान बारातियों की घराती पक्ष के कुछ लोगों से मारपीट हो गई। मारपीट में वर पक्ष के घायल एक युवक का इलाज कराने कार से दूल्हे का भाई व अन्य लोग मेजारोड स्थित अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में दूल्हे के भाई गोपाल विश्वकर्मा निवासी जेवनियां और उसके साथी कौशलेश निवासी कनिगड़ा की मौत हो गई। वहीं दो घायल अंजनी विश्वकर्मा और अर्पित को आननफानन अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# हाईस्कूल और इंटर के मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, प्रयागराज



## उत्साहवर्धन

- विधायक, डीएम, सीडीओ डीआईओएस हुए शामिल
- मेधावियों को चेक और टैबलेट वितरित किए गए

**अमृत विचार ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को मुख्यमंत्री विद्यालयी व खेल पुरस्कार 2025 का आयोजन किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड के मेधावियों को लोकभवन में सम्मानित किया और उन्हें संबोधित कर उनका मार्ग दर्शन किया। इस मौके पर सीएम योगी ने 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।

प्रदेश के हर जिले में जिला स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रयागराज के सर्किट हाउस सभागार में इंटरमीडिएट और हाई स्कूल के 15-15 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, सर्टिफिकेट और चेक देकर सम्मानित किया गया। कुछ मेधावियों को टैबलेट भी दिए गए। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी इस मौके पर सम्मानित किया गया। योगी सरकार के निर्देश पर आयोजित किए गए सम्मान समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की गई। जिला स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि फाफामऊ से बीजेपी विधायक गुरु प्रसाद मौर्य और बीजेपी एमएलसी डा के पी श्रीवास्तव मौजूद रहे। सम्मान समारोह में डीएम प्रयागराज रविंद्र कुमार मांदड़, सीडीओ हर्षिता सिंह और डीआईओएस पीएन सिंह भी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी से लोग हलकान, पारा 43.8 पार

- डीएम ने जारी किया हीट वेब से बचाव की एडवाइजरी

**प्रयागराज, अमृत विचार ।** पूरे उत्तर भारत के साथ ही संगम नगरी प्रयागराज में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। जून के महीने में आसमान से आफत बरस रही है। यूपी के 18 जिले भट्टी की तरह तप रहे हैं। बुधवार को आगरा 45.4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। तो वहीं दूसरे नंबर पर उरई 45.2, तीसरे नंबर पर बांदा 44.8, चौथे नंबर पर झांसी 44.7 डिग्री सेल्सियस के साथ रहा, जबकि पांचवें नंबर पर प्रयागराज का तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि कुछ जिलों में यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 13 जून तक बारिश की संभावना नहीं है। हीट वेब को देखते हुए अस्पतालों में भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

प्रयागराज जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते लोग बेहाल उठे हैं। पंखे और कूलर ने भी काम करना बंद कर दिया है। इसके अलावा बिजली की आंख मिचौली भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। जो लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं, वह पूरा एहतियात बरत रहे हैं। महिलाएं अपने शरीर को ढंककर गॉगल्स और सनस्क्रीन लगाकर घरों से बाहर निकल रही है। गर्मी के चलते घरों से बाहर निकल रहे लोग लगातार शीतल पेय, गन्ने का जूस, बेल का शरबत, शिकंजी और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। चिकित्सकों ने भी लोगों को डिहाइड्रेशन से बचने की सलाह दी है।

### सीएम विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित हुई जीजीआईसी की छात्रा

**प्रयागराज ।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस, प्रयागराज की कक्षा 10 की छात्रा और क्रिकेट खिलाड़ी रानी यादव को सर्किट हाउस, प्रयागराज में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम में "मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी डॉ केपी श्रीवास्तव थे जबकि जिलाधिकारी एवं सीडीओ प्रयागराज, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज की उपस्थिति में रानी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि श्री प्रकाश पुत्र रामनरेश का आधार कार्ड बना हुआ है आधार कार्ड नंबर 219049 4345 97 है। वहीं इसी आधार नंबर पर विजय कुमार पुत्र रामनरेश के नाम से दूसरा आधार भी बना हुआ है। दोनों नाम के गांव में एक ही व्यक्ति हैं और आधार नंबर भी एक है। अब श्री प्रकाश के नाम से जाना जाए। **श्री प्रकाश उर्फ विजय कुमार पुत्र रामनरेश, निवासी– ग्राम परसा अगैया पोस्ट हाड़ा बसेहरी तहसील नानपारा बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम MO SHARUKH से बदल कर MOHD SHARUKH रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- AZAD ALI R/O-PURE RAMDEV NARHARPUR POST KOHDAUR, PRATAPGARH

**सूचना**

मैं **जेबा नाहिद अब्बासी पत्नी स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी निवासी ग्राम बाबूपुर पो0 बाबूपुर तह0 व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर** की हूँ। मेरे पुत्र जैनुद्दीन अब्बासी पुत्र स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी व बहू फिरदौस जहाँ पत्नी जैनुद्दीन व बहू शाहीन पत्नी जैनुद्दीन निवासीगण बाबपुर पो0 बाबूपुर तहसील व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर के क्रिया कलापों व चाल–चलन ठीक न होने के कारण इन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन–देन के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**

मैं **सत्यवती पत्नी स्व0 शत्रोहन लाल वर्मा निवासी म0 न0 बी0पी0एल0 2272 जसवन्तनगर, ककरहिया थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।** एक वृद्ध महिला है जो चलने फिरने में असमर्थ है उसका पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि उसको खाना पीना नहीं देता और आये दिन शराब पीकर आता है और भद्दी–भद्दी गालियां देते हैं और मारते पीटते हैं और कहते हैं कि उक्त मकान हमारे नाम कर दो नहीं तो तुम्हे जान से मार देगें। अतः मैं अपने पूरे होशोहवास में अपनी चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि वर्मा को बेदखल करती हूँ अगर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना मेरे साथ घटित होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि की होगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **उमा देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद ग्राम पो. मटका थाना एवं तहसील सलोन जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरे तीन पुत्र अजय कुमार, अजीत कुमार वैश्य व मंजीत कुमार हैं। मेरे दूसरे नंबर के पुत्र अजीत कुमार वैश्य और उनकी पत्नी रिया अग्रहरि का कार्य एवं व्यवहार अच्छा नहीं है। उनके गलत आचरण और परिजनों से आए दिन दुर्व्यवहार करने से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डिवली वि0ख0 बभनजोत जनपद गोण्डा के अन्तर्गत प्रस्तावित मस्त मत्स्य जीवी सहकारी समिति डिवलीडीह, ग्राम डिवलीडीह बभनजोत, गोण्डा की द्वितीय बैठक –17–06–25 को कराया जाना है। बैठक ग्राम के रहने वाले भग्गू के घर पर सायं –1 बजे कराया जाना तय पाया गया है। **मुख्य – प्रवर्तक मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड डिवलीडीह, बभनजोत गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रजनीश कुमार पुत्र स्व. हरिश्चंद्र ग्राम पूरे त्रिवेदी पो. राजा फत्तेपुर जिला अमेठी** का निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरी पालिसी संख्या 218440315 है, जिसमें मेरा नाम राजेश कुमार लिखा है। मेरे आधार कार्ड और बैंक खाता में रजनीश कुमार अंकित है। राजेश कुमार और रजनीश कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं।






पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नयागंज प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# शिक्षा और खेल में होनहारों ने बढ़ाया मान : शर्मा

## मेधावी सम्मान समारोह में 12 छात्र-छात्राएं सम्मानित, संजू को राष्ट्रीय खेल उपलब्धि पर विशेष सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



मेधावियों के साथ राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह में हाईस्कूल के दो और इंटरमीडिएट के 10 मेधावियों को सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने प्रत्येक छात्र को टैबलेट, मेडल, प्रमाणपत्र और 21 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2024-25 में कांस्य पदक विजेता संजू कुमारी को विशेष सम्मान दिया गया। उन्हें 30 हजार का चेक, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत और जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया। राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जनपद के छात्र न केवल बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भी जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। छात्र-छात्राओं ने अपने शैक्षिक अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पुस्तकालयाध्यक्ष, समाजसेवी, अभिभावक उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा बनाई गई 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होल्कर' पर आधारित रंगोली ने ध्यान आकर्षित किया। संचालन आशीष पाठक ने किया।

### इन मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

राज्य स्तर पर टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त करने छात्रों में हाईस्कूल के छात्र अभिषेक यादव, छात्रा असना फातिमा जैदी, गदीर फातिमा, सारिका पांडेय, शुभी वर्मा, वर्तिका वर्मा, कलश वर्मा और समृद्धि मालिक सहित इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका तिवारी को मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया। वहीं जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल के छात्र रेयांश वर्मा और अभिजीत सिंह सहित इंटरमीडिएट की स्वर्णिमा वर्मा, मनीष गुप्ता, विवेक सिंह, अनुष्का पटेल, अंजलि तिवारी, अवि सिंह, आकृति मिश्रा, अर्तिका वर्मा, सौम्या वर्मा और शैली को राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। असंद्रा के ग्राम सुसवाई निवासी हरजेश बाइक से दो महिलाओं के साथ घर जा रहे थे। राजपुर गांव के पास पीछे से आ रही एक वैगनआर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों महिलाएं और हरजेश घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बनीकोडर भेजा गया। वहीं वैगनआर कार असंतुलित होकर सड़क किनारे खंती में गिर गई। उसमें सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र सुबेहा के पलिया नगर पंचायत अंतर्गत पूरे गुरुसहाय वार्ड की सिरजाना देवी ने अपने 18 वर्षीय पुत्र राजू के रहस्यमय ढंग से लापता हो जाने की सूचना थाना सुबेहा में दी है। सिरजाना देवी का पुत्र राजू पुत्र शिवलाल गत 4 जून को शाम 4 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह पैसा निकालने जा रहा है। परिजनों के पूछने पर उसने बताया कि वह किसी दुकान से पैसा निकाल लेगा, लेकिन इसके बाद से वह घर नहीं लौटा।

### चोरी के मोबाइल फोन के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना हैदरगढ़ पुलिस ने गुरुवार को बीएनएस में वांछित शिवम कश्यप को नैपुरा पुल के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन व दो सौ रुपये की नकदी बरामद हुई। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### सीओ ने किया कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने गुरुवार को तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र स्थित कोतवाली बदोसरांय का वार्षिक निरीक्षण किया। सीओ ने सर्वप्रथम कोतवाली में रखे असलहों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से हथियार पकड़वाकर उनकी स्थिति की जांच की। इसके बाद मालखाने में जाकर वहां मौजूद असलहों के स्टॉक का मिलान किया। कार्यालय पहुंचकर उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेजों, रजिस्टरों और पंजिकाओं की जांच की।

## बाराबंकीवासी बंदी की लखनऊ में मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कमरूद्दीन (50) पुत्र इस्लाम अंसारी निवासी थाना कोतवाली नगर को रेलवे एक्ट के अंतर्गत 14 मई को जिला जेल लखनऊ में निरुद्ध किया गया था। कारागार प्रशासन के अनुसार बंदी उच्च रक्तचाप सहित अन्य समस्याओं से पीड़ित था। 5 जून को उसे बलरामपुर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, केजीएमयू भेजे गए बंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कारागार प्रशासन ने बताया कि उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया है और न ही कोई परिजन शव प्राप्त करने आया है, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में बाधा आ रही। जिला प्रशासन ने अपील की है कि बंदी से संबंधित कोई भी जिला कारागार लखनऊ से संपर्क कर सकता है।

# गुणवत्तापूर्ण काम करें कार्यदायी संस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन और जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के. समेत सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षा मानकों के अनुरूप होने चाहिए।

प्रोजेक्ट अलंकार और उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन की धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को जिले की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। इनमें बनीकोडर व सिरौलीगौसपुर की आईटीआई, रामसनेहीघाट का कल्याण मंडप, राजकीय पॉलिटेक्निक का छात्रावास, सतरिख की राजकीय पौधशाला और अन्य प्रमुख निर्माण कार्य शामिल हैं। सभी परियोजनाओं के मासिक निरीक्षण और भौतिक सत्यापन के लिए नामित अधिकारियों को समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।





बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

### सीएम डैशबोर्ड में खराब प्रदर्शन पर डीएम सख्त

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में डीएम शशांक त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कमजोर प्रदर्शन वाले विभागों की समीक्षा की। फैमिली आईडी, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, मध्यान भोजन, एनआरएलएम, सेतु निर्माण, मनरेगा और दिव्यांग पेंशन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं मिली। डीएम ने फैमिली आईडी योजना में धीमी प्रगति पर दैनिक मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन विभागों की रैंकिंग 'ए' से नीचे है, उनके अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा।

# मंदिर में शादी फिर युवती से गैंगरेप

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बहाने से युवती को ले जाकर पहले मंदिर में शादी रचाई गई फिर दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पूर्व में भी कुकृत्य कर चुके हैं। फिलहाल युवती परिजनों के पास है और पिता की तहरीर पर दो युवकों को नामजद किया गया है। आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति के अनुसार गत 5 जून की शाम उसकी पुत्री को अशोक रावत पुत्र मूडू निवासी ग्राम अहिरगांव थाना सुबेहा ने गांव के बाहर स्थित सरकारी स्कूल के पास बुलाया था। वहां पहले से मौजूद उसका साथी आकाश कश्यप पुत्र राजू निवासी थाना इन्हौना जिला अमेठी भी मौजूद था। दोनों युवक युवती को मोटरसाइकिल से बहला-फुसलाकर ले गए और कोतवाली क्षेत्र के पास नहर पर उतारकर थोड़ी देर बाद पूड़ी खिलाई फिर तीनों लखनऊ चले गए। लखनऊ पहुंचने के बाद एक मंदिर में अशोक ने जबरदस्ती युवती से शादी की। युवती के अनुसार उसे मंदिर का सही स्थान और मोहल्ला ज्ञात नहीं है, लेकिन वह मंदिर को पहचान सकती है। शादी के बाद आरोपी दोनों युवक उसे एक कमरे में ले गए जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के अनुसार, यह पहली बार नहीं था। पहले भी दोनों युवक उसके साथ दुष्कर्म कर चुके हैं। घटना के बाद लड़की की लोकेशन 6 जून को जिला रायबरेली में मिली। पिता ने वहां जाकर अपनी बेटी को सकुशल सुपुर्दगी में लिया। पिता की तहरीर पर कोतवाली हैदरगढ़ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मुंहबोली बहन की साजिश पर लूटे गए थे रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिस घटना को पुलिस ने लूट न मानकर तमाम सवाल खड़े कर दिए थे, उसी घटना का खुलासा सतरिख पुलिस ने किया और लूट का शिकार हुए पीड़ित की मुंहबोली बहन व उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। बहन ने ही लूट की साजिश रची थी। टीम ने घटना में प्रयोग की गई बाइक, तमंचा व लूट के 3.30 लाख रुपये बरामद कर लिए।

प्रदीप कुमार अवस्थी निवासी मोहल्ला सहजादपुर, अमेठी, लखनऊ ने सतरिख पुलिस को सूचना दी कि 7 जून को अपनी मुंहबोली बहन संजना के घर से अपनी जमीन बेचकर रखे गए 3.5 लाख रुपये बैंक में जमा करने जा रहा था कि सिद्धबाबा चौराहे के पास बाइक सवार व्यक्तियों ने रुपये छीन लिए। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। स्वाट, सर्विलांस व सतरिख पुलिस ने लूट से संबंधित कल्याण सिंह व संजना को शेखपुर लखैचा रोड से गिरफ्तार किया।

# हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** न्यायालय ने सात साल पूर्व हत्या की एक घटना में दोषसिद्ध दो अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

थाना बड्डूपुर पर हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे से संबंधित दयाराम गौतम निवासी रामनगर बकसोलिया थाना घुंघटेर व अमित गौतम निवासी नौरंगाबाद थाना फतेहपुर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-एक द्वारा दोषसिद्ध करार दिया गया। कोर्ट ने दोनों को आजीवन कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। 20 जनवरी 2018 को थाना बड्डूपुर पर वादी बुद्धा निवासी राजापुर नमोलिया थाना घुंघटेर ने दो लोगों के विरुद्ध स्वयं के बेटे की हत्या कर देने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।

सूचना के आधार पर थाना बड्डूपुर पर हत्या की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक विजय कुमार सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर कठोर कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के प्रकरण में एक अभियुक्त को 7 वर्ष कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

थाना जैदपुर पर पंजीकृत इस प्रकरण के अभियुक्त अवधेश कुमार को न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-8 द्वारा 7 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 9 मार्च 2013 को थाना जैदपुर पर वादी विजय कुमार निवासी केपलापुर थाना सफदरगंज ने अवधेश कुमार के विरुद्ध पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए उकसाने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी।

# विकास के नये कीर्तिमान गढ़ रही सरकार

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ग्राम सतरही स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने संयुक्त रूप से शिलापट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधान राजन सिंह द्वारा किया गया। संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया। विधायक दिनेश रावत ने कहा कि योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व विकास को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार निरंतर ग्रामीण विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने आंगनबाड़ी केंद्र को प्राथमिक शिक्षा की नींव बताया। ग्राम प्रधान ने सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने की अपील की। इस दौरान बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, कई प्रधान, आंगनबाड़ी विभाग के अधिकारी, कार्यकत्रियां व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पिछले 15 वर्षों से बिना भवन के आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने वाली कार्यकत्री साफिया बानो के बारे में प्रधान द्वारा मंच से जानकारी साझा करने पर विधायक ने बुके देकर सम्मानित किया।





आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मौजूद विधायक व अन्य लोग।

कार्यक्रम | विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि मंत्री ने किसानों से किया संवाद

# योजनाओं का लाभ उठायें किसान : शाही

संवाददाता, रामसनेहीघाट बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के जरिए किसानों से संवाद जारी है। गुरुवार को ब्लॉक बनीकोडर के ग्राम भावनियापुर खेवली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने किसानों से संवाद किया।

उन्होंने नवीन कृषि तकनीकों, केंद्र-राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की नई तकनीक से अवगत कराना है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने ड्रिप सिंचाई, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, खेत तालाब निर्माण, ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर सिस्टम, आई.पी.एम. पद्धति, मल्चिंग एवं पॉलीहाउस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान देने की जानकारी दी गयी।

कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि किसान इन योजनाओं का लाभ लेकर अपनी खेती को लाभकारी एवं उन्नत बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व उपस्थित किसानों को आधुनिक व तकनीकी खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख चंद्र शेखर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पवन सिंह रिंकू, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और बीडीसी व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के समापन के बाद विमान हादसे के शिकार लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के लिए सभी ने मौन धारण किया।



कार्यक्रम में मौजूद कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही व राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

# हत्या के आरोप पर टीम ने तलाशी युवक की कब्र

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक माह पहले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। युवक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की। इस पर कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के निर्देश दिए गए हालांकि कब्र की पहचान न होने से कार्रवाई टल गई।

पुलिस के अनुसार, नगर पंचायत देवा के मोहल्ला हुज्जाजी पश्चिमी 2 निवासी निशात फातिमा का विवाह पड़ोस में रहने वाले रियाज उर्फ मुग़ल-ए-आजम (45) पुत्र नियाज वारिस से 3 फरवरी को हुआ था। विवाह के कुछ महीनों बाद रियाज की अचानक मौत हो गई। पत्नी निशात का आरोप है कि उसके पति की हत्या की गई है। निशात ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी, जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए। गुरुवार को एसडीएम नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी, राजस्व विभाग व पुलिस बल के साथ कब्रिस्तान पहुंचे और निशात को साथ लेकर रियाज की कब्र की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद लोगों में से कोई भी रियाज की कब्र की सटीक पहचान नहीं कर सका।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व



गुरुद्वारा लाजपत नगर में कीर्तन करता हुजूरी रागी भाई का जत्था।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुद्वारा लाजपत नगर में सिख धर्म के छठे गुरु, मीरी पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व मनाया गया। समारोह की शुरुआत एक सप्ताह पहले श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ से हुई। गुरुवार को पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान का आयोजन किया गया। इस दौरान हुजूरी रागी भाई तीरथ सिंह के जत्थे ने कीर्तन प्रस्तुत किया। नानकसर सिंगरा से आए संत बाबा मंजीत सिंह ने भी कीर्तन किया। कार्यक्रम में आनंद साहिब जी के पाठ के बाद गुरु का लंगर वितरित किया गया। सभी धर्मों के लोगों ने एक पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य, गुरुशरण लोधी और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरदार चरनजीत सिंह, नवीन सिंह, सरदार रवीन्द्रपाल सिंह, सरदार परमजीत सिंह और सरदार सतनाम सिंह खालसा सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। महिला श्रद्धालुओं में सुमित्रा कौर, कवलजीत कौर, रंजीत कौर और परमजीत कौर प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### पूरेडलई ब्लॉक को मिला डेढ़ करोड़ का पुरस्कार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आकांक्षी ब्लॉक पूरेडलई को नीति आयोग ने डेढ़ करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। नीति आयोग ने देश के 500 आकांक्षात्मक विकास खंडों में से पूरेडलई को स्वास्थ्य, शिक्षा और सुशासन के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन के लिए चुना है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने इस पुरस्कार को सभी के प्रयासों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पूरेडलई ब्लॉक ने स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति की है। पिछले वर्ष ब्लॉक में सभी टीबी मरीजों का सफल उपचार किया गया। मातृ और शिशु स्वास्थ्य में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में पूरेडलई ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सभी प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात आदर्श स्तर पर पहुंच गया है। यह सफलता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आशा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। डीएम ने कहा कि जिले में निंदूरा और पूरेडलई दो आकांक्षात्मक ब्लॉक हैं। पूरेडलई का विकास मॉडल अब प्रदेश और देश के अन्य ब्लॉकों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। बता दें कि नीति आयोग ने अपनी आधिकारिक पोस्ट में पूरेडलई ब्लॉक को 'एकीकृत, लोगों को प्राथमिकता देने वाले शासन' का एक मॉडल बताया है।

### बेसहारा बच्चों को मिलेगी पहचान और अधिकार





बैठक में निर्देश देते सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। जनपद न्यायालय में गुरुवार को साथी समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने की। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने 'साथी' नामक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) और (एफ) के तहत चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बेसहारा बच्चों को कानूनी पहचान देना है। साथ ही उन्हें सामाजिक कल्याण योजनाओं से जोड़ना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में यह अभियान मिशन मोड में चलाया जाएगा। जनपद स्तर पर साथी समिति का गठन किया गया है। यह समिति बेसहारा बच्चों की पहचान करेगी। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, विभिन्न तहसीलों के तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल थे। साथ ही पैनल अधिवक्ता और पराविधिक स्वयं सेवक भी उपस्थित रहे।

### उत्तम इलेवन ने शुकुल बाजार को 34 रनों हराया

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर पेचरूवा गांव में आईपीएल की तर्ज पर चल रही पीपीएल के चौथे दिन खेले गए एकमात्र लीग मुकाबले में उत्तम इलेवन ने शुकुल बाजार की टीम को 34 रन से हरा दिया। गुरुवार को खेले गये लीग मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए उत्तम इलेवन ने 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाये। जवाब में शुकुल बाजार की टीम 7 विकेट के नुकसान पर केवल 134 रन ही बना सकी। विजेता टीम के खिलाड़ी गोरेलाल को 21 बॉल पर 72 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े मोनू सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था। नॉकआउट आधार पर खेले गए मैच में 8 टीमें हारकर बाहर हो गईं। विजयी 8 टीमों के बीच शुक्रवार से क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें विजेता टीमें सेमीफाइनल मुकाबले व अंततः इनमें जीती दो टीमें 16 जून को फाइनल मुकाबला खेलेंगी।

### मनरेगा के तहत कल्याणी नदी के किनारे बनेगा बांध



कल्याणी नदी के तट का निरीक्षण करते बीडीओ। अमृत विचार

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खण्ड मसौली की करीब डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों से होकर गुजरने वाली कल्याणी नदी में हर साल बाढ़ से हजारों बीघे फसल डूब जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए मनरेगा योजना के तहत अब नदी के किनारे बांध बनाया जाएगा। गुरुवार को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों और तकनीकी सहायकों के साथ बैठक कर योजना बनाई और नदी तट का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि यह बांध बाढ़ नियंत्रण के साथ-साथ वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि और सिंचाई के साधन के रूप में भी लाभकारी होगा। इससे ग्रामीणों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने ग्राम पंचायत गदाईपुर, हेतमपुर, मसौली, अमदहा, ज्योरी, सफदरगंज सहित अन्य पंचायतों के प्रधानों को जल्द से जल्द बांध निर्माण, तालाब खोदाई और पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी मदन गोपाल कनौजिया, लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता मेराज अहमद समेत कई अधिकारी और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** सम्पर्क मार्ग के किनारे बेशकीमती ज़मीन कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच अखाड़ा बन गयी। इस जमीन पर नज़र गड़ाए दोनों पक्ष अपनी अपनी कब्जेदारी का दावा करने लगे और कब्जेदारो ने एक-दूसरे के अस्थाई निर्माण ध्वस्त कर दिये। मौके पर पहुची राजस्व टीम व पुलिस कर्मियों ने दोनों पक्षों को शान्त कराते हुए जमीन का पुनः चिन्हांकन कराया है। थाना क्षेत्र लोनीकटरा अन्तर्गत कान्हूपुर स्थित पक्की सड़क किनारे आबादी की ज़मीन गाटा संख्या 148 पर अशोक बृजमोहन हरिश्चंद्र व जितेंद्र तिवारी काबिज हैं। यहां पर जितेन्द्र तिवारी ने टिन शेड बनाकर और दूसरे पक्ष के अशोक आदि ने छप्पर रखकर कब्ज़ा कर रखा है। इसी कब्जेदारी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद है। गुरूवार की सुबह विवाद के बाद मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल व राजस्व विभाग की टीम ने पुनः पैमाईश कर विवादित भूमि का चिन्हांकन करा दिया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तोड़फोड़ व आगजनी की शिकायत की है।

# सरायन नदी पर तटों के कब्जेदारों पर चला बुलडोजर

**खबर का असर**

- अमृत विचार ने उठाया था तटों पर कब्जेदारी का मुद्दा
- डीएम ने लिया संज्ञान, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटे कब्जे

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


सरायन नदी के तट पर कब्जों को हटाती प्रशासन की टीम। अमृत विचार


ड्रोन से होगा सर्वे, जल्द बदलेगी सूरत
पुराने अभिलेखों में 86 नहीं 175 किमी लंबाई का है उल्लेख, कारागार राज्य मंत्री कर चुके हैं प्रया
खबर का असर

अमृत विचार में प्रकाशित खबर के बाद जागा प्रशासन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरायन नदी के स्वरूप को लाने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। शहर में कैंची पुल स्थित तट पर हुए कब्जे को हटाया गया। हालांकि, इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती के चलते किसी की भी एक न चली। सरायन नदी के तटों पर काफी समय से कब्जे हैं। ऐसे में जीवनदायिनी का स्वरूप बिगड़ चुका है। जनहित मुद्दे को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसको जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने संज्ञान लिया। गंभीर मामले में डीएम ने एक कमेटी बनाकर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। ऐसे में नायब तहसीलदार की टीम कैंची पुल के करीब पहुंची। नापजोख और अन्य विभागीय कार्रवाई पहले ही हो चुकी थी, बुलडोजर चलते ही एक महिला सहित तीन लोगों ने विरोध शुरू किया, लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे किसी की एक भी न चली। एक-एक कर अस्थाई ढांचे ध्वस्त किये गए। दुकानों को भी हटाया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह के अलावा नगर पालिका टीम, कोतवाली अपराध निरीक्षक दुर्गा दत्त सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

**शुरू हुई सरायन नदी की साफ- सफाई :** नगर पालिका परिषद द्वारा नाली-नाला सफाई एवं जल पुनर्जीवन अभियान शुरू किया गया है। अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने बताया है कि नगर के 55 प्रमुख स्थलों पर खुले नालों पर लोहे की जाली लगाकर कचरे के प्रवाह को रोका गया है। नदी की तलहटी से पॉलीथीन, गाद और अन्य अपशिष्ट हटाए जा रहे हैं। इसके साथ ही, जल वहन क्षमता को बढ़ाने के लिए वॉटर रेजुवनेशन योजना पर भी कार्य किया जा रहा है, जिससे नदी की प्रवाहशीलता पुनः स्थापित हो सकेगी।

## संगोष्ठी में किसानों को मिले टिप्स

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम लालपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नाजिम की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम वर्मा प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख रहे। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डा. शैलेन्द्र सिंह द्वारा खरीफ फसलों से सम्बंधित धान की उन्नत प्रजाति, धान की सीधी बुआई, जैव उर्वरक एवं संतुलित उर्वरक का प्रयोग की चर्चा की गई। कृषकों को ड्रोन द्वारा नैनो उर्वरकों का प्रयोग करने के जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इससे श्रम व धन की बचत होगी। गोष्ठी में पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने पशुपालन में पशुओं के पोषण प्रबंधन, नस्ल सुधार, हाइब्रिड नेपियर ग्रास तथा पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

## सार-संक्षेप

### आईजी ने जाना प्रशिक्षण व्यवस्था का हाल, दिए निर्देश


पुलिस लाइन का निरीक्षण करते आईजी तरुण गाबा। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा ने जनपद का दौरा करते हुए प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए थाना क्षेत्रों में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठहरने की सुविधा, साफ-सफाई की स्थिति, पेयजल आपूर्ति आदि बुनियादी व्यवस्थाओं की समग्र समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा महर्षि दधिचि सभागार में संबंधित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण के लिए आने वाले प्रशिक्षुओं की तैयारियों, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता तथा अनुशासन बनाए रखने को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली



रैली को हरी झण्डी दिखाते अपर जिला जज। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा जनपद में जन-जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यालय सहायक श्रमायुक्त परिसर से जागरूकता रैली का आरंभ अपर जिला न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं सहायक श्रमायुक्त उमेश कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस रैली में महिला एवं बाल कल्याण विभाग, चाइल्ड लाइन एवं एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। इसके पश्चात राजकीय इंटर कॉलेज में जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला जज नरेंद्र नाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी लीलाधर, अमित कुमार, सुमित कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी अवनीश मिश्रा, चाइल्ड लाइन प्रतिनिधि, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू दयाशंकर, एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### मुल्क में मोहब्बत का जज्बा पैदा करती है शायरी: मस्त हफीज

**सीतापुर, अमृत विचार :** बुधवार को बृज किशोर मिंटो देवी ट्रस्ट के सभागार में बज्मे उर्दू की ओर से शेर-ए- नशिस्त व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साहित्यिक समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर, समाजसेवी व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मस्त हफीज रहमानी ने की। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में उन्होंने कहा कि शायरी दिलों को जोड़ने वाली कला है। एक अच्छा शायर वही होता है जो समाज को जोड़ने, देश से मोहब्बत करने और इंसानियत को बढ़ावा देने वाली शायरी करे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित खण्ड शिक्षा अधिकारी पिसावां अवनीश कुमार को अंगवस्त्र, प्रमाण पत्र व माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें कुंवर सूरज नारायण सिन्हा अदब सीतापुरी के खिताब से नवाजा गया। सेवानिवृत्त हुए शिक्षक अनवर अली को खुर्शीद अफसर बिस्वानी अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक खुश्तर रहमानी शिक्षक एवं शायर और महामंत्री मंजर यासीन के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। र ट्रस्ट के प्रबंधक शोभित टंडन, कार्तिकेय शुक्ल, मंजर यासीन, नदीम सीतापुरी ने कलाम पेश किए।



### बाढ़ आपदा से निपटने को टेबल टॉप मॉक एक्सरसाइज संपन्न

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी रूप से निपटने की तैयारी को लेकर टेबल टॉप मॉक एक्सरसाइज का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह ने की। इस अभ्यास के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बरगदहा चौराहे पर क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

**संवाददाता लहरपुर (सीतापुर) :** ग्राम पंचायत खानपुर मोहिउद्दीनपुर के मजरा बरगदहा चौराहे पर एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने फीता काट कर किया |शुभारंभ के अवसर पर सांसद ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि ये हमें अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विनीता वर्मा, फुरकान, इमरान हाशिम, रियाजुद्दीन, उस्मान, हसीब अहमद और सलीम अली सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# फूंके ट्रांसफार्मर तो कहीं ट्रिपिंग ने ग्रामीणों को किया बेहाल

## शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक उमस व अघोषित बिजली कटौती ने आमजन की बढ़ाईं मुश्किलें, शिकायत के बाद भी नहीं सुन रहे अधिकारी

संवाददाता सीतापुर


रामपुर मथुरा में लगा ट्रांसफार्मर कई बार हो चुका है खराब। अमृत विचार


रामपुर मथुरा में बाधित आपूर्ति के बाद बाजार में खड़े दुकानदार।

**अमृत विचार :** जिले में गर्मी का कहर और बिजली संकट आम जनता के लिए दोहरी मुसीबत बन गया है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और ऊपर से बिजली की अनियमित आपूर्ति ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। शहर हो या गांव, हर जगह लोग अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज से परेशान हैं। उमस और लू के थपेड़ों के बीच जब-तब बिजली गायब हो जाती है, जिससे पंखे, कूलर और इनवर्टर भी जवाब दे जाते हैं।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी खराब हैं। लहरपुर, बाढ़ और कटान से प्रभावित रामपुर मथुरा, और तंबौर कस्बे में ट्रांसफार्मर जलने, लाइन फॉल्ट और तार टूटने जैसी घटनाएं आए दिन हो रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी शिकायतें मिलने के बावजूद मौके पर समय से नहीं पहुंचते, जिससे लोगों में नाराजगी है। दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि बिजली न होने से फ्रीज़ की सामग्री खराब हो रही है।

**ट्रांसफार्मर फुंके, फेस उड़ने से दिनभर बिजली गुल :** लहरपुर कस्बे में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। भीषण गर्मी के बीच अंबरसराय, खैराबाद रोड और जवाहर नगर इलाकों में ट्रांसफार्मर फुंकने और फेस उड़ने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बिजली विभाग द्वारा बनाए गए व्हाट्सऐप ग्रुप पर लोग दिनभर शिकायतें दर्ज करते हैं, लेकिन समय पर समाधान नहीं मिलता। कई स्थानों पर विद्युत कर्मी कूलर और पानी डालकर ट्रांसफार्मर को ठंडा करते देखे गए। शिवम मिश्रा, मनमोहन गुप्ता, पिंकू अंसारी सहित अन्य लोगों ने स्थायी समाधान की मांग की है।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में चार दिन से अंधेरा

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के चौकी भगौतीपुर और आसपास के गांवों में ट्रांसफार्मर चार दिन से खराब पड़ा है। इस दौरान ग्रामीणों को भीषण गर्मी में रातें जागकर गुजारनी पड़ रही हैं। संदीप कुमार, राम विजय, कुर्बान अली सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि कई बार विद्युत विभाग से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुकानदारों को भी भारी नुकसान हो रहा है। खाद्य सामग्री खराब हो रही है और ग्राहक भी नहीं आ रहे।


तंबौर में टूट कर लटकती एलटी।


लहरपुर में भीषण गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए लगा कूलर।

### ढीले तार व अघोषित कटौती पर बिफरे ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन

- बिसवां में कांग्रेस पार्टी के बैनर तले कांग्रेसियों ने जताया विरोध-प्रदर्शन

**संवाददाता बिसवां, अमृत विचार :** भीषण गर्मी, बढ़ता तापमान और बिजली की अघोषित कटौती के संकट से जूझ रहे लोगों ने कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा की अगुवाई में ऊर्जा मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति मात्र चार-पांच घंटे ही हो रही है। वह भी अनियमित अंतराल पर। बिजली न मिलने से किसान, छात्र, व्यापारी सभी परेशान हैं। जब विजली आती है तो वोल्टेज लो रहता है। जिसके कारण विद्युत उपकरण चल नहीं पाते। रात में गांव में अंधेरा पसरा रहता है, साथ ही गांव में लगे विद्युत के खंभे कहीं-कहीं झुके हैं। तार भी काफी ढीले रहते हैं। जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

### 10 दिनों से विद्युत आपूर्ति है बाधित, परेशान ग्रामीणों ने घेरा पिसावां विद्युत उपकेंद्र

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां विकास खण्ड क्षेत्र के बहरामऊ निवासी ग्रामीणों का आक्रोश 10 दिन बाद सड़क पर दिखा। ग्रामीणों ने मिलकर उपकेंद्र का घेराव करते हुए धरना दिया। देर तक चले प्रदर्शन को मान-मनौव्वल के बाद ही शांत कराया जा सका। ग्राम प्रधान हसीब खां ने बताया कि पिछले दस दिनों से उनके गांव में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण कनेक्शन जोड़ते ही वह भी जल जाता है। तबसे लगाकर शिकायतें की जा रही हैं लेकिन विभागीय अधिकारी सुध नहीं ले रहे। ऐसे में ग्रामीण अतीक अहमद, हरिपाल, अतीक खां, ज्ञानेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग धरने पर बैठ गए। विरोध प्रदर्शन का क्रम देर तक चला। उपकेंद्र के जेई राजेश कुमार और पुलिस टीम मिलकर शुक्रवार तक बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया।


पिसावां विद्युत उपकेंद्र पर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**33 केवी लाइन का तार टूटा, दिनभर बिजली गायब :** तंबौर कस्बे में लहरपुर 132 केवी पावर हाउस से जुड़ी 33 केवी लाइन का तार टूटने से गुरुवार को पूरे दिन बिजली नहीं रही। सुबह से ही सूर्य की तेज किरणों ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया था, दोपहर होते-होते गर्मी और उमस ने हालात और बदतर कर दिए। लोग टोपी, गमछे और छाते का सहारा लेकर बाहर निकले। राहगीर पेड़ों की छांव में खड़े दिखे। चाँद पहलवान, रमेश सिंह, नौशाद खान सहित कई लोगों ने बिजली व्यवस्था शीघ्र सुधारने की मांग की।

### वृद्ध की मौत, हीट स्ट्रोक की आशंका

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा निवासी राम नरेश (60) की मौत हो गई। आशंका है कि वह हीट स्ट्रोक का शिकार हो गया। बुधवार को परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वृद्ध की स्थिति देखए डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए।

# सपा को मजबूत करें कार्यकर्ता : गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में बैठक आयोजित की गयी।

मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह 'गोप' ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने-अपने गांव, बूथ और क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करें और अखिलेश यादव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी बड़ी है, व्यक्ति नहीं। पार्टी की नीति, विचारधारा और सिद्धांतों के बल पर कोई भी कार्यकर्ता विधायक, सांसद, एमएलसी बन सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं होता, सभी नेता हैं। पार्टी उन्हीं की मेहनत से सरकार बनाती है। बैठक को सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने भी संबोधित किया और कहा कि आने वाले पंचायत, स्नातक और अन्य चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि यह वर्ष संगठन के लिए अत्यंत अहम है। पंचायत चुनाव और स्नातक एमएलसी चुनाव को देखते हुए अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ती, राबिया बेगम, ताज बाबा, आशीष सिंह आर्यन और साफे जुबेरी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कांति सिंह वर्मा ने मांगा समर्थन :** स्नातक एमएलसी की दावेदार कांति सिंह वर्मा ने कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही हूं।

## जांच को पहुंचे जेई के सामने फूटा ग्रामीणों का आक्रोश

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** भटखेरा वार्ड में ढाई करोड़ की लागत से बनाई गई टंकी में उद्घाटन के पूर्व ही दरार आने के मामले में डीएम ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित की थी। गुरुवार की दोपहर टंकी स्थल पर पहुंचे जल निगम के अवर अभियंता पवन कुमार त्रिवेदी ने मजदूर व मिस्त्री के साथ टंकी के टैंक का बारीकी से मुआयना किया। जेई व मजदूरों को टंकी पर चढ़ा देख वार्ड वासी भी वहां पहुंच गए। कल्याण, राम बहादुर, प्रमोद कुमार, पप्पू व दिलीप द्विवेदी आदि ने अवर अभियंता से असंतोष प्रकट करते हुए घटिया निर्माण का आरोप लगाया। अवर अभियंता ने आश्वस्त किया कि गर्मी के कारण टैंक की पुट्टी में दरार दिख रही है। उन्होंने बताया कि जांच कमेटी जल्द यहां पहुंच कर बारीकी से जांच करेगी।

# हैदरगढ़ में लेखपालों ने शुरू किया बेमियादी धरना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** चकबंदी महिला लेखपाल से छेड़छाड़ के आरोपी अधिवक्ता व बार महामंत्री की गिरफ्तारी के साथ वकालत लाइसेंस निरस्त करने की मांग को लेकर गुरुवार को लेखपालों ने हैदरगढ़ तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। तहसील कमीर्म भी धरने में शामिल रहे।

हैदरगढ़ के तहसीलदार कोर्ट से सम्बद्ध एक महिला लेखपाल गत 9 जून को कार्यालय में कार्य कर रही थी। उसी समय तहसील हैदरगढ़ के बार महामंत्री सुनील त्रिवेदी महिला लेखपाल के कमरे में घुस गए। महामंत्री पर आरोप है कि कमरे का दरवाजा बंद कर उन्होंने छेड़छाड़ की थी। इसकी सूचना पीड़िता ने तहसीलदार को दी। दो घंटे बाद फिर आरोपी महामंत्री महिला लेखपाल के पास पहुंचे और कहीं शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी अधिवक्ता पर कार्रवाई न होने से चकबंदी एवं राजस्व लेखपाल आक्रोशित हैं। लेखपालों ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से मिलकर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की थी। गुरुवार को पुनः जिलाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने अपने साथियों के साथ डीएम को ज्ञापन देकर आरोपी की गिरफ्तारी और वकालत लाइसेंस निरस्त करने की मांग की। लेखपालों ने चेतावनी दी कि पीड़िता को हर हाल में न्याय मिले, इसके लिए गुरुवार से तहसील हैदरगढ़ परिसर में तहसील कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से बेमियादी धरना शुरू कर दिया।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**राज्य सम्पत्ति अनुभाग-3**
संख्या-एम- 1422/बत्तीस-3-2025-89/2004
लखनऊः दिनांकः 10 जून, 2025

**नीलामी सूचना**

राज्य सम्पत्ति विभाग के 06 निष्प्रयोज्य वाहनों (इनोवा/स्कोडा/इसूजू एवं फारच्यूनर) की नीलामी दिनांक 25 जून, 2025 अपरान्हः 3.00 बजे नीलामी स्थल विधायक निवास-5,मीराबाई मार्ग,लखनऊ के परिसर में कराई जाएगी। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु उच्चतम बोलीदाता द्वारा लगाई गई बोली की 50 प्रतिशत चेक के माध्यम से धनराशि तत्काल जमा करनी होगी एवं तीन कार्य दिवसों के अन्दर अवशेष धनराशि राज्य सम्पत्ति अधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट कार्यालय में जमा कराना होगा। नीलामी में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी का जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उक्त तिथि को समय अपरान्हः 2.00 बजे तक रू0 10,000/-(रूपये दस हजार मात्र) की धनराशि अर्नेस्ट मनी के रूप में नगद जमा करने वाले प्रतिभागी ही नीलामी में भाग ले सकेंगे तथा बोलीदाता द्वारा उच्चतम बोली न लगाये जाने पर अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा धनराशि को वापस कर दिया जाएगा। बोलीदाता द्वारा उच्चतम बोली का 50 प्रतिशत नीलामी के समय तथा शेष धनराशि निर्धारित अवधि में जमा न किए जाने पर, बोली के समय जमा की गई अर्नेस्टमनी धनराशि रू0-10,000/- जब्त कर ली जाएगी।

UP-234827 दिनांक 11.06.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)
अनु सचिव।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2025-63-66 से NER-LJN-2025-68-95**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन 'खुली' ई-निविदयें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है – **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-94, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 1 में जोनल कार्य – क्षेत्र : लखनऊ जंक्शन स्टेशन क्षेत्र, स्टेशन भवन, प्लेटफार्म, किमी 1.0 तक अन्य सर्विस बिल्डिंग और कानपुर अनवरगंज की अन्य संपत्तियों का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,84,49,629.68, **अग्रिम धन :** रु. 2,42,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-63, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 2 में जोनल कार्य – क्षेत्र : चारबाग लोको कॉलोनी, लखनऊ जंक्शन बीजी वॉशिंग कॉम्प्लेक्स, रेलवे स्टेडियम, आरपीएफ बैरक, रेलवे कॉलोनी के साथ सर्विस बिल्डिंग का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,74,38,900.26, **अग्रिम धन :** रु. 2,87,200.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-64, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 3 में जोनल कार्य – क्षेत्र : ऐशबाग कॉलोनी, पॉलीक्लिनिक एवं सर्विस बिल्डिंग, ऐशबाग रेलवे स्टेशन, स्टेशन सर्विस बिल्डिंग, लखनऊ शहर एवं डालीगंज रेलवे स्टेशन/सर्विस बिल्डिंग एवं कॉलोनी का कार्य। (लेवल क्रॉसिंग और पुलों को छोड़कर), **अनुमानित लागत :** रु. 2,53,76,014.05, **अग्रिम धन :** रु. 2,76,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-65, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 4ए में जोनल कार्य – क्षेत्र : एसएसई/डब्लयू/बी. बाग के अधिकार क्षेत्र में बी. बाग ऑफिसर कॉलोनी जिसमें ऑफिसर्स क्लब, स्विमिंग पूल और स्टाफ क्वार्टर शामिल है, और डीआरएम कार्यालय भवन, **अनुमानित लागत :** रु. 1,43,90,783.54, **अग्रिम धन :** रु. 2,22,000.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-66, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 4ब में जोनल कार्य – एसएसई/डब्लयू/बी. बाग के अधिकार क्षेत्र में डीआरएम कार्यालय, अशोक मार्ग लखनऊ, रेलवे कालोनी और डीआरएम कार्यालय भवन, **अनुमानित लागत :** रु. 88,01,758.94, **अग्रिम धन :** रु. 1,76,000.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-95, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 5 में क्षेत्र : डालीगंज (रहित) से बुढ़वल (सहित) किमी. 774/4 से 763/4 तथा 745/0 से 718/0 तक तथा डालीगंज (रहित) से अटरिया (रहित) एवं किमी. 1/0 से 38/0 तक एवं समपार स. 2ए से किमी. 4/0 मानकनगर (रहित), बादशाहनगर स्थित सभी कार्यालय, स्टेशन भवन, एवं आवासीय परिसर का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 3,64,24,351.10, **अग्रिम धन :** रु. 3,32,100.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-68, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 5ए में – क्षेत्र : बादशाहनगर मण्डल रेलवे अस्पताल एवं ऐशबाग हेल्थ युनिट का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,80,30,779.10, **अग्रिम धनः** रु. 2,40,200.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-69, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 6 में – क्षेत्र : बुढ़वल (रहित) से गोण्डा कचहरी (रहित) किमी. 718/0 से किमी. 663/5-6 तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,17,62,136.70, **अग्रिम धन :** रु. 2,08,800.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-70, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 7 में-क्षेत्र : गोंडा मुख्यालय क्षेत्र 'ए' रोड संख्या 1 से 18 तथा साहब गंज कालोनी, सेमरा, गिरजा का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,24,96,269.71, **अग्रिम धन :** रु. 2,62,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-71, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 7 'ए' में-क्षेत्र : गोंडा इंजीनियरिंग कालोनी, स्टेशन कालोनी, जी. आर. पी. बैरेक व कालोनी, अधिकारी विश्रामालय, अधिकारी आवास, संयुक्त कार्यालय, डीजल ट्रेनिंग सेंटर, स्विच रूम आदि का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,07,71,247.69, **अग्रिम धन :** रु. 2,53,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-72, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 8 में-क्षेत्र : गोण्डा मुख्यालय क्षेत्र 'बी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,29,61,907.19, **अग्रिम धन :** रु. 2,64,800.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-73, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 8ए में-क्षेत्र : गोण्डा में स्थित आर. ओ. एच. भवन एवं आर. ओ. एच. शेड का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 67,31,982.67, **अग्रिम धन :** रु. 1,34,600.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-74, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 9 में-क्षेत्र : गोण्डा स्टेशन & गोण्डा कचहरी (सहित) से मोतीगंज (रहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,09,70,826.35, **अग्रिम धन :** रु. 2,54,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-75, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 9A में-क्षेत्र : गोण्डा डीजल शेड में कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 83,85,621.67, **अग्रिम धन :** रु. 1,67,700.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-76, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 10 में-क्षेत्र : मसकनवा (रहित) से बरूआचक (रहित) किमी. 616/0 से 644/0 एवं मनकापुर (सहित) से अयोध्या (रहित) कि. मी. 0/0 से 36/8-9 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,31,31,743.82, **अग्रिम धन :** रु. 2,15,700.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-77, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 11 में-क्षेत्र : मुंडेरवा (रहित) से मसकनवा (सहित) किमी. 557/0 से किमी. 616/0 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,24,56,171.30, **अग्रिम धन :** रु. 2,62,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-78, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 12 में-क्षेत्र : मुण्डेरवा (सहित) से गोरखपुर (रहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,68,56,090.35, **अग्रिम धन :** रु. 2,34,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-79, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 13 में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'ए' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,03,06,378.96, **अग्रिम धन :** रु. 2,01,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-80, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'बी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,07,83,438.46, **अग्रिम धन :** रु. 2,03,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-81, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 'अ' में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'सी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 96,92,738.46, **अग्रिम धन :** रु. 1,93,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-82, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 'ब' में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'डी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,04,72,738.46, **अग्रिम धन :** रु. 2,02,400.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-83, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 'सी' में-क्षेत्र : गोरखपुर इल्केट्रिक लोको शेड का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,42,58,130.50, **अग्रिम धन :** रु. 2,21,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-84, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 15 में-क्षेत्र : मानीराम (सहित) से नौतनवा का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,36,25,273.70, **अग्रिम धन :** रु. 2,18,100.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-85, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 16 में-क्षेत्र : – आनन्दनगर किमी 45/0 से गैंसडी (रहित) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,74,87,870.62, **अग्रिम धन :** रु. 2,37,400.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-86, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 17 में-क्षेत्र : – गैंसडी (सहित) से गोण्डा (रहित) किमी 135/2-218/0 एवं गैंसडी-जरवा अनुभाव कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,43,78,116.12, **अग्रिम धन :** रु. 2,21,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-87, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 18 में-क्षेत्र : अटरिया (सहित) से सीतापुर (सहित) किमी 95/500 तक, थॉमसनगंज साइडिंग और सीतापुर यार्ड किमी 100/400 तक (सीतापुर सिटी छोर) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,48,27,972.36, **अग्रिम धन :** रु. 2,74,100.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-88, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 19 में-क्षेत्र : सीतापुर कैंट (रहित) से बुढ़वल (रहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,89,31,254.46, **अग्रिम धन :** रु. 2,44,700.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-89, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 20 में-क्षेत्र : सीतापुर (सहित) किमी 95/500 से गोला गोकर्णनाथ (सहित) किमी. 170/0 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,46,99,173.90, **अग्रिम धन :** रु. 2,23,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-90, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 21 में-क्षेत्र : गोला गोकर्णनाथ (रहित) पलियाकलां (रहित) किमी 170/0 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,25,10,042.43, **अग्रिम धन :** रु. 2,12,600.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-91, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 22 में-क्षेत्र : पलियाकलाँ (सहित) से निशानगाढ़ा (सहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 92,98,703.39, **अग्रिम धन :** रु. 1,86,000.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-92, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 23 में-क्षेत्र : रिसिया (रहित) से निशानगाढ़ा (रहित) तक एवं नेपालगंज रोड – नानपारा का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 82,09,322.85, **अग्रिम धन :** रु. 1,64,200.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-93, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 24 में-क्षेत्र : गोण्डा (रहित) से रिसिया (सहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,08,94,273.85, **अग्रिम धन :** रु. 2,04,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26.

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-63-66** से **NER-LJN-2025-68-95** तक के लिए ई-निविदा दिनांक **02.07.2025** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, मुजाधि/डब्ल्यू-109 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

## एक नजर

### 42 डिग्री तापमान पर शीतल पेयजल की सुविधा

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** 42 डिग्री के तापमान पर जनजीवन बेहाल है। ऐसे में हलक को तर करने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है। नगर में सड़क के किनारे या फिर वार्ड में राहगीरों के लिए स्थापित किए गए कुछ हैंडपंप खराब हैं। भीषण गर्मी में सबसे अधिक समस्या राहगीरों और तहसील में आने वाले लोगों को है। ऐसे में राजकुमार जैन ठेले पर ठंडे घड़े रखवाकर आमजन के लिए राहत बन रहे हैं। राजकुमार कहते हैं कि इसी तरह से उनके पिता स्व. ताराचंद जैन भी आमजन के बीच शीतल जल पहुंचाया करते थे।

### बाजार में मिला 5 माह का बच्चा, चाइल्ड केयर में सुरक्षित

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे की दशहरा बाजार स्थित नलकूप के पास पांच माह का दुधमुहा मिलने से हड़कंप मच गया। तेज धूप के बीच बच्चे की रोने की आवाज से जमा लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस की मौजूदगी में उसका चिकित्सीय परीक्षण और उपचार हुआ। बाद में उसे चाइल्ड हेल्थ केयर यूनिट के सुपुर्द किया गया।बताते हैं कि बिसवां कस्बे में बड़ी संख्या में बाजार आए लोग नलकूप से होकर गुजर रहे थे। तभी एक बच्चे के रोने की आवाज सुनी, पास जाकर देखा तो पाया कि कुछ माह का बच्चा कपड़े में लिपटा हुआ रो रहा है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस पहुंची और फिर पुलिस ने चिकित्सीय टीम को बुलवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चे का परीक्षण किया गया। बाद में उसे जिला अस्पताल ले जाकर चाइल्ड केयर यूनिट के सुपुर्द किया गया।

### बुढ़वा बाबा मंदिर पर लगा विशाल भण्डारा

**संवाददाता पहला, सीतापुर, अमृत विचार :** बुढ़वा बाबा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भण्डारें के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे, पूड़ी– छोला और चावल – बूंदी आदि का प्रसाद वितरण किया गया। भण्डारे का आयोजन प्रधान सिकंदराबाद अंशू वर्मा, प्रतिनिधि दिलीप वर्मा, प्रभाकर वर्मा, उत्तम वर्मा आदि लोग शामिल रहे। इसी तरह क्षेत्र में बालाजी व हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

### आग की चपेट में आई युवती, गृहस्थी जली

**सीतापुर,अमृत विचार :** पिसावां इलाके के जहांसापुर में अज्ञात कारणों से लगी आग में युवती झुलस गई। लपटों की चपेट में आकर एक बकरी मर गई, लाखों की गृहस्थी के जल जाने का दावा ग्रामीणों ने किया है। पिसावां थानाक्षेत्र के जहांसापुर गांव में सती के मकान में खाना बन रहा था। बताते हैं कि इसी दौरान अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि पड़ोसी मुकेश, छोटे लाल, राम मूर्ति और उमेश के घर भी आ गए। छोटेलाल की 23 वर्षीय पुत्री मीना आ गई। किसी तरह लोगों ने उसे बचाया। आग लगने से मीना की सारी गृहस्थी नष्ट्र हो गई। एसडीएम शशि बिंदु द्विवेदी ने बताया कि अग्निकाण्ड की चपेट में आए लोगों को जल्द ही राहत उपलब्ध कराई जाएगी। युवती को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

**सीतापुर,अमृत विचार :** लखनऊ जा रही मैलानी–लखनऊ पैसेंजर ट्रेन से खैराबाद थानाक्षेत्र का शेखपुरा निवासी 26 वर्षीय मोहम्मद दानिश खैराबाद से ट्रेन पर सवार होकर लखनऊ जा रहा था। बताते हैं कि ट्रेन जब सिधौली क्रॉस करके अटरिया की ओर जा रही थी, इसी दौरान गोधना के निकट गेट पर खड़े दानिश का पैर अचानक फिसल गया, जिससे वो नीचे गिर गया। अफरातफरी के बीच घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया। बिगड़ती हालत में उसे लखनऊ ट्रामा सेण्टर भेजा गया है।

## जनपद के भूमाफियों के विरुद्ध जारी रहेगा अभियान : सांसद

संवाददाता बिसवां, सीतापुर


कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रोजगार और सामाजिक अधिकार संवाद सम्मेलन में भू-माफियाओं से जमीने खाली कराकर भूमिहीनों में बांटने और देश के बड़े सुपर रिच पर टैक्स लगाकर रोजगार सृजित करने की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम का आयोजन आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने करते हुए संचालन डां बृजबिहारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सांसद राकेश राठौर ने कहा कि राजनीतिक रूप से हमें आजादी मिली, लेकिन आर्थिक और सामाजिक गैर बराबरी हावी है। जिसके चलते अमीरी और गरीबी की लम्बी चौड़ी खाई खड़ी है। सीतापुर में भू-माफियाओं का जमीनों पर कब्जे का अभियान जारी है। जमीन खाली कराकर भूमिहीनों को दी जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच करायी जाए। राष्ट्रीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने कहा किसान मजदूर गहरे संकट में हैं, किसान, मजदूरों की बेहतरी के लिए कानून बनाये जाएं। सम्मेलन को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह यादव, मजदूर नेता सुनीता रावत, जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर शिव प्रकाश सिंह, रिजवान अहमद, अतीक खां, अमर मेहरोत्रा, शुभम रस्तोगी, गोविंद सिंह, कांशीराम भार्गव, मुजीब, अर्चना, रूपाली भारती सहित जिला पंचायत सदस्य, प्रधान, बीडीसी सदस्य सम्मिलित हुए। सम्मेलन के अंत में सात सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम बिसवां मनीष कुमार को सौंपा गया।

## 80 हजार की आबादी व सेहत के इंतजाम नाकाफी

**सूरते हाल**

- ▸▸ धूल फांक रहीं जांच मशीनें, अल्ट्रासाउंड व एक्सरे नियमित नहीं
- ▸▸ डॉक्टर समय पर नहीं आते, मातृत्व योजना का लाभ भी अटका

संवाददाता,पहला, सीतापुर


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला। अमृत विचार

"सीएचसी पहला की शिकायत मिली है। संबंधित अधीक्षक से जवाब मांगा गया है। जांच कराकर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जो मशीनें नहीं लगी हैं, उन्हें शीघ्र चालू किया जाएगा।"
**-डॉ. सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी।**

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला में मरीजों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। डॉक्टरों की अनुपस्थिति, अल्ट्रासाउंड जैसी जरूरी सेवाओं का न होना और जांच मशीनों का वर्षों से इस्तेमाल न होना, ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ है। पंजीकरण काउंटर से लेकर ओपीडी तक मरीज लाइन में खड़े दिखे, लेकिन डॉक्टर नदारद मिले। मामले में समाजसेवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

सीएचसी पहला में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से लड़खड़ाई हुई हैं। सुबह 10:00 बजे जब अमृत विचार ने पड़ताल की तो पंजीकरण काउंटर पर महिला मरीजों की लंबी कतार लगी मिली। 10:08 बजे तक महिला डॉक्टर का कक्ष बंद मिला और बरामदे में मरीज उनका इंतजार करते रहे।

हालांकि सीएचसी पर कई डॉक्टरों की तैनाती है, लेकिन नियमित रूप से सिर्फ एक डॉक्टर ही ओपीडी संभालता है। शेष डॉक्टर या तो देर से आते हैं या अनुपस्थित रहते हैं, ऐसा मौके पर मिले लोगों का दावा था। जांच सुविधाओं की हालत भी बेहद खराब है।

**अल्ट्रासाउण्ड सुविधा नदारद, एक्सरे मशीन सुविधा सीमित :** अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं है। एक्सरे मशीन है, लेकिन उसका उपयोग सीमित है। सरकार द्वारा सीबीसी, केएफटी, एलएफटी, टायफाइड जैसी जांचों के लिए मशीनें भेजी गई थीं, लेकिन आज तक उन्हें चालू नहीं किया गया। इससे ग्रामीण मरीजों को मजबूरन निजी पैथोलॉजी केंद्रों पर महंगे दामों में जांच करानी पड़ती है।

**स्टॉफ की कमी और बाल रोग विशेषज्ञ की समस्या :** वार्ड ब्वाय केवल एक है जबकि तीन की आवश्यकता है। बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती भी नहीं है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ भी कई महिलाओं ने न मिलने का दावा किया है।

## डंपर की टक्कर से बच्ची समेत 2 की मौत, 2 गंभीर

### लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में कुल्ताजपुर गांव के निकट हुआ हादसा, ई-रिक्शे पर चालक सहित चार लोग थे सवार

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर



हादसे के बाद स्वास्थ्य केंद्र के बाहर जमा लोगों की भीड़ और जांच पड़ताल करती पुलिस।

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ई-रिक्शा सवार सात वर्षीय बच्ची और एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा है।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के कुल्ताजपुर गांव के निकट हुई दुर्घटना के बाद पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हरगांव थानाक्षेत्र का जैतपुर निवासी अय्यूब ई-रिक्शा चलाता है। वो रोज की तरह सवारी लेकर हरगांव आ रहा था। ई-रिक्शा कुल्ताजपुर के समीप पहुंचा। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की चपेट में आये ई-रिक्शा चालक अय्यूब(38),हरगांव थानाक्षेत्र के फत्तेपुर गांव की नीरू (35) पत्नी अनूप, उसकी सात वर्षीय बेटी गुड़िया और इलाके का मंगरुआ निवासी कढिले (62) पुत्र रामलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख राहगीर दौड़ पड़े। आनन-फानन में सभी को हरगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां कढ़िले और गुड़िया को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य की हालत बिगड़ती देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डंपर को भदफर मार्ग पर ग्राम पोंगलीपुर के निकट पकड़कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रक-टेंपो में भिड़ंत, चालक की मौत, किसान घायल

**सीतापुर,अमृत विचार :** लखनऊ–बरेली मार्ग पर अटरिया ओवर ब्रिज के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में टेंपो चला रहे चालक की मौत हो गई। वाहन सवार किसान गंभीर रूप से घायल हुआ है। सिधौली कोतवाली क्षेत्र का गनीपुर गांव निवासी 50 वर्षीय बिंद्रा टेंपो चालक है। वो वाहन लेकर अटरिया की ओर जा रहा था। अटरिया ओवरब्रिज के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपों को टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक बिंद्रा की मौके पर मौत हो गई। वाहन सवार किसान अनीश (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते हैं कि वाहन पर सब्जी भरी थीं, जो इटौंजा स्थित मानपुर मंडी जा रही थीं। हादसे के दौरान वाहन कई बार पलटने की बात भी राहगीरों द्वारा बताई गई है। अस्पताल में भर्ती अनीश की हालत गंभीर बनी हुई है।

### दुकान पर पलटा ट्रक, दुकानदार की मौत, 3 घायल

**सीतापुर,अमृत विचार :** सीतापुर–महोली मार्ग पर खमेसियामऊ के नजदीक पूरन की परचून की दुकान है। बताते हैं कि पड़ोस में उसका घर है। जहां उसकी पत्नी खाना बना रही थी। तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रहे ट्रक का टायर फट गया। टायर फटने ही वाहन अनियंत्रित हो गया और वाहन अनियंत्रित होकर दुकान से टकरा गया है। हादसे में पूरन की मौत हो गई। दुकानदार की पत्नी सहित तीन लोग घायल भी हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन और जेसीबी की मदद से घायलों को मलबे से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। थाना रामकोट पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**सीतापुर,अमृत विचार:** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरि ने बताया कि प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत पूर्ण प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाने की अपेक्षा की गई है। इस क्रम में जनपद के समस्त प्राचार्य/प्रधानाचार्यगण को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विद्यालय से संबंधित प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यथाशीघ्र तैयार कराकर कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में जमा कराएं, ताकि उन्हें नियमानुसार समयबद्ध ढंग से शासन को प्रेषित किया जा सके।

## 42 डिग्री के पार पहुंचा तापमान,लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


तेज धूप के बीच अस्पताल से निकलती एंबुलेंस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तेज धूप और भारी उमस के चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह से ही सूर्य की तीखी किरणों ने लोगों को बेहाल कर दिया। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

लू के थपेड़ों और चिलचिलाती धूप के कारण सड़कें सूनी रहीं, लोग दिन भर घरों में कैद रहे। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक गर्मी की चेतावनी दी है। गुरुवार को जिले में भीषण गर्मी और उमस ने कहर बरपा दिया। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। गर्मी इतनी तीव्र रही कि लोग जरूरी कार्यों के अलावा घरों से बाहर नहीं निकले। शहर के लालबाग, स्टेशन रोड, बस अड्डा समेत तमाम प्रमुख क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा रहा। आम दिनों में जहां चहल-पहल रहती थी, वहां गुरुवार को दुकानें खाली रहीं और ग्राहक नदारद दिखे। दोपहर के समय सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग ही नजर आए। सबसे ज्यादा मुश्किल दिहाड़ी मजदूरों और फुटकर दुकानदारों को उठानी पड़ी, जिन्हें गर्मी में भी रोजमर्रा की रोजी-रोटी के लिए जूझना पड़ा।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें, हल्के कपड़े पहनें और पानी का अधिक सेवन करें। जिला अस्पताल में लू व गर्मी से जुड़ी समस्याओं के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**अभी और बढ़ेगी तपिश :** मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं। अगले दो-तीन दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

## मेधावियों व खेल प्रतिभाओं का सम्मान, टैबलेट व पुरस्कार बांटे

संवाददाता सीतापुर



पुरस्कृत मेधावियों के साथ जिलाधिकारी और नगर विकास राज्य मंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित करने और टैबलेट वितरित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन हुआ। आयोजित समारोह में राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें पुरस्कार राशि एवं टैबलेट वितरित किए गए।

आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने मेधावी छात्रों के साथ-साथ समर कैंप के विजेताओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी पुरस्कृत किया। राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखने और उन्हें सच्चाई में बदलने के लिए मेहनत आवश्यक है। कठिनाइयों से घबराने की बजाय उन्हें पार करते हुए आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि जिले का शैक्षिक स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। मेधावी छात्रों के सम्मान से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जीआईसी के प्रधानाचार्य अनिल कुमार, अन्य संबंधित अधिकारी, शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे।

**इन छात्रों को किया गया सम्मानित :** कक्षा 10 के छात्र अभिषेक यादव, अंशिका वर्मा, सृष्टि मिश्रा तथा इण्टरमीडिएट के छात्र हर्षित कुमार वर्मा, राहुल नाग, स्वाती वर्मा, राघवेंद्र कुमार, सबा खां, अंचल वर्मा, अतुल वर्मा एवं माही निगम को सम्मानित किया गया। वहीं, समर कैंप के विजेता निखिल कुमार, अनूप कुमार, मयंक राठौर, जितिन वर्मा और अभिषेक राठौर को भी सम्मान मिला।

**उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाचार्य:**रमेश बाजपेयी (सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महमूदाबाद),बच्चा सिंह (मां शुक्ली देवी स्मारक इंटर कॉलेज, बाबाकुटी, महमूदाबाद),अरुण कुमार वर्मा (बाबू राम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार पहला),शशि सिंह (प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महमूदाबाद)।

## सार-संक्षेप

### बेढ़ौरा ने कहारपुर को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

**पहला,अमृत विचार :** कहारपुर में अतुल मेमोरियल पॉली क्लीनिक द्वारा आयोजित कहारपुर प्रीमियर लीग सीजन 2 का समापन हुआ। जिसमें बेढ़ौरा ने कहारपुर को हराकर जीत हासिल की। गुरुवार को फाइनल मुकाबला कहारपुर और बेढ़ौरा के बीच खेला गया। बेढ़ौरा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। कहारपुर ने 8 ओवर में 85 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेढ़ौरा ने 7 .2 ओवर में 7 विकेट खोकर 86 रन बनाकर खिताब जीता। विजेता टीम बेढ़ौरा को 7500 रुपए नगद और ट्रॉफी दी गई। उपविजेता कहारपुर को 3500 रुपये नगद और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अरुण कश्यप, रामचरित गुप्ता, पंकज भार्गव, संजय वर्मा, मोहन गौतम और नीलेश ने निष्पक्ष अंपायरिंग और रोचक कमेंट्री की। टूर्नामेंट में संजय कुमार मौर्या, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, रविंद सिंह, अली अब्बास, जाबिर अली, डॉ. गुड्डू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### रेड स्टार क्लब बिसवां ने जीता खिताब,मुमताज चमके


खिलाड़ी का पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** रेड स्टार क्लब बिसवां ने बेलझारिया क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विनीत इलेवेन छह विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। विनीत इलेवेन की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजीकरते हुए निर्धारित 8 ओवर में सभी विकेट खोकर 67 रन का स्कोर बनाया। जबाब में स्टार रेड क्लब बिसवां ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 8 वें ओवर में फाइनल मैच छह विकेट से जीतकर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने कर ली। स्टार क्लब के आलराउंडर खिलाड़ी मुमताज और सरताज ने पहले अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। वहीं, स्टार क्लब के मुमताज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 1 मेडन और 4 विकेट लिए। वहीं, बल्लेबाजी करते हुए 15 रन बनाये। इस शानदार प्रदर्शन के लिए मुमताज को मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं, सरताज ने 2 ओवर में 2 विकेट लिए और 29 रन बनाए।

### वेदमंत्रों से गूंजा यज्ञ मंडप, श्रद्धा में डूबे श्रद्धालु

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वेदियों की पूजा, दुर्गा सप्तशती पाठ और हवन किया गया। यज्ञाचार्य पंडित राधामोहन ने हवन की महत्ता बताते हुए इसे वातावरण की नकारात्मकता को नष्ट करने वाला बताया। संत सम्मेलन व श्रीमद्भागवत कथा में भक्तों ने श्रद्धा से भाग लिया। ग्राम धौरहरा में श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन धार्मिक श्रद्धा और भव्यता के साथ जारी है। बुधवार को यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वेदियों का पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और आहुतियों सहित हवन का आयोजन हुआ। यज्ञाचार्य पंडित राधामोहन ने यज्ञ की महत्ता बताते हुए कहा कि कलियुग में यज्ञ के माध्यम से वातावरण को शुद्ध कर नकारात्मक शक्तियों का विनाश और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर ऋषिराज दीक्षित, अंकित दीक्षित, दयालु दीक्षित, कैलाश दीक्षित, सत्यनारायण दीक्षित, धुरु दीक्षित समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

### खैराबाद में पकड़ा गया कानपुर का शातिर

**सीतापुर,अमृत विचार :** खैराबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से असलहा और कारतूसों की बरामदगी हुई है। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने बताया कि पकड़े गए शातिर की पहचान कानपुर देहात के गजनेर थानाक्षेत्र स्थित ग्राम दलपतपुर दोवारी निवासी प्रताप सिंह पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### सीआरपीसी 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

**सीतापुर,अमृत विचार :** आगामी मोहर्रम (06–07 जुलाई) एवं श्रावण मास (11 जुलाई से प्रारंभ) के साथ–साथ विभिन्न आयोगों, विश्वविद्यालयों व बोर्डों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं को शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 की धारा 163 के अंतर्गत 11 जून से 4 अगस्त तक जनहित में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश पूरे जनपद में प्रभावी रहेगा।

### नकदी व जेवर के साथ डीवीआर उखाड़ ले गए चोर

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली में कस्बे में शातिरों ने ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी चुरा ले गए। सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़ ले गए। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला प्रेमनगर निवासी सलमान के मुताबिक, वो वैवाहिक कार्यक्रम में लहरपुर गया था। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे शातिरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे लगभग पांच लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने–चांदी के गहने तथा करीब साढ़े पांच लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी साथ उखाड़ ले गए, जिससे वारदात के समय के कोई फुटेज न मिलें। वारदात की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही मौके पर पहुंचे और फील्ड यूनिट व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से साक्ष्य संकलित कराए गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आसपास दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

### अलग- अलग स्थानों से पकड़े गए पांच वारंटी

**सीतापुर,अमृत विचार :** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अलग– अलग स्थानों से पांच वारंटी गिरफ्तार किये गए। इसमें सदरपुर से एक, सकरन से दो, मानपुर से एक, रेउसा से एक शातिर की गिरफ्तारी की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

### घायल की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली तालगांव इलाके के देवकली गांव में मारपीट में घायल युवक हरिशंकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। शव गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर खासा हंगामा काटा। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। सूचना मिलते ही सीओ लहरपुर सुशील कुमार आसपास थानों की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी ने परिजनों को समझाने की कोशिश का प्रयास किया।

**अनदेखी**

### बिसवां रजबहा की माइनर में अब तक नहीं छोड़ा गया पानी, किसान बोले— बारिश नहीं हुई तो बर्बाद हो जाएंगे

## नहरें सूखी, खेतों में दरारें धान की फसल पर गहराया संकट

पहला,सीतापुर


इलाके से गुजरी सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिसवां तहसील क्षेत्र के रजबहा की पहला ब्लॉक क्षेत्र के कोठीपुरवा, उमरहर और अकबापुर माइनर में अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है। इससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की धान की फसल पर संकट मंडरा रहा है। किसान द्वारा पंपिंग सेट के सहारे किसी तरह रोपाई तो कर दी गई, लेकिन खेत सूखने लगे हैं और दरारें पड़ रही हैं। किसानों का कहना है कि अगर जल्द पानी नहीं आया तो फसल बचाना मुश्किल होगा।

पहला विकास खंड क्षेत्र के कोठीपुरवा, उमरहर और अकबापुर माइनर में अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है। मानसून की देरी और नहरों के सूखे रहने से किसानों की चिंता अब दोगुनी हो चली है। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और धान की नन्हीं पौधें मुरझा रही हैं। धान की रोपाई के बाद सबसे जरूरी होता है समय पर सिंचाई, लेकिन इस बार न तो समय से नहरों में पानी छोड़ा गया और न ही बारिश ने दस्तक दी है। क्षेत्र के किसान अरुण कुमार ने बताया कि पंपिंग सेट लगाकर किसी तरह रोपाई कर ली, मगर अब रोज सिंचाई कर पाना संभव नहीं है। डीजल और बिजली के खर्चे ने कमर तोड़ दी है। अगर जल्द पानी नहीं मिला, तो फसल बर्बाद हो जाएगी। इसी तरह, किसान रंजीत यादव का कहना है कि नहरें साफ करने के नाम पर विभाग हर साल लाखों खर्च करता है, लेकिन जब जरूरत होती है तब पानी नहीं आता। प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता है, जमीन पर कुछ नहीं होता। मौसम विभाग की मानें तो जिले में 15 जून तक मानसून पहुंच जाता है, लेकिन इस बार जून का दूसरा सप्ताह बीतने को है और अब तक कोई ठोस बारिश नहीं हुई है। किसानों ने कई बार सिंचाई विभाग से संपर्क किया, लेकिन नहरें अब भी सूखी हैं। अब किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं और इंद्रदेव से मेहरबानी की आस कर रहे हैं। खेतों में दरारें बढ़ती जा रही हैं और धान की पौधें सूखने लगी हैं। ऐसे में यदि जल्द पानी नहीं मिला, तो इस बार की फसल संकट में पड़ सकती है।


रंजीत।


अरूण।

## पत्नी गई मायके तो युवक ने दे दी जान

**सीतापुर,अमृत विचार:** परिवारिक अनबन जान पर आ बनी। एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के अशोघन के मजरा कंडी गांव में 23 वर्षीय अभिषेक मिश्रा का शव उसी के घर में टीन शेड में रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। जांच पड़ताल के दौरान परिजनों ने बताया कि दंपति के बीच विवाद हो गया था, इसलिए अभिषेक की लखनऊ के बुद्धेश्वर निवासी पत्नी कीर्ति मिश्रा पिछले एक माह से मायके में रह रही थी। इसी से क्षुब्ध होकर उसने जान दे दी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू की है।

## एक नजर

### ज्वैलर्स की दुकान से लाखों की चेन लेकर चोर फरार

**तिलोई अमेठी।** इन्हौना थाना क्षेत्र में स्थित योगेश ज्वैलर्स की दुकान पर शाम 8 बजे एक युवक पहुँचा और सोने की ज्वैलरी देखने लगा। उसने करीब 10 लाख रुपए की 8 ज्वैलरी देखी और उसमें से 38 ग्राम की सोने की चेन चुपके से अपनी जेब मे रख ली। युवक ने अन्य कुछ देर बाद पैसे लेकर आने के बाद जेवर लेने की बात कही और फरार हो गया। कुछ देर बाद जब दुकानदार योगेश गुप्ता ने बैग को खोलकर देखा तो उसमे से पौने चार लाख रुपए कीमत की सोने की चेन गायब थी। दुकानदार ने जब सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो उसमे चोर चेन को अपने जेब मे रखता नजर आया। पीड़ित ज्वैलर्स ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### कार व बाइक की हुई टक्कर, युवक की मौत

**फुरसतगंज अमेठी।** बृहस्पतिवार को जुबैर अपनी बाइक से एक शादी समारोह में जा रहा था। पूरे दूदी मजरे तेदुआ के पास सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जुबैर को गंभीर चोटें आईं। लोगों ने तुरंत जुबैर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष श्री राम पांडेय ने बताया कि शव को तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# सुरेंद्र प्रताप हत्याकांड में 4 आरोपियों को उम्रकैद

## अमेठी के अमरबोझा बरौलिया गांव में हुई थी हत्या

विधि संवाददाता, अमेठी



दोषियों को जेल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** चुनावी रंजिश में छह वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत ने चार आरोपियों को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। सोमवार को दोषी आरोपियों वसीम नसीम, रामचंद्र और अतुल उर्फ गोलू को जेल से तलब कर जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 50-50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, आरोपी वसीम को आर्म्स एक्ट के तहत दो साल व पांच हजार रुपए अर्थदंड की अतिरिक्त सजा सुना कर जेल भेज दिया। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति मृतक के परिवार को देने का आदेश भी दिया है।

डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र के मुताबिक अमेठी जिले के जामो थाने के अमरबोझा बरौलिया निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह ने 25 मई 2019 की रात करीब 11:30 बजे हुई घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप के मुताबिक, वादी के छोटे भाई सुरेंद्र प्रताप सिंह बरामदे में सोए थे। बगल में भतीजा अनुराग व अभय भी सोए हुए थे। इसी बीच गोली मारकर आरोपियों ने सुरेंद्र प्रताप की हत्या कर दी। बरौलिया निवासी वसीम व उसके भाई नसीम, सह आरोपी धर्मनाथ गुप्ता, तत्कालीन बीडीसी राम चंद्र व पीढ़ी फुरसतगंज निवासी अतुल उर्फ गोलू के खिलाफ केस दर्ज हुआ।

▶▶ **कोर्ट ने कुल 2 लाख पांच हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया**

### स्मृति ने दिया था अर्थी को कंधा

अमेठी : पूर्व ग्राम प्रधान सुरेंद्र प्रताप सिंह की हत्या के बाद अमेठी की तत्कालीन सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उनके घर पहुंची थीं। उन्होंने अर्थी को कंधा दिया था। मीडिया में यह मामला सुर्खियां बटोरी थी।

# भोज में दबंगों का उत्पात, टेंट में लगाई आग, तोड़फोड़

संवाददाता, तिलोई अमेठी

**बेखौफ**

▶▶ **दूसरे दिन फिर बोला धावा, दूल्हे और उसकी रिश्तेदार युवती को पीटा**

**अमृत विचार।** ग्राम पूरे लाल मिश्र में भेज के दौरान नशे में धुत दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया, तोड़फोड़ के साथ ही टेंट में आग लगाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे लाल मिश्र मजरे लोधवारिया निवासी मोतीलाल मिश्रा के पुत्र मोहित की शादी अयोध्या जिले के कुचेरा बाजार थाना अंतर्गत 9 जून को अनीषा मिश्रा के साथ हुई थी। बुधवार को बारात वापस आई तो मोतीलाल ने अपने घर पर बहू भोज आयोजित किया था। शाम लगभग 8 बजे गांव के दुर्गेश, सचिन पुत्र रामबली, लवलेश पुत्र बजरंगबली, छोटेलाल पुत्र सहदेव शराब के नशे में पहुंचे और गाली गलौज करने लगे।

मामला बढ़ता देख पीड़ित ने 112 को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचने से पहले वे लोग भाग गये, लेकिन पुनः दो बजे रात में आ धमके और जमकर उत्पात मचाया। उन लोगों ने कार्यक्रम में लगे टेन्ट और लाईट में तोड़फोड़ करने के साथ ही टेंट में आग लगा दी जिससे लाखों का नुक़सान हो गया। पुनः घर वालों ने डायल 112 पुलिस को बुलाया। जबतक पुलिस पहुंचती, उपद्रवी पुनः भाग गये। यही नहीं गुरुवार को सुबह फिर आकर उत्पात मचाने लगे। उन लोगों ने सूर्य नारायण मिश्रा की 22 वर्षीय लड़की सोनी मिश्रा तथा मोहित मिश्रा (22) पुत्र मोतीलाल मिश्रा को भी बुरी तरह से मारा पीटा जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों को थाने बुलाया गया है एक पक्ष से प्रार्थनापत्र प्राप्त हुआ है। घायलों को मेडिकल परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई भेजा गया है। दूसरे पक्ष से कोई प्रार्थनापत्र नहीं प्राप्त हुआ है मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### डीएम की अध्यक्षता में वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न



बैठक करते डीएम एवं जिले के समस्त अधिकारी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य वर्षा काल में पौधरोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पौधरोपण से पूर्व गड्ढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता तथा रोपण स्थलों का चिन्हांकन समय से सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने सड़कों के किनारे पौधरोपण को प्राथमिकता देने की भी बात कही। प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने जानकारी दी कि वर्षा काल में जनपद अमेठी को 43,64,560 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसमें से 20,00,400 पौधे वन विभाग द्वारा तथा शेष 23,62,160 पौधे अन्य विभागों द्वारा रोपे जाने हैं। अब तक 66% गड्ढों की खुदाई की जा चुकी है उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 28 पौधशालाएं हैं, जहां लगभग 62 .41 लाख पौधे विभिन्न प्रजातियों के उपलब्ध हैं। इन पौधों में सागवान, शीशम, नीम, पीपल, बरगद, आम, अमरूद, आंवला, जामुन जैसे प्रमुख वृक्ष शामिल हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह आदि उपस्थित रहे।

### एनटीपीसी ने बालिकाओं के सपनों को दी नई उड़ान



बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम को संबोधित करते एनटीपीसी के निदेशक।

**संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) अनिल कुमार जादली ने ऊंचाहार परियोजना के दौरे के दौरान बालिका सशक्तीकरण अभियान के तहत समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बालिकाओं की हौसला आफजाई की। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में इन बालिकाओं के व्यक्तित्व में समग्र रूप से जो कायाकल्प हुआ है वो इस बात का प्रतीक है कि बालिकाओं ने मन लगाकर अभ्यास किया और स्वयं को निखारा। साथ ही उन्होंने कहा कि इन बालिकाओं के प्रदर्शन से यह भी सिद्ध हुआ कि स्थानीय एनटीपीसी टीम ने इन बालिकाओं को निखारने में सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। संयुक्ता महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या आभा जादली ने भी बालिकाओं को शुभकामनाएं दीं। जेम की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में योगा, जूडो कराते, लोकसंगीत, आत्मरक्षा, भारतीय संस्कृति तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शानदार और मंजी हुई प्रस्तुति देकर दर्शकों व अतिथियों को रोमांचित कर दिया। इससे पूर्व कार्यकारी निदेशक व परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने व मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने निदेशक जाडली एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन आशुतोष विश्वास ने आभार जताया तथा वरिष्ठ प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने संचालन किया। कार्यक्रम में अजय त्रिपाठी, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष झुमिता विश्वास आदि उपस्थित रहे। इससे पहले निदेशक (मानव संसाधन) ने ऊंचाहार विद्युत ग्रह का भ्रमण किया व श्रम संगठन एटक एवं इंटक के साथ साथ ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारी मनोज पांडा तथा उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राहुल शर्मा भी मौजूद रहे।

### 15 से 21 जून तक जनपद में मनाया जाएगा योग सप्ताह

**अमेठी अमृत विचार।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर जनपद में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह के आयोजन की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसीलों, विकास खंडों, नगर पालिका/नगर पंचायतों, सीएचसी/ पीएचसी तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने माइक्रोप्लान तैयार करने तथा जिला स्तरीय समिति के गठन के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ सूरज पटेल, एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एडीएम न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह, डीडीओ वीरभानु सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अनीता गुप्ता, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अनुपम मौजूद रहे।

### 13 किलो गांजा के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** गदागंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लगभग डेढ़ लाख कीमत का 13 किलो गांजा बरामद करते हुए चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस द्वारा गांजा तस्करों पर की जा रही लगातार कार्रवाई से गांजा तस्करों में हड़कंप है। एसपी के निर्देश पर जिले की पुलिस एक्शन मोड़ पर है। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि जिले में अराजक तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने अपनी पुलिस टीम को सख्त निर्देश दे रखे हैं ऐसे लोगों पर त्वरित कार्रवाई करें। इसी क्रम में गदागंज पुलिस में चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से बरामद हुए 13 किलो गांजे की अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग डेढ़ लाख आंकी जा रही है। यह सभी गांजा तस्कर गैर जनपद के हैं एक इसी जिले का है। पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार पुत्र गया प्रसाद मौर्य निवासी ग्राम कसरहा पुरवा थाना हथगांव जिला फतेहपुर, सुरेंद्र कुमार पुत्र मुन्नू विश्वकर्मा निवासी थाना हथगांव जिला फतेहपुर, सुजीत सिंह पुत्र स्व जगरूप सिंह निवासी ग्राम देवरानार थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर, मुकेश पुत्र राकेश तिवारी ग्राम जमुनीपुर थाना गदागंज जिला रायबरेली को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। आरोपियों के पास से एक लाख 35 हजार रुपये, चार अवैध शस्त्र, एक कार बरामद हुई है।

### व्यक्ति के पतन का कारण बनता है अहंकार :गोपाल शास्त्री



क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत के दौरान मौजूद लोग।

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं अमृत तत्व का बोध कराती हैं। साथ ही जीवन में अनुशासन, मर्यादा अध्यात्म की प्रेरणा देती हैं। जीव को अपने मन मे कभी अहंकार का भाव नहीं लाना चाहिए। अहंकार व्यक्ति के पतन का कारण बनता हैं। क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य गोपाल शास्त्री ने गोवर्धन लीला का बखान किया। इस मौके पर सपत्नीक यजमान इंद्रेश कुमार चौरसिया, गायत्री चौरसिया, बृजेश चौरसिया, राजेंद्र साहू, अजय कुमार, जय शंकर, हरिओम, वैशाली पाठक, श्याम कुमारी, माया, मालती, सविता, ममता, पूनम, प्रीति, राम पाल चौरसिया, सहदेव चौरसिया, गुरु प्रसाद चौरसिया, मोहन त्रिवेदी, बिंदु दीक्षित, आशु त्रिपाठी, हेमंत दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक दंपति की मौत के मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज

▶▶ **फौजी के बेटे ने जताई थी हत्या किए जाने की आशंका**

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी



थाने पर तहरीर लिए विपिन सिंह व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मडौली गांव में बुधवार सुबह विस्फोट में सेवानिवृत्त फौजी दंपति की मौत के मामले में पुलिस ने पुत्र की तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मृतक के पुत्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में हत्या की आशंका जताई थी।

जानकारी के अनुसार, मडौली गांव में बुधवार सुबह घर में संदिग्ध हालात में हुए विस्फोट में सेवानिवृत्त सैनिक नवरंग सिंह (65) और उनकी पत्नी अनुसुइया सिंह (60) की मौत हो गई थी। हादसे के दौरान पति-पत्नी अपने घर के बाहर बैठे थे। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि घर की दीवारें, खिड़कियां और दरवाजे तक क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और जांच पड़ताल की। मृतक के बेटे विपिन सिंह, जो भारतीय सेना में कार्यरत हैं, ने घटना को महज हादसा नहीं बल्कि साजिशन की गई हत्या बताया है। उन्होंने संग्रामपुर थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

विपिन सिंह ने आरोप लगाया कि यह तकनीकी दुर्घटना नहीं, बल्कि एक पूर्वनियोजित प्राणघातक हमला है। उन्होंने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में कहा कि उनके माता-पिता की हत्या एक गहरी साजिश के तहत की गई है और उन्हें आशंका है कि भविष्य में उनके परिवार पर दोबारा हमला हो सकता है।

विपिन सिंह ने प्रशासन से दोषियों की तत्काल पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की है और अपने परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर भ्रामक जानकारियां फैलाई जा रही हैं, जिससे परिवार मानसिक रूप से आहत हो रहा है।

अमेठी क्षेत्राधिकारी सीओ मनोज मिश्रा ने बताया कि घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों की जल्द पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अमेठी की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि दंपति के बेटे हवलदार विपिन सिंह द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर संग्रामपुर पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 103 (विस्फोटकों का इस्तेमाल कर हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है. फिलहाल, जांच चल रही है।

## प्रधान, सचिव निलंबित, जांच समिति गठित

संवाददाता, शुकुल बाजार अमेठी

**अमृत विचार।** संसारपुर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि शिव नायक सिंह की शिकायत की जांच में सामुदायिक शौचालय निर्माण, हैंडपंप मरम्मत और स्ट्रीट लाइट स्थापना आदि विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया कि करीब 10 लाख रुपये की धनराशि बिना कार्य कराए ही निकाल ली गई।

मामले में प्रधान और सचिव को निलंबित कर जांच के लिए समिति का गठन किया गया है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कराई गई जांच में यह भी सामने आया कि पूर्व प्रधान के अधूरे छोड़े कार्यों को वर्तमान प्रधान ने कागजों पर पूरा दर्शा कर लाखों रुपये का गबन किया। जांच रिपोर्ट के अनुसार, 31 अक्टूबर 2021 को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए निकाली गई राशि का कोई ठोस रिकॉर्ड नहीं मिला। सलमान और शिवभूरत के दरवाजे पर प्रस्तावित कार्यों की भौतिक स्थिति नहीं पाई गई। अखिलेश और साहबदीन के दरवाजे पर हैंडपंप मरम्मत के नाम पर बिना कोई कार्य कराए भुगतान कर दिया गया। वहीं, 25 स्ट्रीट लाइटों की स्थापना के नाम पर 81,250 रुपये की निकासी कर ली गई, जबकि ऐसी कोई लाइट स्थापित नहीं पाई गई। ग्राम प्रधान द्वारा जांच अधिकारी को दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि प्रधान ने कार्य न कराते हुए भी भुगतान कराया, स्थल का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा और गंभीर वित्तीय गड़बड़ियों में उनकी संलिप्तता प्रथम दृष्टया प्रमाणित हुई है। खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज ने बताया कि वर्तमान ग्राम प्रधान के सभी वित्तीय अधिकार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें चंद्रावती, संजू और रामकला को शामिल किया गया है। यह समिति पंचायत सचिव के सहयोग से शेष कार्यकाल में पंचायत कार्यों का संचालन करेगी। डीपीआरओ मनोज त्यागी ने बताया कि आरोपी ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी मंजीत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी को सौंपी गई है।

## 21 दिन बाद कब्र खुदवाकर शव का हुआ पोस्टमार्टम

**जगदीशपुर अमेठी अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे गौहर गड़रिया डीह निवासी त्रिलोकी (62) पुत्र दुलारे की मौत 24 मई को हो गई थी। राम प्रकाश पुत्र श्याम लाल निवासी मखदूमपुर कला थाना शुकुल बाजार ने तहसील दिवस में त्रिलोकी को मां द्वारा जहर देकर मार देने की बात कहते हुए शिकायत की थी। जिस पर जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार राहुल सिंह व कोतवाल धीरेंद्र यादव ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार, त्रिलोकी की पत्नी रामावती की पहली शादी श्याम लाल निवासी मखदूमपुर कला थाना शुकुल बाजार के साथ हुई थी, जिससे उसे पुत्र राम प्रकाश हुआ था। किसी कारण से रामावती की दूसरी शादी त्रिलोकी पुत्र दुलारे निवासी पूरे गौहर के साथ हो गई थी। त्रिलोकी से उसे कोई बच्चा नहीं हुआ। त्रिलोकी ने लगभग तीन वर्ष पूर्व अपनी पत्नी रामावती के नाम वसीयत लिख दी थी। तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का पता चल पाएगा।



संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**अमेठी, अमृत विचार।** संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी ने गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र स्थित मंगलम महिला महाविद्यालय, मुसाफिरखाना में कार्यक्रम का आयोजन किया। पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखे तंज कसे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार संविधान को कमजोर करने, लोकतंत्र को खत्म करने और देश में नफरत का माहौल फैलाने का कार्य कर रही है। पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार को विफल बताया और राहुल गांधी को युवाओं, किसानों, मजदूरों और वंचितों की सच्ची आवाज बताया। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के प्रबंधक भोला नाथ तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, राम मनोहर पासी, मनोज कश्यप, पूर्व प्रमुख रामबरन मौर्य, राम सुख चौरसिया, अकील हैदर, रामदत्त यादव, रोशनलाल, जहीर अहमद, रामलोचन, राजेंद्र कश्यप, पुतान कोरी, राछस जिला अध्यक्ष सुमित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# युवाओं में रचनात्मकता जाग्रत करती है कार्यशाला

संवाददाता, रायबरेली



एनआईएफटी में आयोजित समर वर्कशॉप कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

**अमृत विचार।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) में चल रही तीन सप्ताह की समर वर्कशॉप के पहले सप्ताह का गुरुवार को समापन हो गया। एनआईएफटी के निदेशक नंदन सिंह बोरा ने वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं युवाओं के भीतर रचनात्मकता को जाग्रत करने में मदद करती हैं।

कैंपस एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों की जिज्ञासा और लगन को प्रेरणादायक बताया। कार्यशाला की संयोजक भार्गवी कुमार अय्यर ने एनआईएफटी द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी और रचनात्मक शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। स्केचबुक प्रदर्शनी का संचालन मयंक कौशल (सहायक प्रोफेसर), डिजाइन हेतु ज्यामिति का प्रशिक्षण विकास कुमार और दिलीप सिंह राठौर (सहायक प्रोफेसर) द्वारा दिया गया। स्केचिंग की प्रारंभिक कक्षाएं स्तुति सोनकर सहायक प्राध्यापक और डॉ अजय कुमार सहायक प्राध्यापक ने लीं। जबकि रंग सिद्धांत का प्रशिक्षण लिपि सिंह और सौरभि गौरव ने प्रदान किया। मंच संचालन प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।

### इन विद्यालयों ने छात्रों का किया प्रतिनिधित्व

इन छात्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यालयों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, पीएम श्री केवीएस गोरा बाज़ार रायबरेली, एलपीएस प्रगटिपुरम, बख्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, लियो कॉन्वेंट स्कूल, रायन पब्लिक स्कूल रायबरेली, सेंट पीटर स्कूल, सेंट जेम्स स्कूल एंड कॉलेज, स्प्रिंग डेल कॉलेज, सेंट पीटर स्कूल रायबरेली, न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला रायबरेली, वेदाम वर्ल्ड स्कूल शामिल हैं।

**उपलब्धि** छात्र-छात्राओं को मिले 21-21 हजार के चेक, टैबलेट व मेडल

# हाईस्कूल व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, अमेठी



मेधावी छात्रा को चेक, टैबलेट व मेडल देते राजेश अग्रहरि।

**अमृत विचार।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में बृहस्पतिवार को तहसील गौरीगंज के सभागार में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे समारोह में मौजूद सभी लोगों ने देखा और सराहा। जनपद अमेठी के हाई स्कूल वर्ग के 11 तथा इंटरमीडिएट वर्ग के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संदेश दिए। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, सम्मानित छात्र-छात्राओं के अभिभावक, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं

**हाई स्कूल :** मंगलेश प्रजापति, अल्फिया बानो, आदित्य त्रिपाठी, जयंत तिवारी, मोहम्मद हमजा, आयुषी सिंह, श्यामा, बिलाल अहमद, आस्था प्रजापति, गौरी एवं अमन तिवारी।

**इंटरमीडिएट :** शिवम यादव, अमन, पूर्णिमा यादव, अफाक अहमद, रिचा सिंह, अंशिका, दीपांजलि शुक्ला, हर्षिता यादव, सूर्यांश सिंह एवं प्रिंसी।

# किसी भी मरीज को अनावश्यक रेफर न किया जाए : उपाध्यक्ष

संवाददाता, रायबरेली



जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करतीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी, मौजूद सीएमएस डॉ. निर्मला कुमारी साहू।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने भ्रमण के दौरान जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उपाध्यक्ष ने निरीक्षण के समय अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। अस्पताल में साफ-सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मरीजों को समय पर दवाएं और उपचार उपलब्ध कराया जाए, किसी भी मरीज को अनावश्यक रेफर न किया जाए। अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की उपस्थिति समय से सुनिश्चित कराई जाए। मरीजों के परिजनों के लिए बैठने और अन्य सुविधाओं का बेहतर प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए दवा, जांच व उपचार निःशुल्क है, इसलिए यह सुनिश्चित कराया जाए कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा, जांच न लिखी जाए। मरीजों व तीमारदारों से चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा अच्छा मधुर व्यावहार किया जाए, इसके लिए कार्यशाला कर स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करते हुवे कहा कि आज के निरीक्षण में जो भी कमियां मिली है, उन्हें शीघ्र ही दुरुस्त कराया जाए, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को सरकार की मंशा के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके।

### वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने आईटीआई स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

### बाल गृह का लिया जायजा

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने बाल गृह (बालिका) चक धौरहरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों की सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 54 बालिकाएं आवासित पाई गई। उपाध्यक्ष ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उनसे बाल ग्रह में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने बाल गृह के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# सफलता के लिए शॉर्टकट न अपनाएं विद्यार्थी: अशोक

## सलोन विधायक और जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली


बचत भवन में मेधावी छात्रा को प्रमाण पत्र देती डीएम हर्षिता माथुर, साथ में सलोन विधायक अशोक कुमार।

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट एवं चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में सलोन विधायक अशोक कुमार और जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व 21 हजार रुपये के चेक देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सलोन विधायक अशोक कुमार ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। सफलता के लिए कभी भी शॉर्टकट का रास्ता न अपनाएं। इस दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी ने देखा।

सलोन विधायक अशोक कुमार ने कहा कि आज जिन मेधावी विद्यार्थियों को यहां पर सम्मानित किया गया है, उन्होंने अपना, अपने माता-पिता अपने विद्यालय व अपने शिक्षकों के साथ जनपद का भी गौरव बढ़ाया है। कहा कि यदि पहले की तुलना की जाये तो पहले विद्यालयों में संसाधनों का अभाव था, मौजूदा समय में विद्यालयों में संसाधन उपलब्ध है, स्मार्ट क्लासेज है। कहा कि कड़ी मेहनत ही आपको आपके मुकाम तक ले जायेगी, इसलिए सभी विद्यार्थी कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ें। कभी भी शॉर्टकट का रास्ता न अपनाएं। आप जिस क्षेत्र में भी अपनी सेवा दें, वहां पर सेवा भाव से कार्य कर समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जनपद के लिए भी गर्व की बात है। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 10-10 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्तिपत्र, मेडल, टैबलेट व डमी चेक देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### विमान दुर्घटना पर जताया शोक

**लालगंज, रायबरेली।** अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला, नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, मृत्युंजय बाजपेई आदि ने ऐसी घटनाओं के रोकथाम को लेकर उचित कदम उठाने की मांग की है। इस मौके परअप्पू शर्मा ,शिवम गुप्ता , कैलाश गुप्ता, महेश सोनी, कौशलेंद्र कंचन ,रौनक भदोरिया, दीपू गुप्ता और आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक जेपी सिंह, शेर बहादुर सिंह, रामबाबू गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला, महामंत्री देवेश अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष अशोकशुक्ला, उपाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी, अनंत विजय सिंह,प्रवक्ता याकूब खान,सचिव विजय सिंह आदि ने मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना जताई है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बिगडैल का पुरवा मजरे कन्नावा निवासी लाला अली पुत्र स्व मौला अली (65) अपने घर से बछरावां आ रहे थे। जैसे ही वह अपने गांव से थोड़ा ही आगे बढे तभी पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे पारिवारिकजनों के द्वारा निजी वाहन से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरुवा गांव के पास बछरावा से लखनऊ की ओर जा रहे बाइक सवार अधेड़ राम मोहन पुत्र स्व . बिंदादीन निवासी कंचनपुरी कॉलोनी लखनऊ की बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सूचना पर पहुंची एनएचएआई के द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### देवर पर छेड़खानी का लगाया आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर देवर पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। बताया कि दो जून की रात देवर अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर वह भाग गया। आपबीती बताने पर सास ने गालियां देते हुए घर से भगाने की धमकी दी। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी देवर व सास के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर डीएम ने की बैठक

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस


बचत भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम हर्षिता माथुर।

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशों के तहत 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सकुशल संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में डीएम हर्षिता माथुर ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सोनकर ने बताया कि योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाना है। जनपद स्तर पर 15 जून को कार्यक्रम का उद्घाटन गुरु गोविंद सिंह उद्यान में जन प्रतिनिधियो की उपस्थिति में सुबह छह बजे किया जाएगा। 16 जून को सभी विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। 17 जून को सामुदायिक योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन सभी ग्राम पंचायतो में किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प लगाए जाएंगे। 18 जून को विशिष्ट वर्ग के लिए योग सत्र का आयोजन अनाथालय, वृद्ध आश्रम,जेल, कुष्ठ आश्रम में किया जाएगा। 19 जून को सरकारी और कॉरपोरेट कार्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। 20 जून को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए योग कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुंवारी, गर्भवती, कामकाजी एवं प्रौढ़ महिलाओं को शामिल किया जाएगा।

21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन जनपद मुख्यालय मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रातः छह बजे से किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील, ऐतिहासिक स्थल, विद्यालय और महाविद्यालय में भी कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, एडीएम न्यायिक विशाल यादव, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार वर्मा, पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर में विद्युत फाल्ट से गांव में अंधेरा

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के बैंती में ट्रांसफार्मर में विद्युत फाल्ट होने से पूरे गांव में अंधेरा छा गया। यही नहीं इस भीषण गर्मी में लोगों का बुराहाल है। बुधवार को रात करीब 11 बजे रोस्टिंग के बाद बिजली आने से पहले विद्युत पोल में स्पार्किंग हुई जिसके बाद ट्रांसफार्मर के पास स्पार्किंग होते ही दो फेस की लाइट गुल हो गई। रात में उपभोक्ताओं ने शिवगढ़ पावर हाउस कई बार फोन किया, किन्तु किसी ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। जिसको लेकर विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। बृहस्पतिवार की सुबह विद्युत फाल्ट सही की गई जिसके बाद लाइट आई। जेई हरेंद्र सिंह का कहना है कि विद्युत फाल्ट के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी जिसे सही करा दिया गया है।

# समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश


जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मौजूद लोग।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक की गई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अप्रा) द्वारा स्वागत किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण किया गया।

सैनिक बन्धु समिति उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टन राजपाल सिंह द्वारा शहीद स्मारक मुंशीगंज के पास वॉर मेमोरियल बनवाए जाने के लिए नगर पालिका से एनओसी दिलाए जाने एवं पूर्व सैनिक नरेन्द्र सिंह द्वारा शहीद चौक, डिग्री कॉलेज चौराहा के पास साफ-सफाई तथा गमलों में पेड़ लगवाने एवं उनकी देखभाल किए जाने के लिए नगर पालिका से अनुरोध किया गया। हवलदार हरिबंश सिंह द्वारा शस्त्र लाइसेंसों के शीघ्र नवीनीकरण के लिए अनुरोध किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतिनिधि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, प्रतिनिधि कमांडिंग आफिसर एनसीसी, प्रतिनिधि कर्नल वेटरन, मध्य यूपी सब एरिया लखनऊ, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि पुलिस पुलिस अधीक्षक व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# महिला ने दबंगों पर मारपीट का लगाया आरोप, एसपी ने कार्रवाई के दिए निर्देश

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में पहुंची कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने दबंगों पर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर उसे व उसके दोनों पुत्रों को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया।

मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बादल गढ़ मजरे पिंडारी कला गांव की है। गांव निवासी लीलावती पत्नी राम गनेश ने बीते 22 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में एसपी के सामने पेश होकर बताया कि वह अनुसूचित जाति बिरादरी से है। बीते 7 अप्रैल की सुबह करीब सात बजे वह अपने दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। तभी पुरानी रंजिश में गांव के ही राम कृपाल यादव पुत्र दुक्खी व उनका लड़का पियूष यादव दरवाजे पर आकर गालियां देने लगे। आरोप है कि मना करने पर बाप बेटे ने उसे लात घूसों व लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। महिला को बचाने आए उसके दोनों पुत्रों शिव पूजन व दीपक पुत्र गण राम गनेश को जमकर पीटा। मारपीट में घायल पुत्रों के साथ कोतवाली पहुंची महिला का मेडिकल परीक्षण तो कराया, लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज किया। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि महिला की तहरीर पर एससी/एसटी सहित संबंधित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जांच के लिए मामला सीओ को भेजा गया है।

# धर्म की रक्षा के लिए राजा बलि ने सब कुछ किया दान


श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज व अन्य।

**सलोन, रायबरेली,अमृत विचार।** राजा बलि ने धर्म की रक्षा के लिए परमात्मा को सब कुछ दान में दे दिया था। तन दे धन को राखिए, धन दे रखिए लाज और तन, मन, धन सब दीजिए एक धर्म के काज। मानव को अपने धर्म को रखने के लिए किसी भी वस्तु की परवाह नहीं करनी चाहिए। उक्त उद्गार श्रीमद भागवत के चौथे दिन कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने वामन अवतार प्रसंग सुनाने के दौरान कही है।

कथाव्यास जी ने बताया वामन विष्णु के पांचवें तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। इसके साथ ही यह विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे, जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रुप में प्रकट हुए। वामन ऋषि कश्यप तथा अदिति के पुत्र थे। वह आदित्यों में 12वें थे। ऐसी मान्यता है कि वह इंद्र के छोटे भाई थे। वामन को तीन पैरों वाला दर्शाया गया है। त्रिविक्रम रुप में एक पैर धरती पर दूसरा आकाश पर तथा तीसरा बलि के सिर पर भागवत कथा के अनुसार विष्णु ने इंद्र का देवलोक में पुनः अधिकार स्थापित करने के लिए यह अवतार लिया। बलि विरोचन के पुत्र तथा भक्त प्रह्लाद के पौत्र थे। वे एक दयालु असुर राजा के रुप में जाने जाते थे। यह भी कहा जाता है कि अपनी तपस्या और ताकत के माध्यम से बलि ने त्रिलोक पर आधिपत्य हासिल कर लिया था। वामन एक बौने ब्राह्मण के वेष में बलि के पास गए और उनसे अपने रहने के लिए तीन कदम के बराबर भूमि देने का आग्रह किया। उनके हाथ में एक लकड़ी का छाता था। दैत्य गुरु शुक्राचार्य के बार-बार मना करने के बावजूद भी बलि ने वामन को तीन पग भूमि दान देने का वचन दे डाला।

# पुलिस भर्ती में चयनित 15 अभ्यर्थियों को बांटे जाएंगे नियुक्ति पत्र

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के 15 युवाओं ने यूपी पुलिस भर्ती 2023 में चयनित होकर माता पिता व गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पुलिस भर्ती में चयनित सभी अभ्यर्थियों के वेरिफिकेशन के बाद 15 जून को लखनऊ के वृंदावन योजना में स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ भेजने के लिए जिले के पुलिस उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए 14 जून से परिवहन विभाग की विशेष बसें भी लगाई जाएंगी। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में लगभग क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों का वेरिफिकेशन किया जा चुका है। वही चयनित सभी युवाओं को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनो ने उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी है।

### पुलिस भर्ती में इन अभ्यार्थियों का हुआ चयन

क्षेत्र के सात युवकों का चयन पुलिस भर्ती में हुआ है। जिसमें कोतवाली क्षेत्र के पूरे गुमान सिंह निवासी विजय पाल, पिण्डारी कला गांव निवासी आकाश शुक्ला, पूरे गोसाईं मजरे पिंडारी कला गांव निवासी सौरभ यादव व लवकेश, सलेथू के शमशाद, सारी पुर गांव की निशा यादव, थुलवासा के शैलेन्द्र व अमित यादव शामिल हैं। वहीं चंदापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के महाबलगंज के सचिन व घटोरवा के सुरजीत, अशरफाबाद के ऋषि प्रताप सिंह, डीह मजरे बैखरा गांव निवासी आलोक द्विवेदी, खेरवा मजरे मुरैनी के अमरेंद्र सिंह मऊगर्वी के आदित्य व अन्नू सिंह शामिल हैं।

## आयोजन

### जिला पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध समागम का आयोजन : भाजपा के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल

# मोदी सरकार की नीतियों से भारत विश्व के लिए रोल मॉडल

संवाददाता, रायबरेली


जिला पंचायत सभागार में में आयोजित प्रोफेशनल मीट में मौजूद राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पर प्रोफेशनल मीट/प्रबुद्ध समागम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने कहा कि ११ साल में मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत विश्व के लिए रोल मॉडल बना। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण पर जोर देने के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया सहित सैकड़ों योजनाओं का शुभारंभ हुआ।

स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि इन 11 सालों में सिर्फ सत्ता ही नहीं बदली देश के विकास की परिभाषा और दिशा दोनों बदल गई है। किसान, नारी शक्ति, देश की सुरक्षा और विदेश नीति, आपरेशन सिन्दूर और राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित तमाम मुद्दों पर विस्तार से बात कर पिछले 11 सालों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो को बेहतरीन बताया। जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने सशक्त भारत विकसित भारत अपना विषय रखा और बताया कि भारत आज चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष भाजपा जनमेजय सिंह ने किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, जिलाध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन राकेश तिवारी,महामंत्री योगेन्द्र दीक्षित, प्रो. अविनाश सिंह, विनोद बाजपेयी, डॉ रमेश श्रीवास्तव, डॉ. भूपेंद्र सिंह, सतीश सिंह साहित्यकार, डॉ. एमपी सिंह, संत गोविंद सिंह, विवेक श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र शर्मा, विनोद द्विवेदी, नंद किशोर तिवारी, अवधेश मिश्रा, जयंती प्रसाद दुबे आदि मौजूद रहे।

### सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो सांसद बाबू

कार्यक्रम में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर मोदी सरकार को बधाई दी है। साथ ही नेता प्रतिपक्ष और जिले के सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो सांसद बाबू। कहा कि जिन लोगों को भारतीय संस्कृति और विरासत से लगाव नहीं है, वही लोग प्रधानमंत्री के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। रायबरेली की सांसद और उनकी पार्टी ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रही है। चुटकी भर सिंदूर की कीमत आज भारत में जन्मा हर व्यक्ति जानता है सिवाय रायबरेली के सांसद के।

### खिड़की तोड़कर बदमाशों ने उड़ाए लाखों रुपये

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज कस्बे के डिग्री कॉलेज के सामने स्थित डिलीवरी लिमिटेड ऑनलाइन माल सप्लाई करने वाले गोदाम में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। खिड़की तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने लाखों रुपये पार कर दिए। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।स्टोर इंचार्ज दीपक सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए बताया कि चोर खिड़की तोड़कर गोदाम के अंदर घुस गए। इसके बाद लाकर तोड़कर उसके अंदर रखे एक लाख 19 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी की घटना उजागर ना हो इसके चलते बदमाश सीसीटीवी का डीबीआर भी निकाल ले गए। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज नितिन मलिक और अमरेश द्विवेदी ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल की बारीकी से जांच की और चोरों के जल्द से जल्द पकड़ने की बात कही है। डिग्री कॉलेज के सामने भरे बाजार चोरी की घटना होने से व्यापारियों में हड़कंप व्याप्तहै।

## सार-संक्षेप

### सदर विधायक ने की पुलिस भर्ती में 3 वर्ष छूट की मांग


मुख्यमंत्री को मांगपत्र देने के दौरान समस्याओं को बताती सदर विधायक अदिति सिंह।

**रायबरेली, अमृत विचार।** सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंट कर एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी, जेल वार्डर, एसएसएफ एवं फायरमैन सिपाही भर्ती में ऐसे अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की विशेष छूट देने की मांग की गई है, जो 2018 की अंतिम भर्ती में सम्मिलित हुए थे और अब आयु सीमा पार कर चुके हैं। सदर विधायक ने पत्र में अवगत कराया कि कोविड-19 महामारी एवं प्रशासनिक कारणों से लम्बे समय तक भर्ती प्रक्रियाएं बाधित रहीं, जिसके कारण बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थी अब आयु सीमा पार कर चुके हैं और आगामी भर्तियों से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इन अभ्यर्थियों को 3 वर्ष की आयु सीमा में विशेष छूट देने का आग्रह किया। सिका सीधा लाभ प्रदेश के लाखों युवाओं को प्राप्त होगा ।सदर विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने आश्वाशन दिया कि शीघ्र ही प्रदेश के युवाओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए फैसला लिया जाएगा।

### कृषि निवेश मेले में किसानों ने किया हंगामा


कृषि निवेश मेले में मौजूद किसान और अधिकारी। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की योगी सरकार किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है, लेकिन कृषि विभाग के अधिकारी किसानों के साथ गैर जिम्मेदाराना व्यवहार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। गुरुवार को कृषि बीज भंडार लालगंज में आयोजित कृषि निवेश मेले में कृषि विभाग के द्वारा सरकार के द्वारा उपलब्ध योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों ने ढैंचा बीज का पैसा वापस नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। किसी तरह मौजूद अधिकारियों ने समझा-बुझाकर शांत किया। धनाभाद के किसान राम प्रताप तिवारी ,चांदा के राम प्रसाद ,गंगाराम ,चांदा टीकर के पवन सिंह ,कमलेश, राम बहादुर ,अशोक आदि ने कहा कि लालगंज के कृषि बीज भंडार के अधिकारियों का व्यवहार किसानों के साथ ठीक नहीं है। बीज भंडार के प्रभारी के द्वारा ढैंचे के बीज के लिए ज्यादा पैसा लिया गया था जिसे मांगने के बावजूद वापस नहीं किया जा रहा है जो सरासर भ्रष्टाचार की सीमा में आता है। गोष्ठी में भी लंच और पानी की व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त थी। कृषि बीज भंडार प्रभारी जय राम शर्मा ने किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

### अस्पताल में मरीजों को दिया जलपान किट


अस्पताल में मरीजों को जलपान किट देते गिरीश सिंह।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह के अनुज युवा मोर्चा के जिला मंत्री गिरीश सिंह ने लालगंज सरकारी अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल ,बिस्कुट और पानी की बोतल वितरित की। उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पूर्व ही गिरीश सिंह के पुत्र लल्ला सिंह बहुत ही कम उम्र में निधन हो गया था। 12 जून को दिवंगत लल्ला सिंह का जन्मदिन था। उन्हीं की याद में गिरीश सिंह ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर लोगों को जलपान की किट उपलब्ध कराई। इस अवसर पर गिरीश कुमार सिंह, रुद्र राज सिंह, सुयश विक्रम सिंह, शिवा अवस्थी, डॉ .अभय प्रताप सिंह, वैभव पांडे, युवराज सिंह, सत्यम सिंह, बाबू सिंह, सुलभ सिंह ,राज चौधरी, सौरभ सिंह परिहार, अबुल कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### तालाब की भूमि से हटवाया गया कब्जा

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** एसडीएम के निर्देश पर बंजर व तालाब की भूमि पर टीनशेड रखकर कब्जा करने वालों पर राजस्व विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कब्जा हटवाकर जमीन को खाली कराया है। तहसील क्षेत्र के मोन गांव में तालाब दर्ज भूमि है, जिसके आंशिक भाग पर गांव के ही नन्हू पुत्र सुखनंदन व राजेश पुत्र राम अवध के द्वारा छप्पर व टीनशेड रखकर अवैध कब्जा किया गया था। जिसको एसडीएम के निर्देश पर पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम द्वारा खाली कराया गया। मामले में उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि मोन गांव में अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर बंजर व तालाब की भूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई करके भूमि खाली कराई गया।

### गड्ढों वाली सड़क पर चलना मुश्किल, आक्रोश

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास खण्ड के शिवगढ़ वाया रामपुर भूली गाढ़ा सम्पर्क मार्ग पिछले कई सालों से जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील है। मार्ग खराब होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता नन्द किशोर तिवारी, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनेश्वर पासी, जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मौर्य, अशोक यादव आदि लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से इस सम्पर्क मार्ग की मरम्मत की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस सम्पर्क मार्ग से नगर पंचायत वासियों के साथ ही दर्जनों गांवों का आवागमन है। जिनकी पिछले कई सालों से रिपेयरिंग नहीं हुई है। सम्पर्क मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए है जिससे लोगों को आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह ने बताया कि जल्द सम्पर्क मार्ग की रिपेयरिंग कराई जाएगी।

### ससुराली जनों पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर मजरे घुरवारा निवासी अनीता पत्नी राम सजीवन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उसका विवाह 7 जून 2023 को ग्राम पूरे नाई पैडेपुर हरचंदपुर रामसजीवन के साथ हुआ था। विवाह के बाद दहेज की मांग करते हुए लगातार शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। दो जून को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बेटी के पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी और ननद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। एसपी के निर्देश पर कोतवाली डलमऊ में आरोपी ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला ने एक लाख किए पार, पुलिस ने दबोचा

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** दो दिन पहले बाइक के अंदर झोले में रखे एक लाख रुपये चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में महिला को दबोचा है। उसके घर से रुपये भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला को जेल भेज दिया है। महिला पर पूर्व में रायबरेली और अमेठी जिले में चोरी के मुकदमे पंजीकृत हैं ।कोतवाली क्षेत्र के मोहनगंज मजरे पूरे चुरई के रहने वाले रामफल मंगलवार की दोपहर एसबीआई सलोन की शाखा से एक लाख रुपये निकालकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें पैसों से भरा झोला चोरी हो जाने की आशंका हुई। रामफल जब वापस बैंक पहुंचे तो गार्ड ने उन्हें झोला और पासबुक थमा दिया। घटना की सूचना पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। बैंक में लगे सीसी कैमरे के आधार पर नगदी चुराने वाली महिला की पहचान केशव देवी पत्नी स्वर्गीय लालता सिंह निवासी दयाराम तिवारी का पुरवा थाना नसीराबाद के रूप में हुई। क्षेत्राधिकारी यादुवेन्द्र बहादुर पाल ने घटना का राजफाश करते हुए बताया कि मंगलवार की दोपहर महिला बैंक के अंदर ही थी। जैसे ही खाता धारक नगदी लेकर बैंक के बाहर अपनी गाड़ी में पैसा रख रहा था। इसी बीच बड़ी चालाकी से नगदी वाला झोला महिला ने पार कर दिया। इसके बाद नगदी निकालकर झोला वहीं फेक दिया था। महिला का मेडिकल कराकर उसे जेल भेज दिया गया है।


चोरी के आरोप में पकड़ी गई महिला।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण पहल

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।

गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन (गगनयान मिशन) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंधः भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैः पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता हैः भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।

व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उन्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी श्रृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तदनुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# ट्रेन की चपेट में आने दो रेलवे मजदूरों की मौत

## दोनों में मौसा और भांजे का था रिश्ता, मंगली पुरवा रेलवे क्रॉसिंग पर समर स्पेशल ट्रेन से हुआ हादसा

**दर्दनाक**

संवाददाता, हरदोई


मृतक की फाइल फोटो। अमृत विचार


मृतक की फाइल फोटो। अमृत विचार


मृतकों के शोकाकुल परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे में मजदूरी करने वाले मौसा और उसका भांजा,दोनों बुधवार की शाम निजी हास्पिटल में भर्ती अपने रिश्तेदार को खाना दे कर वापस लौट रहे थे,उसी बीच मंगली पुरवा रेलवे क्रासिंग पार करते ही समर स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। शनिवार की शाम उनके शवों की शिनाख्त की गई।

बताया गया है कि कोतवाली देहात के सैय्यापुरवा निवासी 40 वर्षीय खुशीराम पुत्र भीखम रेलवे में मज़दूरी करता था,उसके साथ उसका 23 वर्षीय भांजा रोहित पुत्र मलिखान निवासी जमुनहारा कोतवाली पिहानी भी काम करता था,रोहित अपने मौसा के ही घर में रहता था। रोहित के चचेरे भाई मुनेंद्र की पत्नी रेलवे स्टेशन के एक निजी हास्पिटल में भर्ती है,बुधवार की शाम को रोहित मौसा खुशीराम के साथ उसे खाना देने गया और वहीं से दोनों पैदल वापस लौट रहे थे।

बताते है कि मंगली पुरवा रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे तो वहां क्रासिंग बंद थी,दोनों क्रासिंग पार करने लगे,तभी आनंद विहार से अयोध्या कैंट जा रही समर स्पेशल ट्रेन आ गई और दोनों की उसकी चपेट में आने से मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां काफी भीड़ लग गई,लेकिन शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। उधर खुशीराम और रोहित के घर न पहुंचने पर उन्हे तलाश किया जा रहा था,उसी बीच उन्हे मंगली पुरवा रेलवे क्रासिंग पर हादसा होने का पता चलने पर जीआरपी पहुंचे,जहां सारी बात पता चली। मौसा और उसके भांजे की मौत होने की खबर सुनते ही उनके घरों में कोहराम बरपा हो गया। सभी परिजन घटना से बेसुध हैं।

## प्रभु श्रीराम के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों को लिखने वाला गिरफ्तार

**कार्रवाई**

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द लिखकर सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट पर डालने के संबंध में स्थानीय पुलिस में मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लाला पुरवा निवासी फखरुल पुत्र अब्दुल गनी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर भगवान राम के प्रति अपशब्द लिखकर पोस्ट डाल दी थी जिसके शिकायत लोगों ने क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले हलका इंचार्ज के की मामले को बिगड़ता देख पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित युवक खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया कि हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक रमेश वर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सेवा को गिरफ्तार कर लिया गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा सोशल मीडिया पर भड़काऊ आपत्तिजनक ऐसी किसी भी प्रकार की पोस्ट ना डालें जिससे किसी की धार्मिक व व्यक्तिगत भावनाएं आहत हो अगर कोई भी इस प्रकार के कृत्य करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**एक नजर**

### अधिवक्ता संघ में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**हरदोई, अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को अधिवक्ता संघ में होगा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस शिविर में इच्छुक अधिवक्ता रक्तदान कर सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष प्रेमा वती और पीके वर्मा करेंगे। मेडिकल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी डॉ. नीरज वर्मा के अनुसार कार्यक्रम सुबह 9 :30 बजे शुरू होगा।

### कलेक्ट्रेट में बाढ़ को लेकर समीक्षा बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** अधिशासी अभियंता शारदा नहर ने बताया कि बाढ़ समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 13 जून को अपरान्ह एक बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की गई। की गयी है।

### खेत में मिला व्यक्ति का दो दिन पुराना शव

**मल्लावां, हरदोई।** कस्बे के एक खेत में दो दिन पुराना एक व्यक्ति का शव पड़ा पाया गया। शव मिलने की जानकारी पर पुलिस व फारेंसिक टीम ने जाँच पड़ताल की, लेकिन उसकी शिनाख्त न हो सकी। मल्लावां –माधौगंज रोड पर महमदपुर आगे ओम प्रकाश पुत्र गिरिधारी के खेत में एक शव मिला जिसकी उम्र 45 वर्ष के आस पास थी, जो पीली शर्ट और लोवर पहनने था। पुलिस ने जांच कर अधिकारियों को सूचना दी। फारेंसिक टीम ने शव की जांच पड़ताल की। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि ये व्यक्ति इधर घूमा करता था जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था । थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्र ने बताया कि शव की शिनाख्त न होने पर मर्चरी में 72 घंटे के लिए रख दिया गया है। उसके बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## ट्रेनों में चोरी करने वाला अंतरजनपदीय चोर मोबाइल व नकदी सहित गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** ट्रेनों में चोरी करने वाला अंतरजनपदीय चोर को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर पर प्रयागराज, वाराणसी व कानपुर सहित विभिन्न जीआरपी थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जीआरपी हरदोई की पुलिस ने मिर्जापुर के रहने वाले 35 वर्षीय राकेश कुमार गुप्ता पुत्र मोती लाल निवासी बेलवान थाना पड़री को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से एक मोबाइल व 1420 रुपये नकद बरामद हुए। जीआरपी पुलिस के अनुसार 11 मार्च को ट्रेन के स्लीपर कोच एस आठ में यात्रा कर रही कविता सिंह निवासिनी दिल्ली ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

माता का पर्स जिसमें एटीएम, सोने की चेन, ईयर रिंग, आधार कार्ड तथा सैमसंग मोबाइल अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। जीआरपी पुलिस ने मुकदमा लिखने के बाद खोज करनी शुरू कर दी। पुलिस को गत दिवस उक्त मोबाइल सहित चोर हाथ लग गया, जिसके पास से 1420 रुपये नकद भी बरामद हुए।

# लू के थपेड़ों से जनजीवन बेपटरी

## हल्की बूंदाबांदी से इटौली उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति हुई बाधित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गुरुवार को अचानक मौसम में बादलों का आना जाना लगा रहा। इससे तापमान 42 से अधिक पार हो गया। यहां नहीं गर्म हवाएं भी छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली, जिससे हल्की बूंदाबांदी होने से उमस बढ़ने लगी, जिससे गर्मी से लोग बिलबिलाए गए।

प्रभारी मौसम वेधशाला के अनुसार गुरुवार का अधिकतम तापमान 42.5 व न्यूनतम 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलती रहीं। इससे


आसमान में उमड़ते बादल। अमृत विचार

मौसम में बदलाव आ सकता है। **टड़ियावां संवाददाता** के अनुसार गुरुवार की दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी व तेज हवा से इटौली उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति बे पटरी हो गई है। हल्की बूंदाबांदी से उमस बढ़ने से लोग बेहाल नजर आ रहे। उपकेंद्र के भड़ायल, परसनी और टड़ियावां व अहिरोरी फीडर पर शट डाउन ले रखा गया है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि उपकेंद्र कर्मचारी और विभागीय अधिकारियों को आपूर्ति देने में ढिलाई की जा रही है। हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा पर आपूर्ति गुल होना तो कभी कभार व अपवाद स्वरूप है, बल्कि हर रोज दिन में आपूर्ति जानबूझकर बंद रखी जा रही है। ग्रामीणों ने कहा आपूर्ति बंद होने की वजह पूछे जाने पर जिम्मेदार फॉल्ट या तार टूट जाने का हवाला देकर जल्द बहाल करने के आश्वासन देकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

**सार-संक्षेप**

### ननिहाल में रहे सात साल के बच्चे की नहर में डूबने से मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पिता के न रहने के बाद मां व बहनों के साथ ननिहाल में रह रहा एक 7 वर्षीय बच्चा अचानक नहर में गिर कर डूब गया,उसे नहर से निकाल कर सीएचसी पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के परसपुर निवासी सुनील की कुछ साल पहले मौत हो गई थी,उसकी पत्नी सरोजनी अपने इकलौते बेटे सूरज और दो बेटियों आकांक्षा व अक्षरा को ले कर अपने मायके भीठादान आ कर पिता लाखन के यहां रहने लगी, उसका सात वर्षीय पुत्र सूरज गुरुवार को खेलते–खेलते वहीं गांव के पास से निकली शारदा नहर के पास पहुंच गया,अचानक पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया,उसे डूबता हुआ देख कर तमाम लोग दौड़ पड़े। किसी तरह सूरज को बाहर निकाल कर सीएचसी अहिरोरी पहुंचाया गया,लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनते ही उसकी मां सरोजनी बेहोश हो गई। उसका बुरा हाल है।

### महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को किया जागरूक


महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**संवाददाता, पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पिहानी क्षेत्र के अंतर्गत पिया बाग़ में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी कांस्टेबल दीक्षा यादव व सपना प्रीति व माधुरी चौहान आदि ने महिलाओं को जागरूक किया महिला संबंधी अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जिसमें से महिला पावर हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा के नंबर 112 व 1098 एम्बुलेंस सेवा 108 और महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के लिए 1930 के बारे में जानकारी दी पुलिस कर्मियों ने बताया मिशन शक्ति जागरूक अभियान उत्तर प्रदेश में दिन–ब–दिन सफल हो रहा है भारत सरकार ने अपने राष्ट्रीय महिला सुरक्षा अभियान का नाम बदलकर मिशन शक्ति नाम रखा है।

### जिला जज ने किया जेल का निरीक्षण


पाकशाला का निरीक्षण करते जिला जज सुशील कुमार शुक्ला। अमृत विचार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** जिला जज सुशील कुमार शुक्ला, जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। जिला जज ने बंदियों से विधिक सहायता के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास वकील न हो तो उसे सरकारी वकील मुहैया कराया जाए। सभी अधिकारियों ने बंदियों से जेल की व्यवस्थाओं के संबंध में संवाद किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कैदियों को रोस्टर के अनुसार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। बंदियों में रचनात्मक गतिविधियों का संचार किया जाए। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीमार बंदियों का हाल–चाल जाना तथा डॉक्टर को बंदियों का अच्छी तरह से इलाज करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि सभी सुरक्षा गार्ड अपनी ड्यूटी पर लगातार मुस्तैद रहे। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### चयनित खिलाड़ियों का दो दिवसीय शिविर संपन्न

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** नव युग सेवा संस्थान द्वारा जिले में अंडर–16 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दो दिवसीय क्रिकेट कैंप के दूसरे दिन सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल स्थित अखिलेश अग्रवाल क्रिकेट अकादमी में समापन हुआ। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां सिखाई गई। दो दिनों के क्रिकेट कैंप मे खिलाड़ियों को फिटनेस फील्डिंग व नेट सेशन कराया गया। तीनों टीमों के कप्तानों की घोषणा की गई। इस टूर्नामेंट में तीन टीमें प्रतिभाग कर रही है। जिसमें पहली टीम एप्टेक–11 का कप्तान गोविन्द व समर प्रताप सिंह को उप कप्तान बनाया गया। दूसरी टीम किशन को परफेक्ट–11 का कप्तान व सूर्य कुमार को उप कप्तान की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। रितेश वर्मा को तीसरी टीम खाटू श्याम ट्रस्ट–11 का कप्तान और सत्यम को उप कप्तान बनाया गया है। शुक्रवार को पहला मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम में परफेक्ट–11 व एप्टेक–11 के बीच सुबह 7 बजे होगा। इस बीच क्रिकेट कैंप के दौरान नवयुग सेवा संस्थान के सचिव शिवम अवस्थी,अखिलेश अग्रवाल क्रिकेट अकादमी के कोच आकाश त्रिपाठी , सूरज तिवारी, सैय्यद अदनान हुसैन जैदी मौजूद रहे।

### गोष्ठी में अभ्यर्थियों का किया मार्गदर्शन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी के साथ थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्र ने एक गोष्ठी का आयोजन कर दिशा निर्देश दिए। पुलिस परीक्षा में चयनित होने वाले अभ्यर्थी को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन कोतवाली में किया गया। जिसमें कुल 81 महिला तथा पुरुष अभ्यर्थी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्र ने सभी का मार्ग दर्शन किया और भविष्य में पुलिस टीम का हिस्सा बनकर कैसे काम करेंगे उसको लेकर दिशा–निर्देश दिए।

### अफसरों की लापरवाही से खतरे में पर्यावरण संरक्षण

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील में पर्यावरण संरक्षण का प्रयास विफल हो गया है। पिछले वर्ष तहसील परिसर में मां के नाम पर लगाए गए सैकड़ों पौधे अधिकारियों की लापरवाही के कारण सूख गए हैं। तहसील प्रशासन ने न तो समय पर पौधों को पानी दिया और न ही उनकी उचित देखभाल की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि तहसील प्रशासन पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहा है। जब इस मामले में तहसीलदार अमित कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन का जवाब देना भी उचित नहीं समझा। यह स्थिति न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मां के नाम पर किए गए इस कार्य की भावनाओं का भी अनादर है। क्षेत्र के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम केवल औपचारिकता न रहें। उन्होंने पौधों की देखभाल के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग की है। स्थानीय लोगों में यह चिंता है कि क्या प्रशासन इस घटना से कोई सीख लेगा या पर्यावरण संरक्षण का यह प्रयास यूं ही विफल होता रहेगा।

# कटका कला में बिजली व्यवस्था हुई बेपटरी

**फजीहत**

**धरने के बाद रखा गया ट्रांसफार्मर फिर फुंका 150 घरों में छाया अंधेरा**

संवाददाता, अतरौली, हरदोई,


भूपेंद्र सिंह।


रजनीश मिश्रा।


दिलीप शुक्ला।


हरीश दीक्षित।

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के कटका कला गांव में लगभग 10 दिनों से 25 केवी ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे 150 घरों में अंधेरा छाया हुआ है। गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार को जखवा पॉवर हाउस पर धरना दिया था जिससे तत्काल प्रभाव से 25 के वी ट्रांसफार्मर लगावाया गया। जो कि लगने के 30 मिनट बाद फुंक गया। ग्रामीणों कहना है 25 केवी ट्रांसफार्मर 150 घरों के कनेक्शन का लोड नहीं उठा पा रहा है, इसलिए 63 केवी ट्रांसफार्मर की मांग की जा रही जिस पर एक हफ्ते का वक्त मांगा गया है। गांव में लगभग 35 समर सिबिल लगे हुए लोगों को पानी की दिक्कत हो रही है। दूर-दूर से भर के लाना पड़ रहा है। लगभग 100 छात्र पढ़ाई करते है। अंधेरे में पढ़ाई नहीं हो पा रही है और दिन में गर्मी के कारण हाल बेहाल है। कनेक्शन धारक दिलीप कुमार शुक्ला, आशाराम, रामशंकर, राजेंद्र प्रसाद, रजनीश मिश्रा, रुन्ने, रामदेव कश्यप, प्रीति कश्यप, राजेश्वरी, रामसरन, सुशीला देवी, प्रेम चंद्र मौर्या विष्णु मौर्या, राम नरेश मिश्रा, वंदना मौर्या, शिवांश दीक्षित, आशीष शुक्ला, रामशंकर दीक्षित, ब्रजेश मौर्या, शिव पती मौर्या, काली चरण यादव, विजय तिवारी, मुन्ना तिवारी, जगराना, श्याम लाल विद्युत व्यवस्था से बदहाल होने से परेशान हो रहे हैं।


कटका कला में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### फिर फुंका ट्रांसफार्मर, फोन नहीं उठा रहे अधिकारी

भूपेंद्र सिंह ने बताया बुधवार क़ो धरना देने के बाद सुनवाई हुई भी तो फिर ट्रांसफार्मर फुंक गया। जेई और एसडीडो संडीला फोन नहीं उठा रहे हैं। गांव में त्राहिमाम मचा पड़ा है। रजनीश मिश्रा ने बताया गांव में 10 दिन से हाल बेहाल है। गांव के लगभग 100 छात्रो क़ो रात में पढ़ने में दिक्कत हो रही है और दिन में गर्मी से हाल बेहाल है। दिलीप शुक्ला ने बताया ट्रांसफार्मर कई बार फुक चुका है ये सिलसिला 1 साल से है। कजरूरत 63 के वी है और लगाया गया है 25 के वी जो कई बार फुक चुका है। 30 मिनट चलता है फिर ध्वस्त हो जाता है। हरीश दीक्षित ने बताया गांव में 35 समर सिबिल है 10 दिन से पानी की किल्लत बनी हुई है लोग दूर दूराज से पानी भर के ला रहे है।

## नशेड़ी युवक ने तोड़ा दम

**हरदोई, अमृत विचार।** नशाखोर युवक नशे की हालत में घर पहुंचा और वहीं दरवाजे पर गिर पड़ा, घर वाले उसे इलाज के लिए ले जाने का बंदोबस्त कर रहे थे,उसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के धुन्नापुरवा मजरा अटवा असिगांव निवासी 46 वर्षीय अखिलेश वर्मा पुत्र जोधन पेशे से इलेक्ट्रीशियन था। बताते हैं कि बुधवार की शाम को वह नशे की हालत में अपने घर पहुंचा,लेकिन लड़खड़ा कर वहीं पर गिर पड़ा,घर वालों ने दौड़ कर उसे उठाया और इलाज के लिए ले जाने का बंदोबस्त करने लगे,उसी बीच उसकी मौत हो गई।

# गलत इंजेक्शन लगाने से 3 वर्षीय बच्चे की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पीलिया से पीड़ित एक तीन साल के बच्चे को झोलाछाप ने ऐसा इंजेक्शन लगाया कि उसकी मौत हो गई। दबाव के चलते घर वाले वहां से उसका शव उठा लाए और अतरौली पुलिस को तहरीर दी,अतरौली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर आया है,मौत की वजह जानने के लिए बिसरा प्रजर्व किया गया,जिसकी लखनऊ में फोरेंसिक जांच होगी,उसके बाद ही मौत की असल वजह सामने आ सकेगी। बताया गया है कि अतरौली थाने के बेरवा निवासी सुनील पाल का तीन वर्षीय हंसपाल उर्फ अंश करीब 15 दिनों से बीमार चल रहा था। जांच में उसके पीलिया आई। घर वाले उसे सण्डीला ले गए,जहां झोलाछाप उसका इलाज कर रहा था,बताते है कि बुधवार उसके इंजेक्शन लगाया गया। उसके लगते ही बच्चे की तबीयत और बिगड़ गई। फिर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। वहां दबाव बनता देख सुनील पाल बेटे का शव गांव उठा लाया और अतरौली पुलिस को तहरीर दी,पुलिस ने गुरुवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में उसकी मौत का सही पता नहीं चल सका। इस वजह से फोरेंसिक जांच के लिए उसका बिसरा प्रिजर्व किया गया है।

### पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवादा निवासी युवक की पत्नी ने पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर जनपद के रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के ग्राम गुआरी निवासी प्रीती पुत्री रामदास के अनुसार उसका विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवादा निवासी रंजीत पुत्र श्यामलाल के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद ही पति, ससुर, सास मुनेश्वरी, देवर सुरजीत और ब्रजेश अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग को उसे आयेदिन प्रताड़ित करते हैं। दहेज की मांग को लेकर विपक्षियों ने उसका जेवर, आधारकार्ड, मोबाइल सब छीनकर उसे घर से निकाल दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने बताया तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पानी पीने गई बालिका की करंट से मौत

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे में बुधवार की रात करीब एक बजे 12 वर्षीय बालिका नल से पानी पीने गई सभी नाल में लगे मोटर से करंट उतरने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय चीनी मिल के गेस्ट हाउस में कुक का कार्य करने वाले सुरेश कश्यप की 12 वर्षीय पुत्री कीर्ति कस्बे में ही अपने नाना के घर पर रहकर पढ़ाई करती थी बुधवार की रात करीब एक बजे प्यास लगने पर वह नल से पानी लेने गई, तभी नल में बिजली से चलने वाला मोटर लगा था, जिसमें करंट दौड़ रहा था। जैसे ही बालिका द्वारा नल को छुआ वैसे ही बिजली के करंट में अपने चपेट में ले लिया। यह सेवा बुरी तरीके से एक हाथ झुलस गया और मौके पर भी दम तोड़ दिया। मृतका स्थानीय कस्बे के एक स्कूल में कक्षा 5 की छात्रा थी। वह पांच बहन व एक भाई है। घटना से हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया जानकारी प्राप्त हुई है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पोल से चिपककर बालिका झुलसी



**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला बजरिया में गुरुवार को पूर्वाह्न 11 :30 बजे एक छह वर्षीय बच्ची खेलते समय बिजली के खंभे की चपेट में आ गई और करंट लगने के कारण उसमें चिपक गई। बच्ची के चीखने चिल्लाने पर परिजनों ने उसे जैसे–तैसे बचाया और लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया निवासी अशफाक की 6 वर्षीय पुत्री कुनसुम दरवाजे पर खेल रही थी। दरवाजे के किनारे लगे लोहे के खंभे में करंट आ रहा था। खंबे की चपेट में आने से बच्ची खंभे से चिपक गई। उसके चीखने चिल्लाने पर घर वाले दौड़े और जैसे तैसे बच्चों को बचाया। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल अवस्था में उसे सीएचसी लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बच्ची के पिता अशफाक का कहना है कि उसके दरवाजे पर लोहे का खंभा मना करने के बावजूद लगा दिया गया। खंभे में अक्सर करंट आता रहता है। तमाम बार–बार बिजली विभाग से शिकायत कर चुका है, परंतु उसकी नहीं सुनी गई।

# हादसे में कोचिंग संचालक की गई जान

**कछौना, अमृत विचार।** कोचिंग संचालक पत्नी व बेटे को लेने के लिए बाइक से ससुराल लखनऊ जा रहा था,उसी बीच लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के मैट्रो रेस्टोरेंट के



पास वह अचानक तेज़ रफ्तार की चपेट में आ गया,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। कछौना पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के पेनीपुरवा निवासी 22 वर्षीय अनुज श्रीवास्तव पुत्र श्रवण कुमार श्रीवास्तव कोचिंग चलाता था,उसकी पत्नी बेटे के साथ अपने मायके लखनऊ गई हुई थी। गुरुवार की दोपहर अनुज उन दोनों के लेने बाइक से लखनऊ जा रहा था,उसी बीच लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के मैट्रो रेस्टोरेंट के पास पहुंचा,उसी बीच तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी,जिससे अनुज काफी दूर जा गिरा और हेलमेट लगा होने के बावजूद उसके सिर में काफी गहरी चोंट लगी,आनन-फानन उसे सीएचसी पहुंचाया गया,लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही अनुज के घर और उसकी ससुराल में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### खाई में बाइक गिरने से युवक की मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** चेन्नई की बर्तन फैक्ट्री में नौकरी करने वाला युवक छुट्टी में गांव आया हुआ था,गुरुवार को बाज़ार से सौदा खरीद कर बाइक से वापस जा रहा था,उसी बीच रास्तें में तेज़ रफ्तार की चपेट में आने से बाइक के साथ खाईं में जा गिरा,जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के बढ़नपुर निवासी 30 वर्षीय गौरी शंकर चेन्नई में एक बर्तन फैक्ट्री में नौकरी करता था। पिता की बीमारी की खबर सुन कर एक महीने पहले वहां से छुट्टी ले कर गांव आया हुआ था। गुरुवार को वह बिलग्राम की बाज़ार से कुछ सौदा खरीदने आया और बाइक से वापस जा रहा था,उसी बीच बिलग्राम–ज़फरपुर रोड पर ककरा खेड़ा के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी,जिससे वह बाइक के साथ खाईं में जा गिरा,जिससे बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। उसे वहां से निकाल कर सीएचसी बिलग्राम पहुंच आया गया,जहां से मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया,वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। गौरी शंकर के परिवार में उसकी पत्नी अनीता देवी और एक 5 साल का बेटा अवि है। हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में चीख–पुकार होने लगी। पुलिस जांच–पड़ताल कर रही है।


संकल्प सभा में बोलते भाजपा नेता। अमृत विचार

### विकसित भारत मंडल संकल्प सभा का हुआ आयोजन

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11वीं वर्षगांठ की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सवायजपुर मंडल पर विकसित भारत मंडल संकल्प सभा हुई। मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने कहा मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन–जन तक पहुंचाना सबकी जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्रों में देश की प्रगति का आलम यह है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने छह एम्स स्थापित किए और मोदी सरकार ने 22 नए एम्स बनाए जिनमें यूपी में दो एम्स शामिल हैं। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने सरकार की उपलब्धियों को प्रचारित करने को कहा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरजीत कुशवाहा, केपी सिंह, मदनलाल सिंह, रोहित तिवारी, अमित गुप्ता, बृजेश सिंह सहित मण्डल के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# ग्रिल में अनियंत्रित कार के टकराने से युवक की मौत

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हादसे में एल्युमीनियम की ग्रिल अगली सीट में बैठे युवक के हुई आर-पार व साथी घायल

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी सेफ्टी ग्रील से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि एल्युमीनियम की ग्रिल शीशा तोड़कर कार चालक के बगल में बैठे युवक के आर-पार हो गई। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं कार चालक को मामूली चोटें आई है।


लखनऊ-कानपुर हाईवे पर कार में घुसी सेफ्टीग्रिल। अमृत विचार

सिद्धार्थ नगर जिला के बांसी थानांतर्गत सोनखर नरकटहा गांव निवासी आकाश राजभर (24) पुत्र साधु शरण बलरामपुर जिले के तुलसीपुर गांव निवासी मित्र रघुबर (22) पुत्र संतोष बरनवाल के साथ किसी काम से बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट लगी कार से कानपुर जा रहे थे। तभी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव के सामने कार चला रहे रघुवर को अचानक झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सेफ्टी ग्रिल से टकरा गई। रफ्तार अधिक होने से ग्रिल कार का शीशा तोड़ते हुए चालक के बगल में बैठे आकाश के पेट में आरपार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि वह ग्रिल के साथ पीछे डिग्गी से बाहर जाकर गिरा। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं रघुबर को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा। सूचना पर पहुंचे लखनऊ निवासी मामा राकेश ने बताया कि भांजा आकाश फर्रुखाबाद में एक गुरुकुल में कार्य करता था। वह तीन भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई अनूप व अनुराग हैं। अभी किसी की शादी नहीं हुई है। बेटे की मौत से मां अवती देवी बेहाल है। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया हादसे में युवक की मौत हुई है। परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा गया है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मचा कोहराम

**औरास, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के नेवराघाट गांव निवासी रामचेला (45) लखनऊ में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहकर वहीं बितासखाने की ठेलिया लगाकर गुजर बसर करता था। 15 दिन पूर्व वह लखनऊ से आसीवन थानाक्षेत्र के कुरसठ गांव में दांत की दवा लेकर कार से लखनऊ जा रहा था। तभी हसनगंज कोतवाली अंतर्गत अकबरपुर गांव के पास सामने से आ रहे टैंकर ने कार में टक्कर मार दी थी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं रामचेला गंभीर घायल हो गया था। जिसे राहगीरों ने एंबुलेंस से हसनगंज सीएससी में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर किया था। परिजन उसे ट्रामा सेंटर ले गए लेकिन, हालत में सुधार न देख उसे लखनऊ के लोक बंधु हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां गुरुवार भोरपहर इलाज के उसकी दौरान मौत हो गई। उसकी मौत की खबर सुन पत्नी रामकली बेहाल हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के एक बेटी व एक बेटा है। बेटी की शादी हो चुकी है जबकि, बेटा अविवाहित है। पिता की असमय मौत पर बेटा रोहित व बेटी चांदनी रो-रोकर बेहाल हैं।

# सई नदी में उतराते मिले लापता दो किशोरों के शव, परिजन बेहाल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बुधवार को घर से बिना बताए निकले दो किशोर सई नदी में नहाते समय तेज बहाव में फंस कर बह गए। परिजन उनकी तलाश में भटक रहे थे तभी लखनऊ के मोहनलालगंज थानाक्षेत्र में उनके शव नदी में उतराते मिले।

असोहा थानाक्षेत्र के जबरेला गांव निवासी गोविंद का बेटा आदर्श उर्फ रौनक (15) गांव निवासी दोस्त शिवा (15) पुत्र लाला साहू के साथ बुधवार दोपहर 12 बजे बिना बताए घर से निकले थे। शाम तक न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस पर उन्होंने असोहा पुलिस से संपर्क कर तहरीर दी थी। पुलिस किशोरों की तलाश कर रही थी तभी गुरुवार सुबह गांव से कुछ दूर ग्रामीणों ने लखनऊ के मोहनलालगंज थानाक्षेत्र स्थित सई नदी में दोनों के शव उतराते देखे। सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस पहुंची और जांच की। सई नदी किनारे दोनों के कपड़े रखे मिले हैं। शिवा 15 दिन पहले पूना से लौटा था। वहीं आदर्श कक्षा 10 का छात्र था और वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। शिवा की मौत से मां विनीता, भाई चुन्नी, बहन विधि है।

# झपकी आने से पलटा ट्रक, चालक व परिचालक घायल

संवाददाता, गंजमुरादाबाद उन्नाव

▸▸ आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से तेज़ रफ़्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। इसमें चालक व परिचालक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने हाइड्रा से ट्रक व उसमें लदा लोहा किनारे कर आवागमन बहाल कराया।


एक्सप्रेस-वे पर पलटा पड़ा ट्रक।

जिला एटा के थाना दशरथपुर अंतर्गत गांव नगला ढाकन निवासी प्रशांत (20) पुत्र खुशीराम परिचालक रफीक (29) पुत्र मो. राशिद निवासी कस्बा व थाना मोहम्दाबाद फर्रुखाबाद के साथ ट्रक में लोहे की चादरें लादकर पंजाब से बनारस जा रहा था। तभी रास्ते में बीती रात कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित गांव बहलोलपुर के पास चालक को झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इसमें चालक-परिचालक गंभीर घायल हो गए। वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने एंबुलेंस से दोनों को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने घायलों को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

### बाइक सवार खड़े डंपर से टकराया, गंभीर

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** बुधवार मध्य रात्रि कानपुर सहालग से लौट रहा एक बाइक सवार सहजनी के पास खड़े डंपर में पीछे से घुस गया। जिसे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है। मोहद्दीपुर, आसीवन निवासी 28 वर्षीय नरेश राठौर सहालग का काम करता है और बुधवार रात करीब एक बजे वह कानपुर से काम कर उन्नाव लौट रहा था। सहजनी के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। हादसे में नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


जनसुनवाई में पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं, दिए निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** जनसुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनवाने की कार्रवाई की गई। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। गुरुवार को भी तीन बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। डीएम के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अब तक जन सुनवाई में 60 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। एक महिला जिसके पति का देहांत हो चुका था, जब वह डीएम के समक्ष पहुंची तो डीएम ने तत्काल प्रोबशन विभाग को बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने व महिला की निराश्रित महिला पेंशन शुरू कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि तारांकित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। उधर, नाले की सफाई में लापरवाही पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी नपा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# बाल श्रमिकों को शिक्षा से जोड़ने पर किया विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, धर्मशाला रोड सिनेमा चौराहा में बाल श्रम निषेध के विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता योगेन्द्र दत्त मिश्रा, ईट भट्ठा एसोशियेसन के द्वारा की गई। गोष्ठी का संचालन सत्यबीर सिंह, सहायक श्रमायुक्त ने अध्यक्ष की अनुमति पर प्रारम्भ किया गया। गोष्ठी का प्रारम्भ विजय बहादुर सिंह, अध्यक्ष सेवा भारती ने किया, जिसमें उन्होंने कहा कि बाल श्रम को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिये कार्य योजना बनाये हेतु विचार विमर्श किया गया। सुधीर अवस्थी, सहकारी समिति ने बाल श्रम उन्मूलन हेतु पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन देते हुए अधिनियम के प्रावधानों पर गोष्ठी में उपस्थित सदस्यों को सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। गोष्ठी में पिंकी सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा विभाग की योजनाओं, मुख्य भक्ति, बाल श्रम योजना एवं स्पान्सरशिप योजना के माध्यम से अनाथ बाल श्रमिकों एवं भिच्छा में लगे बच्चों के उत्थान एवं कल्याण हेतु योजनाओं के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी में शामिल अनूप तिवारी, चाइल्ड हेल्प लाइन, प्रोजेक्ट क्वार्डीनेटर द्वारा खोये पाये बच्चों अथवा अवैध व्यापार में शामिल बच्चों के रेसक्यू व हेल्पलाइन 1098 डायल 112 के माध्यम से उनके गन्तव्य तक पहुंचाने व शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी में सत्यबीर सिंह, सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा 12 जून 2002 से विश्व बाल श्रम प्रतिषेध हेतु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार विश्व बाल श्रम मुक्त कराने हेतु कार्य किया जा रहा है।


गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

# हाईस्कूल व इंटर के मेधावी हुए सम्मानित

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री लोक भवन, लखनऊ में वर्ष 2025 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किये जाने का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के नेतृत्व में स्वामी विवेकानन्द सभागार में प्रदेश हाईस्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले चार बालक एवं छह बालिकाओं सहित कुल 10 मेधावी थे, जिसमें से जनपद से राज्य स्तर पर तीन मेधावी विद्यार्थी क्रमशः आकृति पटेल-मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कालेज मल्लांवा, श्रेया राज-मल्लावां पब्लिक स्कूल इंका मल्लावां एवं प्रतिभा पटेल-एसएनपब्लिक इका रूकनापुर माधौगंज, हरदोई को राज्य स्तर पर एक लाख रुपये की धनराशि, 01 प्रशस्ति पत्र, 01 टैबलेट, 01 मेडल तथा जनपद स्तर पर हाईस्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 04 बालकों एवं 03 बालिकाओं सहित कुल 07 मेधावी विद्यार्थियों को इक्कीस हजार रू० की धनराशि, 01 प्रशस्ति पत्र, 01 टैबलेट, 01 मेडल देकर सम्मानित किया गया है। जनपद स्तर पर इण्टरमीडिएट की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 03 बालकों एवं 07 बालिकाओं सहित कुल 10 मेधावी विद्यार्थियों को इक्कीस हजार रू० की धनराशि, 01 प्रशस्ति पत्र, 01 टैबलेट, 01 मेडल देकर सम्मानित किया गया है। मेधावी विद्यार्थियों में कुल 05 विद्यालय प्रधानाचार्य क्रमशः मल्लावां पब्लिक स्कूल इ०का० मल्लांवा हरदोई, श्री रामलाल सिंह मेमो० पब्लिक स्कूल सदरपुर, हरदोई, श्री दर्शनलाल वर्मा स्मारक इंका ईश्वरपुर साई, हरदोई एवं श्री जानकी प्रसाद इ०का० पतसेनी कछौना, हरदोई को एक प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।


मेधावियों को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार


भूमि पूजन करते ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

### सवायजपुर में लगेगा ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट

**संवाददाता, भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** कन्हारी गांव में ई- वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट का भूमि पूजन गुरुवार को ब्लाक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, एसडीएम संजय अग्रहरि, रूपापुर चीनी मिल के जीएम संजीव कुमार तोमर ने पूजा अर्चना के बाद नारियल तोड़ भूमि पूजन किया। मुख्य अतिथि प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिंह सेनानी ने कहा इलेक्ट्रॉनिक कचरा या ई-कचरा फेंके गए बिजली के उपकरणों को कहते है। ई-वेस्ट कचरे से हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण को होने वाला नुकसान सभी अन्य कचरे की विनाशकारी शक्ति से कहीं अधिक होता है। अब इस प्लांट से दस हजार मैट्रिक टन ई-वेस्ट का प्रसंस्करण किया जाएगा, यह प्लांट निजी इनवेस्टमेंट पर आधारित है इससे सरकार को राजस्व लाभ भी होगा और क्षेत्र के लोगों में रोजगार का सृजन भी। उपजिलाधिकारी संजय कुमार अग्रहरि ने कहा यह प्लांट पर्यावरण के लिए वरदान साबित होगा, वहीं चीनी मिल के महाप्रबंधक संजीव तोमर ने कहा औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र का भी विकास होगा। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट के निवेशक और डायरेक्टर बलदेव राणा संजू ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# पुलिस से डरकर रेडीमेड कारोबारी ने की आत्महत्या

**हरदोई/टड़ियावां।** रेडीमेड कारोबारी और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हो गया, उसी बात पर पत्नी ने यूपी-112 पर काल करते हुए पुलिस बुला ली, पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसने पकड़े जाने के डर से अपने मकान के ऊपरी कमरें में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, जबकि उसके ससुराल वाले बोल रहे हैं कि उसने आपसी बंटवारे के चलते ऐसा कदम उठाया। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के मसीत मजरा सढ़िला निवासी 35 वर्षीय अनुज अग्निहोत्री पुत्र दिनेश चन्द्र अग्निहोत्री टड़ियावां में रेडीमेड कपड़ो का कारोबार करता था। बुधवार की रात में उसका पत्नी आकांक्षा से किसी बात पर झगड़ा हो गया था, उसी पर पत्नी ने यूपी-112 पर काल कर दी, पिता का कहना है कि अनुज ने आधी रात में फोन पर बताया था कि 'पापा...पुलिस आ गई है, हम भाग रहें है, आप भी भाग जाओ', उसके बाद अनुज मकान के ऊपर वाले कमरे पहुंचा और वहां फांसी लगा ली। गुरुवार की सुबह उसके पड़ोसी महेंद्र पाण्डेय ने अनुज का शव फांसी पर लटका हुआ देखा, उसके शोर करने पर लोगों को इसका पता चला। अनुज के दो बच्चे है, चार भाइयों में दो बड़े और एक उससे छोटा भाई अभिषेक है।



### हादसों को रोकने के लिए चलाया चेकिंग अभियान

**पिहानी, हरदोई।** कोतवाली पिहानी क्षेत्र जिले में बढ़ते एक्सीडेंट को देखते हुए खासकर नाबालिक बच्चों को गाड़ी चलने को लेकर गुरुवार को यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के तहत एक बुलेट मोटरसाइकिल को पकड़ा। इस बुलेट में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मॉडिफाइड साइलेंसर लगा हुआ था जो की गैर कानूनी अपराध है चालक हेलमेट भी नहीं लगाया था यातायात निरीक्षक हरिनाथ यादव ने मॉडिफाइड बुलेट को कब्जे में लेकर तुरंत प्रभाव से साइलेंसर निकलवाया फिर चलान की प्रक्रिया पूरी की यातायात निरीक्षक ने सभी को चेतावनी दी और कहां कोई भी दो पहिया वाहन मैं मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें बिना हेलमेट वाहन न चलाएं निरीक्षक ने मोटी फ़यीड बुलेट का सईलेसर निकल व कर चालान की प्रक्रिया पूरी की चार पहिया चालकों को भी सीट बेल्ट लगाकर ड्राइविंग करने की हिदायत दी।

# बेटे को जहर देकर मारने का लगाया आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** नशाखोरी की लत के चलते युवक ने पहले तो अपनी मां को घर से भगा दिया। उसके बाद पत्नी और बच्चों को बाहर कर दिया। उसी युवक की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। उसकी मां का आरोप है कि जेठ की बेटी और दामाद ने उसके बेटे को नशाखोरी में धकेल कर उसका सारा खेत बिकवा दिया। उसके बाद सारा रुपया हड़प कर ज़हर देकर मार डाला। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है, फिलहाल जांच की जा रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के समुदाय भिठारी निवासी 40 वर्षीय पवन कुमार उर्फ पिंकू पुत्र महिपाल की गुरुवार की सुबह अचानक तबियत बिगड़ी, उसे तत्यौरा के पास एक निजी हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पहले तो बीमारी से मौत होने की बात कही जा रही थी, लेकिन उसी बीच रोती-बिलखती सामने आई बुज़ुर्ग विद्यावती उर्फ बिट्टा ने अपने को पवन कुमार उर्फ पिंकू की मां बताया, उसने रोते हुए कहा कि उसके पड़ोस में जेठ की बेटी वंदना अपने पति सर्वेंद्र के साथ रहती है। पवन कुमार उर्फ पिंकू का उसके घर आना-जाना था। बहनैई सर्वेंद्र कए पास बैठ कर उसके बेटे को नशाखोरी की लत लग गई। आरोप है कि वंदना और उसके पति सर्वेंद्र ने झांसा दे कर पवन कुमार उर्फ पिंकू के हाथों 40 लाख में उसका कीमती खेत नगद करा दिया और सारा रुपया हड़प कर लिया, उससे पहले जब उसने (विद्यावती उर्फ बिट्टा) ने विरोध किया तो पवन उर्फ पिंकू ने उसे घर से भगा दिया, वह अपनी ननद विद्यावती के घर इटोरिया थाना लोनार चली गई, पवन उर्फ पिंकू ने वंदना और सर्वेंद्र के बरगलाने पर पत्नी पूनम को उसके दोनों बच्चों के साथ घर से बे घर कर दिया पूनम बच्चे ले कर अपने मायके पिपोना थाना बघौली चली गई। पवन उर्फ पिंकू की मां विद्यावती का आरोप है कि चचेरी बहन वंदना और बहनोई सर्वेंद्र ने बेटे को ज़हर दे कर मार दिया। पुलिस कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है, फिलहाल जांच की जा रही है।


आरोप लगाती मां।

## सार-संक्षेप

### नाले में मिले युवक के शव की हुई पहचान

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली अंतर्गत किशोरी खेड़ा के पास नाले में मिले युवक के शव की पहचान उसकी पत्नी ने मोर्चरी पहुंचकर की। इसके बाद पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि सदर कोतवाली अंतर्गत लोधनहार निवासी गुरुप्रसाद (45) पुत्र भिखारी मजदूरी करता था। रविवार सुबह वह साइकिल से मंडी आने के लिए घर से निकला था। लेकिन देररात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी रिश्तेदारी व अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन पता नहीं चला। बुधवार शाम पत्नी पूनम परिजनों के साथ पति की गुमशुदगी दर्ज करने कोतवाली पहुंची। उसके बताए हुलिए के आधार पर जेल चौकी प्रभारी ने रविवार को किशोरी खेड़ा मोहल्ला के जयगुरुदेव आश्रम के पास नाले में पड़े मिले अज्ञात शव की फोटो दिखाई। जिसे देख पत्नी फफक पड़ी और शव अपने पति का बताया। इस पर पुलिस के साथ वह मोर्चरी पहुंची और शव देखते ही पहचान लिया। गुरु प्रसाद के एक बेटी रुचिका है और वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि शव की पहचान हुई है।

### 22 साल बाद पकड़ा गया गोकशी मामले का वारंटी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** गोकशी के मामले में जमानत के बाद से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस उत्तराखंड से पकड़कर कोर्ट लाई। जहां से उसे जेल भेजा गया है। बता दें कि अचलगंज पुलिस ने वर्ष-2003 में उत्तराखंड प्रांत के उधम सिंह नगर के गदरपुर थाना निवासी अजीजुर्रहमान को गौ-तस्करी में पकड़कर जेल भेजा था। इसके बाद वह जमानत पर छूटने के बाद लापता हो गया था। वह कोर्ट में पेशी भर भी नहीं पहुंचा। इस पर कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने पर अचलगंज थाना के एसआई अर्जुन सिंह फोर्स के साथ उत्तराखंड पहुंचे। जहां स्थानीय पुलिस की मदद से अजीजुर्रहमान को उसके घर से पकड़कर उन्नाव लाया गया। गुरुवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। चर्चा है कि पुलिस उसके जमानतगीरों पर भी कार्रवाई करने की तैयारी में है।

### रास्ता मांगने पर युवकों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य को पीटा

**औरास, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के अहमदपुर कासिमपुर गांव निवासी अरविंद पुत्र नन्हकू अपने रिश्तेदारों के साथ गांव गया था जहां पहले से गांव के अनुज यादव पुत्र परमेश्वर अपनी गाड़ी रास्ते में खड़ी किए थे। साइड मांगने पर अनुज यादव, रजनीश यादव, राजेश यादव, मनफुल यादव पुत्र परमेश्वर नाराज होकर अरविंद से हाथापाई पर उतर आए। इसके बाद सभी ने उसे जमकर पीट दिया। जिससे उसे कई चोटें आई हैं। आरोप है कि उन लोगों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया है। पीड़ित ने सभी के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में लापता हुआ ज्वैलरी व्यवसायी

**संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार :** सोने-चांदी का व्यवसाय करने वाले युवक के पिता ने पुलिस में व्यवसायी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। व्यवसायी कस्बे में किराए पर रहकर ज्वैलरी का व्यापार करता था। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा बांगरमऊ निवासी रघुवीर ने गुरुवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 32 वर्षीय पुत्र सौरभ सिंह कुशवाहा कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला शास्त्री नगर में किराए पर रहता था और वहीं पर ज्वैलरी का व्यवसाय करता था। बुधवार दोपहर बाद से सौरभ अज्ञात कारणों से लापता है। पिता रघुवीर ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे के बाद उनकी बेटे से बात हुई लेकिन, दोबारा 1 बजे के बाद जब उन्होंने बेटे को फोन मिलाया तो फोन बंद मिला। परिजनों के काफी प्रयास के बाद जब सौरभ से संपर्क नहीं हो सका तो परिजन उसके कमरे पर पहुंचे। कमरे में सौरभ का मोबाइल तो मिला लेकिन, वह लापता था। परिजनों ने कस्बा व नाते-रिश्तेदारों में सौरभ की खोज की किंतु कहीं भी उसका पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि बुधवार को सौरभ ग्रे रंग की टी-शर्ट व नीली जींस और स्लीपर पहने हुए देखा गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर सौरभ की खोजबीन शुरू कर दी है।

### सपा नेता समेत छह लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला और उसके पति से मारपीट के आरोप में पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद सपा नेता सहित 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। सांडी थाना क्षेत्र के मुरौली कठेरियान गांव निवासी मिथिलेश कुमारी 20 मई को अपने दरवाजे पर बैठी थी इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव सपा अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव सत्येंद्र कुमार पानू और ललित, अशोक कुमार, महेश लाल, दिनेश, अनिल, मैं गाली गलौज करते हुए मिथिलेश कुमारी को मारा पीटा बचाने दौड़े उनके पति महेंद्र वर्मा को भी सभी 6 लोगों ने मारा पीटा था मामले की शिकायत थाने पर की गई कोई कार्रवाई होने के बाद पुलिस अधीक्षक से घटना की शिकायत की गई जिस पर एसपी के आदेश के बाद पुलिस ने सपा नेता सहित सभी 6 लोगों पर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रात दस बजे के बाद नहीं चलेगी नुमाइश

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** काशीराम कॉलोनी के सामने वाले मैदान में चल रही नुमाइश अब 10 बजे के बाद बंद करनी पड़ेगी। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने नुमाइश मलिक को नोटिस देकर 10 बजे के बाद नुमाइश बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही जर्जर झूलों का तकनीकी प्रमाण पत्र और रात्रि 10 बजे के बाद नुमाइश में ध्वनि प्रदूषण न करने का शपथ पत्र मांगा है। नुमाइश मालिक छोटे सोनी पुत्र वेदप्रकाश सोनी निवासी राधिका पुरी हाथा कप्तान को दिए गए नोटिस में अधिशासी अधिकारी के के सोनकर ने कहा है सभासदों और जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर की नुमाइश मेले में रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज में ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नुमाइश मेले में लगे झूले पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं जिससे किसी भी समय अनहोनी की आशंका बनी हुई है। दिए गए नोटिस में कहा गया है इसके अतिरिक्त रास्ते में ई-रिक्शा और वाहन खड़े हो जाते हैं जिससे शहर वासियों को निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अधिशासी अधिकारी ने एक दिवस के अंदर झूलों का तकनीकी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने तथा रात्रि 10 बजे के बाद प्रदर्शनी बंद करने का शपथ पत्र देने का निर्देश दिया है।

### चयनित रंगरूटों के साथ एसपी ने की ब्रीफिंग

**संवाददाता, हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हुई पुलिस की भर्ती में स्थानीय थाना क्षेत्र के करीब 19 नौजवान युवकों का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में हुआ है। सभी चयनित रंगरूटों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा। इसी के संबंध में क्षेत्र के सभी चयनित उम्मीदवारों के साथ पुलिस अधीक्षक नीरज यादव के दिशा निर्देश पर स्थानीय थाने पर आवश्यक जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री का पुलिस प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम 16 जून को है इसी के संबंध में सभी को बुलाया गया था और कार्यक्रम के दौरान कोई परेशानी न हो किसी को लेकर सभी को अवगत कराया गया है।

### किराना व्यवसायी के घर से 2.70 लाख नकदी व जेवर पार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** किराना व्यवसायी के घर में घुसे चोर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे 2 लाख 70 हज़ार कैश और लाखों का ज़ेवर पार कर ले गए। नींद से जागने पर चोरों की कारस्तानी का पता होते ही पूरी इलाके में दहशत फैल गई। वहां पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। बताया गया है कि कासिमपुर थाने के कुटी मजरा जमसारा गांव निवासी मस्तराम पुत्र हेमनाथ की घर के बाहर किराने की दुकान है। बुधवार की रात खाना-पीना करने के बाद सब अपनी-अपनी जगहों पर सोने चले गए, उसी बीच वहिं घुसे चोरों ने कमरें में रखी अलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे 2 लाख 70 हज़ार कैश और ज़ेवर में सोने का हार, एक जोड़ी कानों के झाले, मांगबेदी, कमरपेटी, पांच जोड़ी पायल, सोने की चैन और दो सोने की अगूंठी पार कर ले गए।

### मातु-पितु-गुरु पूजन भक्ति का संगम


प्रभु श्रीराम का स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** पिछड़ा दलित किसान संघ के तत्वावधान में गुरुवार को ग्राम रामपुर भटपुर स्थित राधाकृष्ण मंदिर, ड़ेढवहिया बाबा स्थल पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मातु-पितु-गुरु पूजन कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा, माता-पिता के प्रति सम्मान और भारतीय संस्कृति संरक्षण को जनमानस में जाग्रत करना रहा। पूजन कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन और मंत्रोच्चार से हुई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। समाज में जागरूकता और सम्मान की भावना को बढ़ाने वाले इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। आयोजन में सामाजिक समरसता, सेवा भावना और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। 25 लोगों मातु पितु गुरु का पूजन हुआ। आचार्य अशोक कुमार शुक्ला ने पूजन कराया। समाजसेवी शिवदेवी सिंह, एडवोकेट बलराम यादव, पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह, बलराम, गनेश, नरेंद्र सिंह प्रान्त प्रचारक आरएसएस, लालजी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कल जिले में रहेंगी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

**उन्नाव :** जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला अयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान 14 जून दिन शनिवार को जिले में रहेंगी। वह वन स्टाप सेंटर उन्नाव में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को चेक वितरण व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ संवाद कार्यक्रम मे प्रतिभाग करेंगी। इसके अलावा वह जिला महिला चिकित्सालय व महिला बंदीगृह का निरीक्षण भी करेंगी। इसके बाद शहर के नार्मल मैदान कृष्णा नगर में अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी।

### रंजिश में जीजा-साले को पीटा, पुलिस से शिकायत

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** रामबक्श खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसके जीजा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। घायल पक्ष ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता सावित्री ने बताया कि बुधवार को उसका दामाद, रजई खेड़ा निवासी सर्वेश, घर आया था और अपने साले विशाल के साथ शंकरपुर में लगे मेले को देखने गया था। इस दौरान गांव के ही एक युवक और उसके बेटों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सर्वेश ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। बचाव करने पहुंचे विशाल को भी मारा पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए भेजा गया। गंगाघाट पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### ब्लॉक लेकर अप लाइन पर ओएचई मेंटीनेंस

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गुरुवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन यार्ड के पास ओएचई का मेंटीनेंस कार्य किया गया। इसके लिए विभाग ने कंट्रोल से आधे घंटे का ब्लॉक लिया, जिससे इस दौरान रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक समाप्त होने के बाद संचालन सामान्य हो सका। लखनऊ-कानपुर रेल रूट स्थित गंगाघाट रेलवे स्टेशन यार्ड में मेंटीनेंस कार्य सुबह 11:20 से 11:50 बजे तक किया गया। विभाग की ओर से पहले से सूचना देकर ब्लॉक की स्वीकृति ली गई थी। ब्लॉक अवधि में अप लाइन पर ट्रेनों का संचालन कुछ समय के लिए रोका गया। ब्लॉक समाप्त होते ही ट्रेनों का संचालन फिर से सामान्य कर दिया गया। रेल अधिकारियों के अनुसार, मेंटीनेंस कार्य नियमानुसार और सुरक्षित ढंग से पूरा किया गया।

# गंगा का जलस्तर गिरा, गहराया जल संकट

## गुरुवार को केन्द्रीय जल आयोग ने 107.600 मीटर दर्ज किया जलस्तर, लोग पैदल पार कर रहे हैं नदी

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


गंगा का जलस्तर घटने से दूर तक दिखती रेती। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अप्रैल से जून तक पड़ रही भीषण गर्मी के कारण गंगा नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है, जिससे शुक्लागंज और आसपास के क्षेत्रों में पानी की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा का मौजूदा जलस्तर मात्र 107.600 मीटर है, जो सामान्य से काफी कम है। नदी के घाटों से अब गंगा काफी दूर हो चुकी है और कई स्थानों पर लोग पैदल ही नदी पार कर रहें हैं।

गर्मी के कारण गंगा की जलधारा अब नहर जैसी दिखाई दे रही है। पानी कम होने से नदी के तल में रेत उड़ रही है और पुलों के आसपास का इलाका धूल-धक्कड़ से भर गया है। पुराने यातायात पुल, रेलवे पुल और नवीन पुल के नीचे अब केवल रेत नजर आ रही है, जिससे पुल से गुजरने वालों को गर्म हवा और उड़ती रेत का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों के चेहरे लू और रेत के कारण झुलसने लगे हैं। जलस्तर में भारी गिरावट का असर भूगर्भीय जल पर भी साफ दिख रहा है। कम गहराई वाले हैंडपंप अब पानी नहीं दे रहे, केवल हवा निकल रही है। वहीं, मोटरें भी पानी नहीं खींच पा रही हैं, जिससे लोगों की टंकियां सूखी पड़ी हैं। गर्मी के इस मौसम में जल संकट ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है और लोगों को पेयजल की किल्लत झेलनी पड़ रही है।

**अचानक बेहोश होकर गिरा वृद्ध, हुई मौत, गंजमुरादाबाद, उन्नावः** नगर के मोहल्ला जोगियाना निवासी एक वृद्ध गुरुवार शाम मल्लावां से पैदल घर आ रहा था। तभी गांव सुल्तानपुर में वह बेहोश होकर गिर पड़ा। ग्रामीण उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव सुल्तानपुर के पास गुरुवार शाम करीब 6 बजे एक वृद्ध अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। ग्रामीणों ने उसे एंबुलेंस से गंजमुरादाबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शिनाख्त कराने पर उसकी पहचान अली हसन 50 वर्ष पुत्र जहूर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह मूलरूप से हैदराबाद के मोहल्ला सुभाष नगर का निवासी था। किंतु कस्बा गंजमुरादाबाद के जोगियाना में वह रिश्तेदारी में रहता था। चौकी प्रभारी ऋषि कपूर ने बताया कि वृद्ध भिक्षा के सहारे जीवन गुजार रहा था। उसे हृदय संबंधी बीमारी भी थी। पोस्टमार्टम कराए बिना शव उसके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया है।

### गश खाकर गिरने से वृद्ध की मौत, लू लगने की आशंका

**संवाददाता नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** बाग से लौट रहा वृद्ध रास्ते में अचानक गश खाकर गिर गया। परिजन आनन-फानन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सीएचसी में समय से इलाज नहीं मिला। परिजनों ने लू लगने की आशंका जताई है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी रामनाथ (60) स्व. कल्लू की गांव के बाहर आम की बाग है। गुरुवार सुबह वह रोज की तरह बाग गया था। बाग से दोपहर में घर आते समय वह रास्ते में गश खाकर अचानक गिर गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी तो परिजन उसे एंबुलेंस से लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। बताते हैं कि एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचने के बाद कुछ देर तक उसे कोई इलाज नहीं मिला। जब तक उसका इलाज शुरू होता तब तक उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी रामरती का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिला। अगर किसी अन्य अस्पताल ले जाते तो शायद उसकी जान बच जाती।

# पालिका द्वारा फोरलेन डिवाइडर पर लगवाई गई रेलिंग क्षतिग्रस्त


फोरलेन पर इस तरह क्षतिग्रस्त पड़ी है रेलिंग। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** नगर पालिका गंगाघाट की ओर से बालूघाट मोड़ से लेकर मरहला चौराहे तक फोरलेन डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग लगवाई गई थी। अधिकांश स्थानों पर रेलिंग क्षतिग्रस्त होकर टूट गई है। जिससे मवेशी डिवाइडर पर घुस जाते हैं और वहां लगे पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

गंगाघाट नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर डिवाइडर के दोनों ओर यह रेलिंग लगवाई गई थी, ताकि डिवाइडर पर लगे पौधों को सुरक्षित रखा जा सके। लेकिन अब देखरेख के अभाव में कई स्थानों पर रेलिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी है। टूटी हुई रेलिंग के कारण आवारा मवेशी डिवाइडर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं और वहां लगे पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पौधे उखड़ने और चर जाने से हरियाली खत्म होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां डिवाइडर की सुंदरता देखने लायक थी, अब वहां अव्यवस्था और गंदगी का आलम है। नगर पालिका की लापरवाही के चलते न केवल पौधे नष्ट हो रहे हैं, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। इस संबंध में नगर पालिका ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि जहां-जहां रेलिंग टूटी है, उसकी मरम्मत जल्द कराई जाएगी।

# बाढ़ से निपटने को अभी से तैयारी कर लें जिम्मेदार अधिकारी : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



बैठक में मातहतों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में कहा गया कि जिले की दो नदियों गंगा व सई में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसमें गंगा के अन्तर्गत तहसील बांगरमऊ, सफीपुर, उन्नाव व बीघापुर के गांव व क्षेत्र प्रभावित होते हैं। वहीं, सई नदी से प्रभावित होने वाली तहसीलों में हसनगंज व पुरवा आते हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाविकों व गावों का चिन्हांकन कर बाढ़ कैंप व चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती व जीवन उपयोगी वस्तुओं की व्यवस्था कर लें। सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भूसा, पानी, राशन किट, दवाईयां आदि की बाढ़ से पूर्व समुचित व्यवस्था कर ली जाए। पुलिस व चिकित्सा विभाग संक्रामक रोगों व महामारी की रोकथाम की तैयारी सहित बाढ़ चौकियों में चिकित्सा की समुचित व्यवस्था कराएं।

**तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में दिए दिशा-निर्देश**

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि नालों की सफाई व नहरों, बांधों व तटबन्धों की मरम्मत, पर्याप्त मात्रा में पंपिग सेट की उपलब्धता, बांधों व तटबन्धों की निगरानी हेतु स्टाफ की नियुक्ति व खाली बोरियों व रेत-मौरंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसीलों व जिला मुख्यालय पर बाढ़ कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील किए जाएं। बैठक में एडीएम सुशील कुमार गोंड, एएसपी प्रेमचन्द्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोणा, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, जिला कृषि अधिकारी शशांक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, एक्सईएन विद्युत भरत गौतम, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी व बीघापुर रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यूके लिप्टस के बाग में लगी आग सैकड़ों पेड़ जलकर राख


आग से जला बाग। अमृत विचार

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचारः** यूके लिप्टस के बाग में अज्ञात कारणों से लगी आग से सैकड़ों की संख्या में पेड़ जलकर राख हो गए। अथक प्रयासों के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मी ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया है।

थानाक्षेत्र के गांव समसापुर भूड़ निवासी राजकुमार प्रजापति ने गांव किनारे अपने डेढ़ बीघा खेत में यूके लिप्टस आदि पेड़ों का बाग लगा रखा है। गुरुवार को बाग में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों का प्रयोग कर आग पर काबू पाया। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक डेढ़ बीघा क्षेत्र में लगे यूके लिप्टस व अन्य पेड़-पौधे जल गए। ग्रामीणों की सतर्कता से आग गांव तक नहीं पहुंच पाई। जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। लेखपाल यज्ञ प्रसाद दीक्षित ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

# फोरलेन पर निर्माण सामग्री डंप कर किया कब्जा

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


इस तरह आधे फोरलेन तक फैली है निर्माण सामग्री। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर के बीचों-बीच गुजरने वाले गंगाघाट-शुक्लागंज फोरलेन पर इन दिनों अतिक्रमण ने हालात बिगाड़ दिए हैं। फुटपाथ और साइकिल ट्रैक पर दुकानदारों, ठेले और बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है। इसके चलते आम लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पीक ऑवर में स्थिति और भी जटिल हो जाती है, जब सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

गंगाघाट रेलवे क्रासिंग से मरहला चौराहे तक फोरलेन के दोनों ओर दुकानें सजी होती हैं। रेडीमेड कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, फल, फास्ट फूड और अन्य दुकानदार फुटपाथ और आधी सड़क तक कब्जा जमाए बैठे हैं। शाम होते ही ठेले-खुंचे और स्ट्रीट वेंडर भी सक्रिय हो जाते हैं। अधिकांश फास्ट फूड स्टॉल आधी सड़क तक फैल जाते हैं, जिससे अक्सर भीषण जाम लग जाता है। बिल्डिंग मैटेरियल बेचने वाले व्यापारियों ने फोरलेन के किनारे गिट्टी, मौरंग, बालू जैसी निर्माण सामग्री डंप कर रखी है। इससे बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं और कई हादसे भी हो चुके हैं। प्रशासन की ओर से चेतावनी देने के बावजूद इन व्यापारियों ने सड़क पर अतिक्रमण जारी रखा है। गंगाघाट पुलिस शाम के समय गश्त पर जरूर निकलती है, लेकिन केवल ट्रैफिक बाधित करने वाले वाहनों पर कार्रवाई कर लौट जाती है। अतिक्रमणकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे उनकी हिम्मत बढ़ती जा रही है।

**पालिका और पुलिस प्रशासन बना अनदेखा, फुटपाथ व साइकिल ट्रैक पर अवैध कब्जा**

वहीं इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने बताया कि जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर निर्माण सामग्री डंप करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ी तो सामान जब्त भी किया जाएगा।

### सरैयां आरओबी निर्माण कार्य में तेजी, जाम लगने से राहगीर परेशान

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** मानसून के पूर्व सरैयां रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। राज्य सेतु निगम द्वारा मरहला चौराहा क्षेत्र में फाउंडेशन कार्य के उपरांत अब पिलर निर्माण शुरू कर दिया गया है। पाइलिंग कार्य पूरा होने के बाद अब पिलरों की अपर लेयर बनाने के लिए शटरिंग बांध कर कंक्रीट की ढलाई की जा रही है। गुरुवार को पिलर संख्या 23, 24, 26 व 27 पर कार्य किया गया। निर्माण एजेंसी द्वारा लोहे की सरिया का जाल बांधकर पियर कैप के लिए शटरिंग की गई, जिसमें कंक्रीट डाला गया। यह कार्य सुबह से शाम तक लगातार जारी रहा। निर्माण गति बढ़ने से परियोजना समय से पहले पूरी होने की संभावना है, लेकिन इसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने लगी है। मरहला चौराहा से गुजरने वाला यातायात दिनभर प्रभावित रहने से लोग परेशान रहे।

**आयोजन** विकास भवन सभागार में कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को सफलता प्राप्त करने हेतु किया प्रेरित

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह। अमृत विचार


मेधावी को सम्मानित करते जिलाधिकारी व मोहान विधायक बृजेश रावत। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में जिले के हाईस्कूल व इंटर परीक्षा वर्ष-2025 के टॉप-10 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह जन प्रतिनिधियों, जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य की सफलता के उद्देश्य का निर्धारण करते हुए सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं व अभिवावकों से सीधी बातचीत भी की। विधायक मोहान बृजेश रावत ने भी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त परमात्मा शरण प्रथानाचार्य राजकीय इंटर कालेज उन्नाव, अजब सिंह प्रधानाचार्य अटल बिहारी इंटर कालेज उन्नाव व रुचि श्रीवास्तव प्रधानाचार्या रानी शंकर सहाय बालिका इंटर कालेज आदि ने सहयोग प्रदान किया।

**मुख्यमंत्री ने आस्था पटेल व जिले के 10 टॉपर को किया सम्मानित, उन्नावः** जिले में आस्था पटेल छात्रा पतिराजा महिपाल इंटर कालेज घाटमपुरखुर्द को प्रदेश में चौथा स्थान लाने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 1 लाख रुपये, एक टैबलेट, प्रशस्तिपत्र व मेडल प्रदान किया गया। जबकि जिले में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये, एक टैबलेट, प्रशस्तिपत्र व मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। जिले से हाईस्कूल में 6 मेधावी छात्र भगवन्तनगर विधानसभा, 2 मेधावी छात्र सदर, 1 मेधावी छात्र मोहान, 1 मेधावी छात्र पुरवा व 1 मेधावी छात्र सफीपुर विधानसभा से है। इसी प्रकार इंटर में 8 मेधावी छात्र भगवन्तनगर विधानसभा से, 1 मेधावी छात्र सदर, 1 मेधावी छात्र पुरवा व एक मेधावी छात्र सफीपुर विधानसभा से टॉपर रहे।

## सार-संक्षेप

### साक्षरता कार्यक्रम में किसानों को किया गया जागरूक


किसानों को खेती-किसानी संबंधी जानकारी देते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिला विकास प्रबंधक कार्यालय उन्नाव एवं नाबार्ड के तत्वावधान में कृषक सेवा सहकारी समिति लि. बिछिया में सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अग्रणी बैंक शाखा प्रबंधक आर.के. गौतम रहे। डीडीएम नाबार्ड सुमित पटेल ने सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए किसानों से इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। गौतम ने किसानों को बैंकिंग योजनाओं व वित्तीय अधिकारों की जानकारी दी। डीजीएम सहकारिता पुनीत चौधरी ने डिजिटल ठगी से बचाव के उपाय बताए। बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय सलाहकार बी.एन. शुक्ला ने साइबर क्राइम व बीमा योजनाओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में संजय सिंह, चित्रा, रामदेव लोधी, आशीष, संदीप दीक्षित सहित आधा सैकड़ा किसान उपस्थित रहे। एवोक इंडिया फाउंडेशन के राकेश कुमार, वरुण तिवारी, अंशल चंद्रवी और किरण यादव ने किसानों को पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेवाई, एपीवाई, एसएसवाई, मुद्रा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ उठाने की अपील की।

### सरकार ईडी व सीबीआई का कर रही दुरुपयोगः शिव पांडे


सम्मेलन में मौजूद कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन शहर के अंबेडकर पार्क में किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व जनपदीय कोऑर्डिनेटर शिव पांडे ने कहा कि आज संविधान खतरे में है। संवैधानिक संस्थाओं ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने के लिए हो रहा है। सरकार की हामीकारी न करने वालों को अकारण जेल भेजा जा रहा है। इससे देश की नौनिहाल पीढ़ी का भविष्य खतरे में है। फ्रंटल संगठन के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा का जो दायित्व राज्य सरकारों को संविधान ने दिया है कि सभी को मुफ्त व अनिवार्य रूप से यह सुविधा प्राप्त हो। वह मिलती नहीं दिख रही है। निजी हाथों में स्वास्थ्य व शिक्षा को सौंप दिया गया है। सम्मेलन को शहर कोऑर्डिनेटर सचिन रावत, समीम खान, हनुमत सिंह, कमल तिवारी, सुभाष सिंह, सुयश बाजपेई आदि ने संबोधित किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गया प्रसाद कफनधारी ने राहुल गांधी की विचार धारा से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता गृहण की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने की। आभार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फैज फारूकी ने प्रकट किया। संचालन एडवोकेट अजय गौतम ने किया। ऋषि बाजपाई, दीपेंद्र सिंह, महेश प्रजापति, जावेद कमाल, आशुतोष शर्मा, मयंक बाजपाई, पुत्तीलाल वर्मा, राकेश अग्निहोत्री, मंसूर खान आदि मौजूद रहे।

### 13 से शुरू होगी अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग 13 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू होगी। जिसमें जिले के करीब 60 पंजीकृत खिलाड़ियों को चार प्रमुख टीमों आइडियल क्लब, पीकेसी क्लब, इंटरनेशनल क्लब व शास्त्री क्लब में विभाजित किया गया है। शुक्रवार को प्रतियोगिता का पहला मैच शास्त्री क्लब व इंटरनेशनल क्लब के बीच सुबह 7 बजे से होगा।

### उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग का पुतला जला जताया विरोध

**औरास, अमृत विचार :** क्षेत्र के गागन गांव में विद्युत उपभोक्ताओं ने लो-वोल्टेज की समस्या के चलते हाजीपुर गोशा पावर हाउस में कई बार शिकायत की। लेकिन समस्या का निदान नहीं निकला। जिससे परेशान लोगों ने गुरुवार को विद्युत विभाग का पुतला जलाकर नारेबाजी कर नाराजगी जताई। साथ ही सभी ने विभाग के अफसरों से व्यवस्था ठीक कराने की मांग भी की। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता मौजूद रहे।

### विधि छात्रों व प्रशिक्षु अधिवक्ताओं का किया स्वागत

**उन्नाव, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ल ने कानपुर के अधिवक्ता अमित सिंह के साथ पहुंचे 61 युवा अधिवक्ताओं का अपने चैंबर में अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने विधि छात्रों का मुंह भी मीठा कराया। पूर्व अध्यक्ष ने प्रशिक्षु अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने वकालत जैसे आदर्श पेशे को चुनकर समाज में न्याय दिलाने का संकल्प लिया है। यह सराहनीय कार्य है। कहा कि आज के समय में भ्रष्टाचार व अराजकता बढ़ी है। गरीबों व वंचितों की सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

### योजना के तहत बांटे जाते हैं स्मार्टफोन व टैबलेट

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को तकनीकी सशक्तीकरण हेतु टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की है। इस योजना को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के नाम से संचालित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य है कि युवाओं को नेतृत्व क्षमता देने के लिए जरूरी संसाधन व अवसर प्रदान किया जायें। जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत उच्च-उच्चतर शिक्षण संस्थाओं स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल व नर्सिंग आदि के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बिना पंजीकरण के लाभान्वित किया जाता है। प्रदेश की परिधि में आने वाले केंद्रीय विश्व विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी बिना पंजीकरण के लाभान्वित किया जाता है। लाभार्थियों का डिजीशक्ति पोर्टल पर डाटा अपलोड व सत्यापन की त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। लाभार्थियों को टेबलेट व स्मार्टफोन संबंधित जिले के शिक्षण संस्थान के माध्यम से वितरित किया जाता है।

### दो दिन पूर्व बेहोश मिले वृद्ध ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे पर बीते मंगलवार एक अज्ञात वृद्ध बेहोश पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सरकारी अस्पताल ले गई थी। चिकित्सक के रेफर करने के बाद इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे पर दुकानदारों ने बीते मंगलवार एक 60 वर्षीय वृद्ध को बेहोश पड़ा देखा था। नागरिकों की सूचना पर पहुंची कस्बा चौकी पुलिस ने एंबुलेंस से उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा था और उसकी सोशल मीडिया के जरिए शिनाख्त कराने का भी प्रयास किया था। किंतु उसका कोई परिजन अस्पताल नहीं पहुंचा। अंततः चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल शिनाख्त के लिये पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

### बच्चों से कार्य कराने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोध दिवस पर आईआईए सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मनीष निगम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। बालश्रम के कारण व उनके निवारण पर परिचर्चा विभिन्न वक्ताओं द्वारा की गई। जिले में बालश्रम के उन्मूलन की दिशा में बालश्रम कराने वाले माता-पिता व अभिभावकों को संवेदनशील बनाने हेतु प्रेरित किया गया और जिले के सभी कारखानों, दुकानों व ढाबों आदि के सेवायोजकों द्वारा बच्चों से काम कराने पर दण्डात्मक कार्यवाही के विषय में सहायक श्रमायुक्त ने विस्तार से अवगत कराया। सहायक श्रमायुक्त ने बालश्रम अधिनियम के उपबन्धों के विषय में बताते हुये उपस्थित अतिथियों से अपेक्षा की कि कहीं भी बाल श्रमिक कार्य करते मिलने पर बाल श्रमिक को तुरंत अवमुक्त कराने की कार्यवाही में सहयोग करें। अध्यक्ष व्यापार मंडल ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा पूर्व से ही व्यापारियों से निरन्तर संपर्क कर बालश्रम उन्मूलन की दिशा में प्रयास किया जाता है। गोष्ठी में मौजूद प्रतिभागियों द्वारा संकल्प लिया गया कि जिले से बालश्रम उन्मूलन की दिशा में निरन्तर प्रयास कर इसे समाप्त किया जायेगा। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी निलेश दीक्षित, इंदिवर जोशी, राधेश्याम सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय मिश्रा, जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल रजनीकांत श्रीवास्तव, अध्यक्ष सीडब्लूसी शैलेश यादव, मो. आलम, दशरथ राम व सुषमा यादव आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 13 जून 2025

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81691.98 | 24888,20 |
| गिरावट | 823.16 | 253.20 |
| प्रतिशत में | 1.00 | 1.01 |

## एक नजर

### ओला के कृत्रिम ने अपना एआई असिस्टेंट कृति पेश किया

**नई दिल्ली।** ओला समूह की एआई इकाई कृत्रिम ने गुरुवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट कृति पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.5 % की कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रेपो आधारित कर्ज पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती से रेपो दर से जुड़े घर, कार, शिक्षा और अन्य खुदरा कर्ज सस्ते होंगे।

# प. एशिया में तनाव, सेंसेक्स 823 अंक टूटा

## निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है।

### निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,282 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# भारत, यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**



- उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा, महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। विषय-वस्तु के संदर्भ में, मैं कहूंगा कि हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, देश जब तक यह नहीं समझते कि व्यापार में अत्यधिक विनियमन एवं बाधाओं का जवाब, जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा तब तक सभी को नुकसान होगा। हम विनियमन को समाप्त करने, विनियमन की उच्च लागत, इन विनियमों के कारण उत्पन्न होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं और मुक्त व्यापार में आने वाली बाधाओं का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विश्वसनीय साझेदारों के साथ लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ गुणवत्ता मानकों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश) को क्रियान्वित कर रहा है। गोयल ने कहा कि घरेलू व आयातित वस्तुओं के लिए नियम, मानक तथा प्रक्रिया समान हैं और भारत घरेलू विनिर्माताओं एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करता है।

# भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में ला सकता है बड़ा बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), एजेंसी**



- डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने दी जानकारी

डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिसने देश को अधिकतर अन्य देशों से आगे रखा है।

डेटाब्रिक्स डेटा + एआई समिट 2025' पर बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने घोडसी ने कहा कि भारत ऐसे समय में उन्नति कर रहा है जब कई अन्य क्षेत्रों एवं देशों में मंदी एक चिंता का विषय है। घोडसी ने भारत के बारे में द्वारा पूछे गए एक सवाल पर कहा, पिछले दशक में भारत ने व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचा खड़ा किया है जो एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे यहां या दूसरे देशों में भी ऐसा नहीं है। भारत अब दुनिया के अधिकतर दूसरे देशों की तुलना में डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आगे है।

# छह साल के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- खाद्य कीमतों में नरमी से मई में 2.82 प्रतिशत पर आई

सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी आने से मई महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के समान महीने के 8.69 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा, मई, 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं इसके उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं इसके उत्पादों, घरेलू सामान और सेवाओं, चीनी एवं कन्फेक्शनरी और अंडे की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।

### भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय ईवी विनिर्माताओं के आने का अनुमान है। जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

# कोल इंडिया के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड जुलाई से होगा लागू

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया है जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा। निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में अपने कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया।

जुलाई से पुरुष कर्मचारी गहरे नीले रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनेंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को हल्के आसमानी रंग का कुर्ता तथा गहरे नीले रंग की सलवार व दुपट्टा या गहरे नीले रंग के बॉर्डर वाली हल्के आसमानी रंग की साड़ी व गहरे नीले रंग का ब्लाउज पहनना होगा।

# ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूईएफ की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7%हो गया है। जबकि अधिकांश संकेतक मूल्य समान रहे हैं, अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई।



# महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है।



नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम - को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के जीडीपी की वृद्धि में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन की आठ प्रतिशत और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की 12 प्रतिशत थी।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दो लाख साइबर हमलों को विफल किया: मनोहर लाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां- साइबर हमले या साइबर अपराध- जैसे नए खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है। वह भाजपा-नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# सोनम के मायके के बाहर सन्नाटा, पड़ोसी भी चाहते हैं दोषियों को मिले सजा-ए- मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके की एक संकरी गली में सोनम रघुवंशी के मायके के उस घर के बाहर इन दिनों सन्नाटा पसरा है जो महीना भर पहले रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच शादी की रौनक से गुलजार था। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। चश्मदीदों ने बताया कि देश भर में चर्चा का केंद्र बने इस मामले में सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके मायके के घर का दरवाजा अधिकांश समय बंद रहता है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद सोनम के मायके के आस-पास रहने वाले लोगों को शुरुआत में हैरानी हुई। हालांकि, जैसे-जैसे इस मामले की परतें खुलती जा रही हैं, इस वारदात को लेकर उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोनम के परिवार को पिछले कई बरस से जानने वाले विनोद श्रीवास्तव ने कहा,राजा रघुवंशी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। रघुवंशी हत्याकांड की जो कहानी सामने आई है, उससे हमारे इलाके का नाम खराब हुआ है।

मैं चाहता हूं कि इस मामले के सभी दोषियों को सजा-ए-मौत दी जाए ताकि आइंदा कोई ऐसे जुर्म को अंजाम देने की जुर्रत न कर सके। श्रीवास्तव ने बताया, मैं सोनम को बचपन से देखता आ रहा हूं। मुझे वह एक आम व्यक्ति की तरह ही लगी, पर यह कोई कैसे जान सकता है कि किसी महिला के मन में क्या चल रहा है?

**अभिनेता ने ली सेल्फी**



बेंगलुरु में बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जागरूक करने और संयुक्त राष्ट्र नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सेल्फी ली। एजेंसी

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पिछले तीन दिन में दो महिला नक्सली समेत तीन इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है।

# पुलिस पर टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को किया बरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था।

सांसद -विधायक अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया। फैसले में कहा गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे।

# आरएसएस नेता की हत्या मामला : एनआईए ने एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों द्वारा केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित मामले में एक और आरोपी के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के एर्णाकुलम स्थित विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में रफीक एम एस पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में 64वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए ने कहा गया है कि हत्या की साजिश 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के एजेंडे का हिस्सा थी। अब तक इस मामले में 71 आरोपियों की पहचान कर ली है।

# बेंगलुरु भगदड़: हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख और तीन अन्य को रिहा करने के दिए निर्देश

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी 'डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' के शमंत एनपी माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने गिरफ्तार किये गये लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने 11 जून को दलीलें सुनने के बाद सोसले की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोसले और अन्य याचिकाकर्ता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने नौ जून को सोसले और गिरफ्तार अन्य तीन लोगों को स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया और नौ दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करते हुए मामले की सुनवाई को टाल दिया था।

# एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले एनसीसी सदस्यों को राजनाथ ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एवरेस्ट पर्वत शिखर पर चढ़ाई करने और वहां सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाले एनसीसी के अभियान दल के सदस्यों को गुरुवार को सम्मानित किया। दस एनसीसी कैडेट (पांच पुरुष और पांच महिला), चार अधिकारी, जूनियर कमीशन प्राप्त दो अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारियों ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। रक्षामंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मानित किया।

# मीठी नदी सफाई घोटाला: डिनो मोरिया ईडी के समक्ष हुए पेश

**मुंबई, एजेंसी**

- 65 करोड़ के घोटाले के मामले में की गई पूछताछ

बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी की सफाई से जुड़े 65 करोड़ रुपये के घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुए।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए मोरिया को तलब किया था और वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने पूर्व में बताया था कि ईडी ने छह जून को मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इन परिसरों में बांद्रा (पश्चिम) इलाके में डिनो मोरिया का घर, उनके भाई सैंटिनो से जुड़े परिसर, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के परिसर शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी को गाद निकालने के उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल 'मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' कोच्चि में स्थित है इसलिए वहां छापेमारी की गई।

# बिहार में ग्राम प्रधान मनरेगा के तहत 10 लाख तक योजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को घोषणा की है कि मुखिया (ग्राम प्रधान) अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक मुखिया मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकते थे। मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों के भत्ते और अन्य लाभों में भी पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की।

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर



रविंद्र जडेजा

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।



कुलदीप यादव

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

**बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी**



● भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में

**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप ड्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।



लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुईं। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 138 रन पर ढेर

**आईएसएसएफ विश्व कप**

**लंदन, एजेंसी**

कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में चाय तक दो विकेट 32 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 106 रन तक पहुंचाई।

कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (06) और कैमरन ग्रीन (00) के विकेट गंवा दिए हैं। चाय के विश्राम के समय सलामी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन 16 जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर खेल रहे थे। ख्वाजा को कागिसो रबाडा (15 रन पर दो विकेट) ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया जबकि ग्रीन ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आसमान के छाए बादलों के बीच सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े और बावुमा (36) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाकर वापसी की कोशिश की। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 43 रन से की। बावुमा ने स्टार्क पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि बेडिंघम ने भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। बावुमा ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौका मारने के बाद कमिंस की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन फिर कवर्स में लाबुशेन को कैच दे बैठे।





ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा को आउट करने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

● **ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए, कुल बढ़त 106 रन की हुई**

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी**

**138/10** (57.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| तेम्बा बावुमा का लाबुशेन बो कमिंस | 36 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| डेविड बेडिंघम का कैरी बो कमिंस | 45 |
| काइल वेरेने पगबधा बो कमिंस | 13 |
| मार्को यानसेन का एवं बो कमिंस | 00 |
| केशव महाराज रन आउट | 07 |
| कागिसो रबाडा का वेबस्टर बो कमिंस | 01 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 13-3-41-2, हेजलवुड 15-5-27-1, कमिंस 18.1-6-28-6, लियोन 8-3-12-0, वेबस्टर 3-0-20-0

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन



**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज़ का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।

# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

● **अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले**

● **भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है**

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

# विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज़ और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● **50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता**

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राहुल बोस। ● एजेंसी

● **राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव**

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। बोस ने कहा हमारा खेल सबसे गरीब लोगों द्वारा खेला जाता है। हमारे राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने वाले खिलाड़ी 60,000 से एक लाख रुपये तक कमाते हैं। ऐसे में अगर तीन लाख रुपये तक की सालाना कमाई कर पा रहे हैं तो छोटे शहरों या गांव में इससे आजीविका चल सकती है। बोस ने बताया, ''मैं यह बिल्कुल नहीं कह रहा हूं कि यह रकम पर्याप्त है। हमें उनके हाथों में जितना संभव हो उतना पैसा देने की जरूरत है।

रग्बी इंडिया के प्रमुख इस बात से खुश हैं कि देश में 1600 से अधिक पंजीकृत खिलाड़ियों में से उनका महासंघ बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को वित्तीय रूप से मदद करने की स्थिति में है।

# जोरदार धमाका... विमान के उड़े परखचे, सड़क पर बिखर गईं लाशें

## विमान गिरने से तहस-नहस हुआ मेडिकल कॉलेज का आवासीय परिसर, कई हिस्सों में लगी आग

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए टेकऑफ करते ही चालक दल को एहसास हो गया कि विमान और उसमें सवार यात्री गंभीर खतरे से घिर गए हैं। फौरन एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रक) को आपात संदेश भेजा गया, लेकिन कुछ करने लायक समय नहीं बचा था। कुछ ही पलों के अंदर विमान नीचे आते-आते बीजे मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराया। जोरदार धमाके के साथ विमान के परखचे उड़ गए। इसी के साथ विमान में बैठे यात्रियों की लाशें सड़क पर इधर-उधर बिखर गईं।

विमान के गिरने के बाद मेडिकल कॉलेज की इमारत से आग की लपटों के बीच काले धुएं के गुबार उठने लगे। मौके पर मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। कहीं कोई जला शव पड़ा था तो कहीं किसी यात्री के शरीर के टुकड़े हो गए थे। विमान दुर्घटना के बाद बचाव के लिए प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय होने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की गई लेकिन काफी देर तक एक भी जीवित यात्री की तलाश कामयाब नहीं हो सकी।


घटनास्थल पर पीड़ित परिवार की सदस्य।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सकों के आवासीय परिसर पर गिरा। उन्होंने कहा, वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल चिकित्सकों के आवास के तौर पर होता है। वहां रहने वाले कई लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद इमारतों में भी आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि परिसर में खड़ी कई कार और वाहन भी आग की चपेट में आ गए। अग्निशमन दल के पहुंचने तक इमारतों और वाहनों से लपटें उठती रहीं।

### टेक ऑफ करते ही पायलट ने की मेडे कॉल बैक किया तो नहीं दिया जवाब

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान के पायलट ने हादसे से ठीक पहले अति आपात संदेश (मेडे कॉल) अहमदाबाद एटीसी को भेजा था। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए के बयान के मुताबिक इसके बाद एटीसी की ओर से की गई कॉल पर विमान के पायलट की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी की कॉल का पायलट ने कोई जवाब नहीं दिया।

**मुख्य पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल को था 82,00 घंटों का अनुभव**

**को पायलट क्लाइव कुंदर भी 11,00 घंटे की भर चुके थे उड़ान**

### क्या है मेडे कॉल...

मेडे का मतलब होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है और उसे आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को आपात स्थिति में तीन बार मेडे बोलने को कहा जाता है। मेडे का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि अगर पायलट सीधे बता दे कि विमान में कोई गंभीर दिक्कत है तो यात्रियों में डर फैल सकता है।


हादसे के बाद घटनास्थल पर युद्धस्तर पर बचाव कार्यों में जुटे राहत कर्मी।


विमान के टकराकर गिरने के बाद कई इमारतों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।


घटनास्थल पर टूटा पड़ा बोइंग विमान का एक पहिया।

### घटनास्थल का खौफनाक मंजर...


विमान हादसे में मारे गए एक यात्रा का शव ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।


हादसे के बाद घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

### पहले भी हो चुके कई विमान हादसे

- 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। एक विमान सऊदी एयरलाइंस और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस का था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई ।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

## बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह और बीएसएफ की दो टीम पहुंची

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने बाद मौके पर बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह टीम और बीएसएफ की दो टीम मौके पर भेजी गई हैं।

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल की दो टीम अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जबकि चार अन्य टीम भी वहां पहुंच रही हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के फ्रंटियर मुख्यालय से दो टीम भी दुर्घटना स्थल पर भेजी गई हैं। हवाई अड्डे को सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ के जवान, स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने वाले शुरुआती बचावकर्मियों में शामिल हैं।

- **सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान भी बचाव के लिए मौके पर पहुंचे**

### अहमदाबाद और दिल्ली में बनाए गए नियंत्रण कक्ष

**नई दिल्ली।** सहायता कार्यों की निगरानी और समन्वय के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। दुर्घटना संबंधी विवरण के लिए 011-24610843, 9650391859 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अहमदाबाद में नियंत्रण कक्ष का नंबर 9978405304 / 079-23251900 है। हवाई अड्डे पर हेल्पलाइन 9974111327 स्थापित किया गया है। एअर इंडिया का यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 है। 011-24610843/9650391859 पर दिल्ली नियंत्रण कक्ष तथा परिचालन नियंत्रण कक्ष अहमदाबाद से 9978405304/079-23251900 पर संपर्क किया जा सकता है।

### हादसे के बाद ब्रिटिश उच्चायोग सक्रिय

नई दिल्ली। विमान हादसे के बाद भारत स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि वह तथ्यों का तत्काल पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। विमान के 242 यात्रियों में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। ब्रिटिश उच्चायोग ने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कहा, हमारी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो प्रभावित हुए हैं।

### बोइंग कंपनी के शेयर हुए धड़ाम

**वाशिंगटन।** विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के विमान के हादसे का शिकार होने की खबर आने के बाद कंपनी के शेयर बाजार खुलने से पहले के कारोबार में करीब नौ प्रतिशत लुढ़क गया। बोइंग ने कहा कि वह एयर इंडिया के बेड़े में शामिल अपने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

### देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए गुरुवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### विमान हादसे का दृश्य भयावह : स्टॉर्मर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया है। इस विमान में 53 ब्रिटिश नागरिक भी सवार थे। स्टॉर्मर ने कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

# इरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल

## अमेरिका खुफिया एजेंसी का अलर्ट, इजरायल कर चुका है सैन्य अभियान की पूरी तैयारी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी।

- **अमेरिका ने अपने कर्मचारियों को दूतावास छोड़ने का आदेश दिया**

गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगे और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट के सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल ई. कुरिल्ला की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरान: आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है । इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुन: लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक सुरक्षित स्थान पर एक नयी संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## ईरान और अमेरिका वार्ता का छठा दौर रविवार को

**मस्कट।** ओमान ने गुरुवार को घोषणा की कि वह रविवार को यहां अमेरिका और ईरान के बीच छठे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की मेजबानी करेगा। ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ओमान की मदद से ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के संदर्भ में गत अप्रैल से अब तक मस्कट में तीन और रोम में दो अप्रत्यक्ष वार्ता आयोजित की गयी है। हाल के दिनों में अमेरिकी प्रशासन ने ईरान यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से बंद कर देने की बार-बार मांग की है जिसे ईरान ने दृढ़ता से खारिज कर दिया है।

# लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें जारी, कई गिरफ्तार

लॉस एंजिलेस, एजेंसी

अमेरिका के लॉस एंजिलेस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे तक एक हेलिकॉप्टर निषिद्ध क्षेत्र के ऊपर मंडराता रहा, जहां प्रदर्शनकारी कर्फ्यू के बावजूद रैली कर रहे थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।


एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

गौरतलब है कि सात जून को दंगे उस समय भड़के, जब अमेरिकी आव्रजन और आईसीई ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए बड़े अभियान के तहत छापेमारी शुरू की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पें राज्य के लिए संभावित संघीय निधि कटौती की रिपोर्ट के बीच भड़की। बाद में व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि दो हज़ार नेशनल गार्ड सैनिक शहर में प्रवेश करेंगे।

## मुंबई में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के परेल इलाके की एक सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्ड को तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया । अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा गार्ड ने सोसायटी में रहने वाली तीन लाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। दो लड़कियों की उम्र 11 वर्ष और एक की 10 वर्ष है। बाद में पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसने पहले भी नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की थी। इस संबंध में भोईवाड़ा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गयी जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सुरक्षागार्ड के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 और कई संबंधित धाराओं सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत

कीव, एजेंसी

रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

खारकीव शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि रूसी ड्रोन ने आवासीय जिलों, शैक्षिक सुविधाओं और अन्य नागरिक बुनियादी अवसंरचना को निशाना बनाया। रूसी सेना ने हाल के दिनों में ड्रोन और मिसाइल से कई बार हमले किए हैं।

# अफगानों को सामान पैक करने के लिए 45 मिनट

तोरखम (अफगानिस्तान), एजेंसी

- **पाकिस्तान ने बिना मोहलत दिए भारी संख्या में विदेशियों को किया निर्वासित**

आदेश स्पष्ट और निर्विवाद था, लेकिन समयसीमा चौंकाने वाली थी। 'आपको केवल 45 मिनट में अपना सामान पैक करना है और हमेशा के लिए पाकिस्तान को छोड़ देना है।'

ईंट की फैक्ट्री में नौकरी करने वाला 42-वर्षीय अफगान शेर खान अपनी नौकरी के बाद घर आया। उसने दरवाजे पर सादे कपड़ों में खड़े पुलिसकर्मी को देखा। वह सोच रहा था कि एक घंटे से भी कम समय में वह कैसे सबकुछ समेट सकता था और अपने जन्म के देश को छोड़ सकता था। उसने अपने सुखद जीवन के लिए जो कुछ भी बनाया था, पलक झपकते ही वह सब उससे छीन लिया गया। उसने एवं उसकी पत्नी ने अपने और अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान तथा कुछ कपड़े लिए और बाकी सब कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने घर पर छोड़ कर चले गए।

पाकिस्तान में जन्मे शेर खान उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर अक्टूबर 2023 में शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के कारण अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि लाखों लोग अब भी वहां रह रहे हैं और वह चाहता है कि वे लोग चले जाएं।

अफगान सीमा के पार तोरखम में धूल भरे शरणार्थी शिविर में खड़े शेर खान ने कहा, हमारा सब कुछ तो पीछे छूट गया। हमने (वर्षों से) उन चीज़ों को इकट्ठा करने की बहुत कोशिश की, जो हमारे पास सम्मान के साथ थीं। यह शिविर निष्कासित शरणार्थियों के लिए पहला पड़ाव था। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में अफगानों के यह देश छोड़ने या निर्वासन के लिए कई समय सीमाएं तय की थीं। अफगान नागरिक कार्डधारकों को 31 मार्च तक राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर छोड़ना था, जबकि पंजीकरण प्रमाण वाले लोग 30 जून तक रह सकते थे।